आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान

23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.31 | सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 12:50 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 2 मई 2026, वर्ष 4, अंक 255, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट की मांग खारिज

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ कथित नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इन नेताओं के बयानों से कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है।मामला : यह मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिए गए भाषणों से जुड़ा है। माकपा नेता वृंदा करात और के. एम. तिवारी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज करने से इनकार करने के निर्णय को सही ठहराया था। शीर्ष अदालत ने माना कि उच्च न्यायालय का आकलन सही था और इसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

### तेलंगाना: फार्मा फैक्ट्री में ब्लास्ट, एक कर्मचारी की मौत

**हैदराबाद।** नालगोंडा जिले में शुक्रवार को एक दवा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 5 कर्मचारी झुलस गए और एक की मौत हो गई। हादसा चित्याल के पास स्थित प्लांट में उस समय हुआ जब कर्मचारी काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में विस्फोट का कारण संयंत्र में अत्यधिक दबाव बनना लग रहा है। जिस समय धमाका हुआ, प्लांट में कुल आठ लोग मौजूद थे। झुलसे हुए लोगों में से पांच कर्मचारी 10 से 15 प्रतिशत तक जले हैं।

# मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार काम तमाम करेगी : मुख्यमंत्री

## शोषण या मजदूरी में कटौती बर्दाश्त नहीं, यूपी में विकसित होगा सख्त निगरानी तंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दो टूक कहा कि काम किया है तो दाम भी मिलना चाहिए। अगर कोई मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी । उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों के शोषण या मजदूरी में कटौती को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के आईजीपी में आयोजित "श्रमवीर गौरव समारोह 2026" में श्रमिक कल्याण एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास समेत उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों और अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और टैबलेट देकर सम्मानित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार से जुड़े कई बड़े फैसलों और योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार हर श्रमिक परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब श्रमिक वर्ग सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होगा। बताया कि 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी जोड़ने का लक्ष्य है। कहा कि औसतन एक परिवार में पांच सदस्यों के आधार पर यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा देगी, जबकि सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 1 करोड़ श्रमिक परिवारों (करीब 5 करोड़ लोगों) तक पहुंचाने का है।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' में अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी के प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

- 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान सुविधा, 15.83 लाख को जल्द जोड़ा जाएगा

### औद्योगिक विकास और श्रमिक हित साथ-साथ

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने चेताया कि जहां औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता है। सरकार नए वेज बोर्ड के गठन के जरिए श्रमिकों के वेतन, बीमा और अन्य सुविधाओं को और बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कवर देने की तैयारी है।

## घूसखोरी के मामले में राजस्व निरीक्षक को सजा

**अंबेडकरनगर।** रिश्वतखोरी के एक मामले में राजस्व निरीक्षक राम जियावन शर्मा को सात साल कैद की सजा सुनाई गई है। एंटी करप्शन कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें उन पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह एंटी करप्शन कोर्ट की स्थापना के बाद आया पहला फैसला है। विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट रजत वर्मा ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि दोषी राम जियावन शर्मा जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें 120 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन अधिकारी कृष्ण चंद्र वर्मा ने बताया कि यह मामला अंबेडकरनगर जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र से संबंधित है। बरामदपुर गांव निवासी शिकायतकर्ता मनोज मिश्रा ने अपनी दादी की भूमि के बगल के चक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पैमाइश का अनुरोध किया था। इसी कार्य के लिए राजस्व निरीक्षक शर्मा ने उनसे 2000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। मनोज मिश्रा ने 5 जून 2014 को उप जिलाधिकारी भीटी को प्रार्थना पत्र दिया था। उप जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को पुलिस टीम के साथ चक मार्ग की नाप करने का आदेश दिया। रिश्वत मांगे जाने पर मनोज मिश्रा ने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत दर्ज कराई। टीम ने 25 जून 2014 को राजस्वत निरीक्षक को रिश्वत की धनराशि के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

## ऊर्जा संकट का बड़ा प्रहार

# कमर्शियल सिलेंडर 993, पांच किलो वाला 261 रुपये महंगा

नई दिल्ली, एजेंसी/ अमृत विचार नेटवर्क

पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का सीधा असर अब भारतीय बाजार पर दिखने लगा है। शुक्रवार को सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 की ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की, जिससे 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर का दाम 3,071.50 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम भी 261 बढ़कर 810.50 हो गए हैं।

सरकार ने 33 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा है, वहीं दूसरी ओर तेल कंपनियों पर वित्तीय दबाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 50% बढ़ने के बावजूद खुदरा रेट न बढ़ने से कंपनियों को डीजल पर 18 और पेट्रोल पर 14 प्रति लीटर का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया कि देश के 80% पेट्रोलियम उत्पादों, जो आम आदमी से जुड़े हैं, उनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं कर उन्हें सुरक्षित रखा गया है।

| उत्पाद | नई कीमत (दिल्ली) | बढ़ोतरी |
| --- | --- | --- |
| कमर्शियल गैस (19kg) | 3,071.50 | + 993 |
| छोटा सिलेंडर (5kg) | 810.50 | + 261 |
| थोक डीजल | 149.00+ | + 12 |
| पेट्रोल / घरेलू गैस | बदलाव नहीं | |



- पश्चिम एशिया युद्ध से वैश्विक सप्लाई चेन ठप, 50% तक उछले कच्चे तेल के दाम
- सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुद सहा 18 प्रति लीटर तक का नुकसान

### क्यों गहराया संकट?

होर्मुज की बंदी : वैश्विक तेल परिवहन का मुख्य मार्ग पिछले तीन महीनों से बाधित है।युद्ध का प्रभाव : पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने सप्लाई चेन को तोड़ दिया है।रणनीति : सरकार कीमतों में वृद्धि को 'चरणबद्ध' तरीके से लागू कर रही है ताकि अर्थव्यवस्था पर अचानक बोझ न पड़े।

### एअरलाइंस को संजीवनी, दिल्ली के रेट स्थिर

विमानन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए घरेलू एटीएफ की दरें स्थिर रखी गई हैं। एअर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों ने पहले ही आगाह किया था कि लागत बढ़ने से उड़ानें अव्यवहारिक हो रही हैं। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 94.72 और डीजल 87.62 प्रति लीटर पर टिका हुआ है।

### केरल में होटल संगठन की राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा

**कोच्चि।** केएचआरए ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में छह मई को राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष जी. जयपाल ने कहा कि एलपीजी कीमतों में अनुचित बढ़ोतरी के विरोध में छह मई को राज्यभर के सभी होटल और रेस्तरां बंद रहेंगे।

### रेस्तरां का खाना 15% तक हो सकता है महंगा

**नई दिल्ली।** एफएचआरएआई का दावा है कि वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से होटल और रेस्तरां उद्योग पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है।

# मतगणना पर्यवेक्षकों पर छिड़ी कानूनी जंग: सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- सिर्फ केंद्रीय कर्मियों को ही गिनती की जिम्मेदारी देने का विरोध
- शीर्ष अदालत ने की शनिवार को सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच गठित

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के परिणामों से ठीक पहले 'मतगणना पर्यवेक्षकों' की नियुक्ति को लेकर घमासान तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मतगणना के लिए केवल केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को ही पर्यवेक्षक और सहायक नियुक्त करने की बात कही गई है।

4 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को तत्काल सुनवाई के लिए एक स्पेशल बेंच का गठन किया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जोयमलया बागची की पीठ इस याचिका पर विचार करेगी। इससे पहले, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य सरकार के कर्मियों को इस प्रक्रिया से बाहर रखने का विरोध किया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि यह निर्णय निर्वाचन आयोग के विशेषाधिकार के अंतर्गत आता है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। टीएमसी का कहना है कि राज्य के कर्मचारियों को पूरी तरह बाहर रखना और केवल केंद्रीय कर्मियों पर भरोसा करना निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। पार्टी ने बंगाल के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें प्रत्येक टेबल पर अनिवार्य रूप से कम से कम एक केंद्रीय कर्मचारी तैनात करने का निर्देश दिया गया था।

### बंगाल के दो विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर पुनर्मतदान आज

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के कुल 15 मतदेय स्थलों पर 2 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है। आयोग का यह फैसला 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान चुनावी अनियमितताओं की शिकायतों और पर्यवेक्षकों से मिली रिपोर्ट के बाद आया है। इसके तहत मगराहाट पश्चिम के 11 और डायमंड हार्बर के 4 बूथों पर शनिवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच दोबारा वोट डाले जाएंगे। भाजपा ने इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया था, जिसकी जांच विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता द्वारा की गई थी।

### मतगणना केंद्रों पर गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं : सीईओ

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है और ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीईओ का यह बयान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा पर सवाल उठाए जाने और वहां घंटों समय बिताने के एक दिन बाद आया है। अग्रवाल ने धांधली के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि सभी सात 'स्ट्रॉन्ग रूम' की चौबीसों घंटे सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जा रही है और इसकी वास्तविक समय की फुटेज बाहर से भी देखी जा सकती है। शहर में उपजे तनाव के मद्देनजर प्रशासन ने सभी मतगणना केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख के निर्देश पर कार्यकर्ता और उम्मीदवार उन केंद्रों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं जहां ईवीएम रखी गई हैं।

# सरकार पर लगाया दस लाख का हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ

## बिना कारण गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

बिना कारण बताए एक व्यक्ति की गिरफ़्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर दस लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने हर्जाने की यह रकम चार सप्ताह में याची को देने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि इस रकम को सरकार जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने याची की गिरफ़्तारी को अवैध ठहराते हुए उसे तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति मनोज कुमार की ओर से उसके पुत्र मुदित कुमार की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर पारित किया है। वहीं कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि अपर मुख्य सचिव गृह ने अपने शपथ पत्र में यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि याची को तीन माह से अवैध हिरासत में रखने के कारण राज्य सरकार पर क्यों न हर्जाना लगाया जाए। कोर्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि गृह विभाग के सबसे बड़े अधिकारी का यह हाल है तो समझा जा सकता है कि प्रदेश के अन्य अफसर किस प्रकार काम कर रहे हैं। मामले में याची मनोज कुमार को 27 जनवरी 2026 को उन्नाव जिले के आसीवन थाने में दर्ज एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। याचिका में का आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी के समय याची को कारणों की जानकारी नहीं दी गई, जो संविधान के अनुच्छेद 21 व 22(1) का उल्लंघन है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के मिहिर राजेश शाह व डॉ. राजिंदर राजन मामलों में दिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों को लिखित रूप में बताना अनिवार्य संवैधानिक दायित्व है। कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं लिहाजा मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया रिमांड आदेश भी अवैध गिरफ्तारी पर आधारित होने के कारण बने रहने योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि याची को तीन माह से अधिक समय तक अवैध रूप से जेल में रखा गया, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है।



# रोकी टोल वसूली : गंगा एक्सप्रेस-वे पर 15 दिन तक करें मुफ्त सफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को वाणिज्यिक परिचालन की तारीख से पहले 15 दिनों तक टोल-मुक्त रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले के बाद अब यात्री बिना किसी शुल्क के प्रदेश के सबसे लंबे और अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव ले सकेंगे।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीडा ने निर्माण कंपनियों आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तत्काल प्रभाव से 15 दिनों तक टोल संग्रह स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं।राजस्व की भरपाई करेगी सरकारपीपीपी मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे में कंपनियों को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार है। हालांकि, शुरुआती 15 दिनों में होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार या यूपीडा द्वारा अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

उप्र की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर'मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'पासा पलटने वाला' माना जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि टोल छूट के माध्यम से अधिक से अधिक लोग इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू हो सकें। यूपीडा ने स्पष्ट किया है कि टोल-फ्री अवधि के दौरान भी परिचालन और रखरखाव से संबंधित सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।



- मुख्यमंत्री ने परिचालन शुरू होने से पहले दो हफ्ते टोल टैक्स वसूली पर लगाई रोक

## राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज कराने की याचिका खारिज

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की पीठ ने सिमरन गुप्ता द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

मामला: याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी द्वारा 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन पर दिए गए बयान को 'देशद्रोही' बताते हुए संभल की अदालत में शिकायत की थी। निचली अदालत द्वारा अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने 8 अप्रैल को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे शुक्रवार को सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

- पेज दो भी पढ़े।

पहल | मई से श्रावस्ती में होगी शुरुआत, ग्राम पंचायत स्तर पर खुलेगी चौपाल

# संध्या संवाद से गांव-गांव पहुंचेगी सरकार की बातें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देवीपाटन मंडल में 'संध्या संवाद कार्यक्रम' की शुरुआत आठ मई से की जा रही है। इसकी शुरुआत श्रावस्ती की चयनित ग्राम पंचायत से होगी। जहां खुली चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाएंगी, मौके पर ही उनका निस्तारण किया जाएगा। योगी सरकार इस मॉडल को सभी मंडलों में अपना सकती है।

देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

कार्यक्रम के तहत गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर की ग्राम पंचायतों में संवाद स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण सीधे प्रशासन से जुड़ सकें। कार्यक्रम के दौरान एक दिवसीय विशेष शिविर भी लगाया जाएगा, जहां पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा। प्रमाणपत्र वितरण भी उसी दिन किया जाएगा, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



- मौके पर समाधान व लाभ वितरण, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

### दोपहर तक जनसुनवाई, शाम को खुली चौपाल

आठ मई को श्रावस्ती में सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई होगी। इसके बाद दोपहर 12 से 1 बजे तक कर्मचारियों और पेंशनरों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक निर्माणाधीन और पूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। शाम 5 से 7 बजे के बीच चयनित ग्राम पंचायत में "संध्या संवाद" के तहत खुली चौपाल आयोजित होगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि जमीनी समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान भी संभव होगा।

### मौके पर रिकार्ड के साथ आएंगे अफसर

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ मौके पर उपस्थित रहें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी मौके पर ही वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इस पहल को प्रशासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है, जिससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान होगा बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की भी पहचान की जा सकेगी।

### अन्य जिलों में भी लागू हो सकता मॉडल

संध्या संवाद कार्यक्रम को सफल होने पर प्रदेश के अन्य मंडलों और जिलों में भी लागू किया जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर सीधा संवाद स्थापित कर योजनाओं का लाभ देना शासन की प्राथमिकताओं को तेजी से पूरा करने में सहायक होगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, शिकायतों का समयबद्ध समाधान होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 'हायर एंड फायर' व्यवस्था से श्रमिकों में असुरक्षा बढ़ी



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि वर्तमान में आउटसोर्सिंग, दैनिक वेतन और 'हायर एंड फायर' जैसी व्यवस्थाओं ने श्रमिकों के जीवन में असुरक्षा बढ़ा दी है, जिससे उनके परिवार, शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा और मई दिवस के अवसर पर कहा कि गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर लोगों के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाना ही सच्चा राजधर्म है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, इसे ही बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। मायावती ने कहा कि शिक्षा और आत्मविकास के माध्यम से ही देश महान बन सकता है।

### बच्चों के हाथ में किताब हो, औजार नहीं : त्यागी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोकी त्यागी ने बाल श्रम को देश के भविष्य के साथ समझौता बताते हुए इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि "बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिए", ताकि वे शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में त्यागी ने न्यूनतम मजदूरी के सख्त अनुपालन पर जोर देते हुए कहा कि आज भी कई स्थानों पर श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से बाल श्रम उन्मूलन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने श्रमिकों के सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में आयोजित 'बौद्ध महोत्सव' में देश-विदेश से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान गौतम बुद्ध की पवित्र अस्थि धातु के दर्शन किए। इंटरनेशनल बौद्धिस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया और जम्बू द्वीप बुद्ध विहार के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में भिक्षुओं, विद्यार्थियों और अनुयायियों की बड़ी भागीदारी रही। मूलगंध कुटी विहार में दर्शन के बाद निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जबकि धम्म देशना और विपश्यना के जरिए शांति व करुणा का संदेश दिया गया।

# पहले अंधेरा था, अब घर में उजाला...साझा की जिंदगी में बदलाव की कहानियां

## श्रमवीर गौरव समारोह में सीएम से सम्मान पाकर भावुक हुए श्रमिक, मेधावी छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह, लाभार्थी बोले- जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' के दौरान श्रमिकों और उनके मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए सम्मान और भावनाओं का विशेष अवसर बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सम्मानित होकर श्रमिकों और मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया और खुशी जताई।

राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों और अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और टैबलेट देकर सम्मानित किया। सीतापुर के श्रमिक मुन्नालाल सम्मान पाकर भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि पहले घर में अंधेरा रहता था और मिट्टी के तेल की डिबरी से काम चलता था, लेकिन अब बिजली, आवास और गैस कनेक्शन जैसी सुविधाएं मिल गई हैं।

### समय पर मजदूरी से बदली जिंदगी

बरेली के आकाश, जो ओमैक्स मेट्रो सिटी, कल्ली पश्चिम (रायबरेली रोड) में मिस्त्री के साथ हेल्पर के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि अब उन्हें समय पर मजदूरी मिलती है। इससे परिवार का भरण-पोषण सुचारु हुआ है और आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।

### महिला श्रमिकों ने जताया आभार

लखनऊ की श्रमिक प्यारी और सरस्वती ने कहा कि अब उन्हें काम के साथ आवश्यक सुविधाएं और समय पर भुगतान मिल रहा है, जिससे उनका जीवन पहले की तुलना में बेहतर हुआ है।

### छात्रों ने जताया गर्व, संजोए सपने

समारोह में अटल आवासीय विद्यालयों के कक्षा-10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रा अभिलाषा ने कहा कि मुख्यमंत्री से सम्मान पाना उनके लिए गर्व का क्षण है और वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।

### सम्मान से बढ़ा उत्साह : प्रधानाचार्य

अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल कांत मिश्रा और वाराणसी के प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह का सम्मान शिक्षकों और छात्रों दोनों का उत्साह बढ़ाता है।

# ढिलाई बर्दाश्त नहीं, 30 मई तक डी-सिल्टिंग पूरी करें : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने पेयजल, सिंचाई और राहत प्रबंधन को लेकर दिए सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूखा आशंका के बीच अलर्ट मोड में सरकार, हर जिले में 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश
- किसानों के हित सर्वोपरि, टेल एंड तक पानी पहुंचाने और वैकल्पिक इंतजाम पुख्ता करने पर जोर



अपने आवास पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर में पेयजल, सिंचाई और राहत प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी विभाग अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। 30 मई तक हर हाल में डी-सिल्टिंग पूरी करें।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी पेयजल संकट नहीं होना चाहिए। पाइप्ड जल योजनाओं के साथ टैंकर जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार रखी जाएं। साथ ही शासन से लेकर जनपद स्तर तक 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय रहें और नियमित सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और डीजीपी तक पहुंचती रहे।

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नहरों, तालाबों और पोखरों की डी-सिल्टिंग 30 मई तक हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल संचयन बढ़ेगा, बल्कि सिंचाई व्यवस्था भी मजबूत होगी। तालाबों से निकली मिट्टी को प्रजापति समाज और पारंपरिक कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि जल संरक्षण के साथ आजीविका के अवसर भी सृजित हों। गर्मी से बचाव के लिए अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और लू से निपटने की तैयारियां मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पशुधन के लिए पानी, चारा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### सूखा घोषित करने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने पूर्व में सूखा प्रभावित रहे 18 जिलों में विशेष निगरानी रखने और 15 जून से 30 जुलाई के बीच स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध तरीके से सूखा घोषित करने और राहत कार्य शुरू करने को कहा गया है।

### किसानों के लिए विशेष निर्देश

किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी नलकूपों को क्रियाशील रखने, समय पर मरम्मत और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टेल फीडिंग के जरिए अंतिम छोर तक सिंचाई पानी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न हो। अनुदानित बीज वितरण, फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# असहमति लोकतंत्र की आत्मा हर तीखी टिप्पणी देशद्रोह नहीं

## राहुल गांधी के विवादित बयान मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- कहा- मात्र आशंका, कल्पना या वैचारिक असहमति को आपराधिक अभियोजन का आधार नहीं बनाया जा सकता

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विवादित बयान के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में सरकार, नीतियों या राज्य की आलोचना स्वतः अपराध नहीं बन जाती। किसी वक्तव्य पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब वह वास्तव में अलगाववाद, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को प्रत्यक्ष रूप से खतरे में डालता हो। कोर्ट ने कहा कि मात्र आशंका, कल्पना या वैचारिक असहमति को आपराधिक अभियोजन का आधार नहीं बनाया जा सकता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने सिमरन गुप्ता की याचिका खारिज करते हुए की।

याचिका में संभल (चंदौसी) की अदालतों के उन आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिनमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग अस्वीकार कर दी गई थी। मामला 15 जनवरी 2025 को राहुल गांधी द्वारा दिए गए उस बयान से जुड़ा था, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि उनकी "लड़ाई" एक संगठन, एक राजनीतिक दल और भारतीय राज्य से है। इस बयान को राष्ट्रविरोधी बताते हुए याची ने 23 जनवरी 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत संभल की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में आवेदन देकर भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। हालांकि ट्रायल कोर्ट ने 10 फरवरी 2025 को आवेदन खारिज कर दिया, जिसे बाद में आपराधिक पुनरीक्षण अदालत ने भी 7 नवंबर 2025 को बरकरार रखा। मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत प्रदत्त एक मौलिक अधिकार है और इसे केवल अनुच्छेद 19(2) में वर्णित युक्तिसंगत प्रतिबंधों के दायरे में ही सीमित किया जा सकता है। कोर्ट ने रेखांकित किया कि असहमति का अधिकार एक जीवंत लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व है। विचारों का उत्तर विचारों से दिया जाना चाहिए, न कि आपराधिक मुकदमों से। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भाषण को अपराध सिद्ध करने का दायित्व शिकायतकर्ता पर है। उसे यह दिखाना होगा कि संबंधित वक्तव्य न केवल धारा 152 के आवश्यक तत्वों को पूरा करता है, बल्कि वह संवैधानिक संरक्षण के दायरे से भी बाहर है। इस मामले में याची न तो कथित बयान का पूरा संदर्भ प्रस्तुत कर सकी और न ही कोई ऐसा ठोस सामग्री दे सकी, जिससे यह स्थापित हो कि उक्त वक्तव्य ने अलगाववाद, विद्रोह या राष्ट्र की अखंडता के विरुद्ध कोई वास्तविक खतरा उत्पन्न किया। कोर्ट ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को नीतियों और विचारधाराओं के विरुद्ध मुखर होने का अधिकार है। राजनीतिक विमर्श में प्रयुक्त "लड़ाई" जैसे शब्दों का अर्थ हर बार शाब्दिक या हिंसक नहीं होता। अनेक बार यह वैचारिक प्रतिरोध, प्रखर वकालत या लोकतांत्रिक विरोध का प्रतीक होता है। सरकार की आलोचना और राजद्रोह के बीच की संवैधानिक रेखा को धुंधला नहीं किया जा सकता। विधि के अनुरूप समवर्ती निष्कर्ष दर्ज किए जाने और निचली अदालतों के आदेशों में कोई गंभीर त्रुटि या न्यायिक अतिक्रमण न पाते हुए कोर्ट ने अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप से इनकार कर दिया और याचिका को निरस्त कर दिया।

# गेहूं खरीद में देवरिया सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वांचल ने पश्चिम को छोड़ा पीछे प्रदेश में 6.10 लाख मीट्रिक टन की गेहूं खरीद
- डीबीटी से 1.15 लाख किसानों के खाते में 1318 करोड़ रुपये हुए ट्रांसफर

**अमृत विचार:** प्रदेश में रबी विपणन सत्र के दौरान गेहूं खरीद अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। खरीद में पश्चिम को पूर्वांचल के जिलों ने पीछे छोड़ दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जिला देवरिया गेहूं खरीद में सबसे आगे है।

गेहूं खरीद में पूर्वांचल के जिलों का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा है। देवरिया ने 55.82% खरीद के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा बस्ती, प्रतापगढ़, बलरामपुर और संतकबीरनगर भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों का भरोसा मजबूत किया है।

सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी है। अब तक 1,15,854 किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए 1318 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। इससे किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो रहा है और बिचौलियों की भूमिका खत्म हो रही है। प्रदेश भर के खरीद केंद्रों पर तौल, भंडारण और भुगतान की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हर केंद्र पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें और कोई भी किसान अपनी उपज लेकर लौटने को मजबूर न हो। निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया गया है ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे।

**बेमौसम बारिश के बीच राहत:** इस बार बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई। ऐसे में किसानों को नुकसान से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने राहत देते हुए 70% तक चमकविहीन और 20% तक सिकुड़ा या टूटा गेहूं बिना कटौती के खरीदने की अनुमति दी है।

### अजय राय की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती



**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की तबीयत शुक्रवार शाम अचानक बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, देर शाम उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। जहां, उनका इलाज चल रहा है। पार्टी प्रवक्ता अंशु अवस्थी के अनुसार, सोडियम स्तर कम होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष अपने आवास पर बेहोश हो गए, फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और विस्तृत मेडिकल जांच जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

# जेवर एयरपोर्ट : 15 जून से शुरू होंगी कामर्शियल उड़ानें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंडिगो की पहली उड़ान, पश्चिमी यूपी-एनसीआर को मिलेगा ग्लोबल गेटवे



**अमृत विचार:** उत्तर भारत के एविएशन सेक्टर में एक बड़ा बदलाव 15 जून से देखने को मिलेगा, जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट्स का संचालन शुरू हो जाएगा। इस शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक विश्वस्तरीय एविएशन गेटवे मिल जाएगा, जिससे यात्रा, व्यापार और निवेश की संभावनाएं नई ऊंचाई पर पहुंचेंगी।

यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क का अहम हिस्सा मानी जा रही है। एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल उड़ान इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके बाद आकाश एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी में हैं। उड़ानों के शेड्यूल और गंतव्यों की घोषणा जल्द की जाएगी।

एयरपोर्ट का संचालन प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से एयरोड्रोम सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिलने के बाद शुरू किया जा रहा है, जो इसकी सुरक्षा और संचालन मानकों की पुष्टि करता है।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस, कनेक्टिविटी का हब :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अत्याधुनिक टर्मिनल, स्मार्ट ऑपरेशन सिस्टम और मजबूत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया गया है। इसे यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न व वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों और कार्गो ऑपरेटरों को सहज कनेक्टिविटी मिलेगी। यह एयरपोर्ट न केवल दिल्ली-एनसीआर के एयर ट्रैफिक का दबाव कम करेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास, पर्यटन और रोजगार सृजन को भी नई गति देगा।

**ग्रीन और भविष्य उन्मुख परियोजना :** यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित यह ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट टिकाऊ डिजाइन और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है। वर्तमान में यह सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की क्षमता रखता है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 7 करोड़ से अधिक करने की योजना है।

**उपलब्धि** | प्रदेश में बीते 9 वर्षों में महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की नीतियों का जमीन पर दिख रहा असर

# महिला सुरक्षा पर सख्ती और त्वरित न्याय से आया सुधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुनवाई, चार्जशीट व सजा दर से न्याय प्रणाली में भी बदलाव



**अमृत विचार:** महिला सुरक्षा अब सिर्फ नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू व्यवस्था बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति से पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है।

पहले जहां महिला अपराधों के मामलों में देरी और कार्रवाई की कमी थी, वहीं अब त्वरित न्याय, सख्त पुलिसिंग और तकनीकी निगरानी के जरिए सुरक्षा तंत्र अधिक मजबूत हुआ है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखते हुए कई स्तरों पर ठोस कदम उठाए गए हैं। बीट पुलिसिंग, पिंक बूथ, एंटी रोमियो स्क्वाड, मिशन शक्ति और फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसी व्यवस्थाओं ने सुरक्षा का बहुस्तरीय ढांचा तैयार किया है, जिससे अपराध रोकथाम और त्वरित कार्रवाई दोनों में सुधार हुआ है।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट से तेज हुआ न्याय

महिलाओं और बच्चियों से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए राज्य में 9 वर्षों में 218 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही सभी 75 जिलों में पॉक्सो विशेष न्यायालय संचालित हैं, जहां मामलों के निस्तारण के लिए छह माह का लक्ष्य तय किया गया है। पहले जहां ऐसे मामलों में लंबित मामलों की संख्या अधिक रहती थी, वहीं अब सुनवाई की गति बढ़ी है। सरकार के अनुसार, न्यायिक प्रक्रिया में तेजी से पीड़िताओं का भरोसा भी बढ़ा है।

### एंटी रोमियो और मिशन शक्ति का असर

2017 में गठित एंटी रोमियो स्क्वाड ने सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न के मामलों में अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाई है। फरवरी 2026 तक इन टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाते हुए हजारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वर्ष 2020 से संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, जागरूकता और स्वावलंबन को जोड़ते हुए एकीकृत प्रयास किए गए हैं। 40 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### तकनीक व हेल्पलाइन से बढ़ी पहुंच

महिला हेल्पलाइन 1090 के जरिए अब तक 5 करोड़ से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। इसके माध्यम से एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा ने भी प्रक्रिया को आसान बनाया है। इसके अलावा सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ समेत कई शहरों में हजारों सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी बढ़ाई गई है। 2500 से अधिक पिंक बूथ और महिला पुलिस थानों की स्थापना ने महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान किया है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' यूपी मॉडल को मिली ब्रिक्स देशों की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिकॉर्ड पौधरोपण और भावनात्मक जुड़ाव से बनी वैश्विक पहचान

**अमृत विचार:** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित वर्चुअल समिट में ब्रिक्स देशों ने उत्तर प्रदेश के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना की। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, इथोपिया, ईरान और इंडोनेशिया समेत नौ देशों के युवा प्रतिनिधियों ने इस पहल को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रभावी और प्रेरक मॉडल बताया।

प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान ने पौधरोपण के नए मानक स्थापित किए हैं। 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर प्रदेश ने विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि पिछले नौ वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है।

समिट में प्रतिभागियों ने कहा कि यह अभियान लोगों को प्रकृति से भावनात्मक रूप से जोड़ता है, जो इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उनका मानना रहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए केवल नीतियां पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है—जिसे उत्तर प्रदेश ने व्यवहार में उतारकर दिखाया है। समिट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले बागपत के युवा अमन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया।

प्रदेश सरकार ने इस पहल को केवल पौधरोपण तक सीमित न रखकर इसे संस्कृति, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा है। यही वजह है कि यह मॉडल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# आंधी-तूफान से सात लोगों की मौत, 1300 विद्युत पोल टूटे

## प्रशासन ने शुरू कराया राहत और पुनर्स्थापना कार्य

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिले में आंधी व बारिश में विद्युत व्यवस्था से भारी जन-धन का हानि हुई है। प्रशासन के निर्देश पर विभाग से कराए गए सर्वे में सात लोगों की मौत और पॉवर कॉर्पोरेशन के सभी खंडों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1300 विद्युत पोल टूटकर गिरने की पुष्टि हुई है। पोल गिरने से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। आंधी-तूफान में क्षति का यह आंकड़ा 29 व 30 अप्रैल का है।

प्राकृतिक आपदा में सोहावल में एक व बीकापुर में छह लोगों की मौत हुई है। जिला प्रशासन ने दिवंगत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को पॉवर कॉर्पोरेशन को क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों के शीघ्र प्रतिस्थापन और विद्युत आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया है। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का दावा है कि विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत हैं। प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सेवाओं को बहाल किया जा रहा है। जनहानि के मामलों में राजस्व विभाग की टीम से पीड़ित परिवार से मिलकर शासन से अनुमन्य सहायता राशि प्रदान करने की कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने आम लोगों से अपील की कि वे खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित विभागों को सूचना दें।


जानाबाजार में मृतक के परिजनों से बातचीत करतीं एसडीएम बीकापुर श्रेया पांडेय।

### प्राकृतिक आपदा से इनकी गई जान

1. कर्मा देवी (65) निवासी गणेशी का पुरवा खजुरहट, तहसील बीकापुर।
2. फूल कली (50) पत्नी सुकई यादव निवासी कौदेला, तहसील बीकापुर।
3. राममिलन (65) निवासी बनिया का पुरवा मरुई सहाय सिंह, तहसील बीकापुर।
4. साधु सिंह (70) निवासी जाना तहसील, बीकापुर
5. साधु सिंह की नातिन लाडो (6) पुत्री मंगल सिंह निवासी मुसाफिरखाना, अमेठी।
6. केशवराम निषाद (60) निवासी बराव तहसील, बीकापुर।
7. जमुना प्रसाद मिश्र निवासी कोटवा मिर्जापुर निमौली, तहसील सोहावल।

# रात हुई झमाझम बारिश, गणेश नगर में धंसा ट्रक व ट्रॉली

- सीवर लाइन के निर्माण कार्य के चलते हुई खोदाई से मिट्टी हुई दलदल, आवागमन बाधित
- मौसम हुआ सुहावना दिन व रात के तापमान में आई गिरावट


मकबरा-फतेहगंज मार्ग पर गणेशनगर के पास फंसी ट्रक।

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में गुरुवार देर रात हुई झमाझम बारिश के बाद शुक्रवार को मौसम सुहावना रहा। अधिकतम तापमान में सात डिग्री की कमी दर्ज हुई।

मकबरा-फतेहगंज मार्ग पर सीवर लाइन के निर्माण का काम चल रहा है, इसके चलते सड़कें खोदी गईं। बारिश के चलते मिट्टी दलदल हो गई, इसके चलते वहां एक ट्रक, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत अन्य कई वाहन फंस गए। हाल यह रहा कि ट्रक पलट न जाए इसके लिए बांस बल्ली के सहारे से उसे रोका गया। करीब आधे किमी. तक सड़क चलने फिरने लायक नहीं रही। सूचना पर प्रशासन द्वारा जेसीबी के सहारे फंसे वाहनों को निकालने का प्रयास किया जाता रहा। दोपहर में धूप से मिट्टी सूखने के बाद सड़क पर गिट्टी आदि बिछाकर उसे चलने लायक बनाया गया।

आचार्य नरेंद्रदेव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने के साथ-साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह मौसमी गतिविधि बढ़ी है। दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

## 36 घंटे से विद्युत आपूर्ति ध्वस्त, लोग परेशान

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** तहसील बीकापुर क्षेत्र में बुधवार शाम आई आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित केएलके फीडर, एसी फीडर, साउथ फीडर, एस डब्लू फीडर, एनी फीडर सहित सभी विद्युत फीडर पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत उपकेंद्र बीकापुर के अलावा तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र मंगारी, विद्युत उपकेंद्र तारुन, विद्युत उपकेंद्र हैदरगंज तथा विद्युत उपकेंद्र गयासपुर पर भी ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिससे लाखों लोग 36 घंटे से अंधेरे में रह रहने को विवश हैं। बीकापुर के एसडीओ संदीप यादव ने बताया कि आंधी के चलते तहसील क्षेत्र के सभी विद्युत उपकेंद्र पर 631 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसमें 153 विद्युत पोल बीकापुर विद्युत केंद्र के भी शामिल हैं। इसके अलावा 77 विद्युत ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है। टीम विद्युत पोल और लाइन की मेंटेनेंस में लगी हुई है। जल्द ही विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## बिल्ली ने गुल कर दी 40 हजार लोगों की बिजली

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** चौक विद्युत उप केंद्र में संचालित फीडर नंबर वन में गुरुवार रात एक बिल्ली अप्रत्याशित ढंग से घुस गई। जिसके कारण फीडर धड़ाम की आवाज के साथ दग गया और अंगूरीबाग, बजाजा और श्रीराम पथ फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। रात 11:30 से सुबह 3:30 बजे तक चार घंटे 40 हजार लोग अंधेरे में रहे। उपकेंद्र के जेई राकेश वर्मा ने बताया कि रात 11:25 बजे अचानक तेज आवाज हुई और पूरा उपकेंद्र ट्रिप कर गया। पेट्रोलिंग में पता चला कि इनकमिंग पैनल में बिल्ली फंसी हुई थी, जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया। करंट लगने से बिल्ली की मौके पर ही मौत हो गई। इस फाल्ट से चौक, फतेहगंज, अंगूरीबाग, रामपथ क्षेत्र की आबादी प्रभावित हुई। चार घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 3:35 बजे वैकल्पिक व्यवस्था से तीनों फीडर चालू किए गए। अवर अभियंता ने बताया कि पैनल की सफाई व मरम्मत के बाद सामान्य आपूर्ति बहाल कर दी गई। उपकेंद्र कर्मियों ने घटना को अशुभ बताया। उनका कहना है कि बिल्ली का पैनल में घुसना अपशकुन माना जाता है। एहतियातन उपकेंद्र में जाली लगवाई जा रही है ताकि भविष्य में जानवर न घुस सकें।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# छात्रा प्रकरण में अब तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित, दो दिन में देगी रिपोर्ट

अमृत विचार Follow UP

- अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर, लिपिक को जांच देने का उठाया मामला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के आजाद इंटर कॉलेज पलिया जगमोहन सिंह कुचेरा के बहुचर्चित प्रकरण में शुक्रवार को एक नया मोड़ आ गया। मामले की जांच लिपिक को दिए जाने का मामला 'अमृत विचार' द्वारा शुक्रवार के अंक में उजागर करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच समिति को दो दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जांच कमेटी का अध्यक्ष सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय को बनाया गया है। दो दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है।


कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, अयोध्या।
कार्यालय-आदेश/जाँच-समिति

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शुक्रवार को जारी जांच कमेटी का पत्र।

प्रधानाचार्य पर हाईस्कूल की एक छात्रा द्वारा सभी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा में अधिकतम चार तक अंक दिए जाने और अन्य प्रकार से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया गया है। वह 29 अप्रैल को पिता के साथ डीआईओएस से मिली तो जांच बोर्ड परीक्षा प्रभारी लिपिक प्रदीप कुमार को सौंप दी गई। इसे शुक्रवार एक मई के अंक में 'अमृत विचार' ने प्रकाशित किया तो जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा तत्काल तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने का आदेश दिया है। कमेटी में सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय को अध्यक्ष, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ददेरा कृष्ण कुमार और राजकीय हाईस्कूल घोड़वल की प्रधानाध्यापिका मृदुला रानी को सदस्य बनाया गया है। कमेटी के अध्यक्ष सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले की निष्पक्ष तथा बिना किसी दबाव के जांच की जाएगी और जो भी इसमें दोषी होगी उसके खिलाफ जांच रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपी जाएगी।

# कक्षा एक में 61 स्कूलों में शून्य, 113 में एक नामांकन

- 10 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-छह में शून्य व छह विद्यालयों में मात्र एक नामांकन
- स्कूल चलो अभियान का सच उजागर बीएसए ने रोका प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ का वेतन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने 61 प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-एक में शून्य नामांकन, 113 प्राथमिक विद्यालयों में एक नामांकन तथा 10 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-छह में शून्य व छह विद्यालयों में एक नामांकन मिलने पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। इसके साथ ही लापरवाही के मामले में बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है।

बीएसए ने 30 अप्रैल को प्रेरणा पोर्टल के डाटा से समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि शासन की निगरानी और 'हर बसावट तक शिक्षा' अभियान के बावजूद कई स्कूलों ने नामांकन के लिए कोई सुधारात्मक कार्ययोजना नहीं बनाई। बीएसए कार्यालय से 18 व 23 अप्रैल को पत्र भेजकर तीन दिन में नामांकन कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन स्थिति जस की तस रही। इसे विभागीय आदेशों की अवहेलना मानते हुए कार्रवाई की गई।

> स्कूल चलो अभियान में कई स्कूलों में बड़ी लापरवाही पाई गई है। सभी संबंधित को नोटिस देकर वेतन बाधित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –लालचंद, बीएसए।

बीएसए के आदेश में कहा गया कि संबंधित विद्यालयों के स्टाफ द्वारा नामांकन हेतु कोई सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे, जो अत्यंत खेद का विषय है। अब इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं का नवीन नामांकन होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर ही वेतन बहाल होगा। इससे बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है। इससे पहले जिले में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर फिसड्डी जिलों में अयोध्या भी शामिल होने के कारण महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी बेसिक शिक्षा अधिकारी को चेतावनी दें चुकीं हैं।

जिले में कुल 180 प्राथमिक व 16 उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जहां नामांकन न के बराबर है। बीएसए ने सभी बीईओ को निर्देश दिए हैं कि एक मई से शुरू हुए 'हर बसावट तक शिक्षा' अभियान में घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल से जोड़ें। ईंट-भट्ठों, श्रमिक बस्तियों और झुग्गी क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। वहीं शिक्षक संगठनों ने कहा कि निजी स्कूलों का दबाव और शिक्षकों की कमी नामांकन न होने की वजह है। विभाग का तर्क है कि पोर्टल पर फीडिंग न करना और फील्ड में न जाना लापरवाही है।

— महर्षि महेश योगी —
रामायण विश्वविद्यालय
ADMISSIONS OPEN 2026–27
UG | PG | Diploma Programmes

Admission Helpline
+91 90052 50941
mmyrv.edu.in | /ramayanuniversityofficial
Industry-Integrated Learning in Collaboration With GUVI | HCL

Why Choose Ramayan Vishwavidyalaya ?
- Industry-aligned curriculum
- Real world project learning
- Modern labs & digital infrastructure
- Experienced faculty & mentors
- 100% placement assistance

Courses Offered

UG Programs: B.Tech (CSE, ME, EE, ECE, CE), BCA, BBA, B.Com, BA Yoga, BA in Vedic Sciences (Yoga Science / Veda / Vedic Vyakarana / Bharatiya Darshan / Sanskrit / Jyotish / Sthapatya Veda), B.Pharm, B.Sc. (Biotechnology / Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), BA (English / Psychology / Political Science / Economics / Sociology / Hindi / History / Education), B.Lib.

PG Programs: M.Tech (Software Engineering / Production Engineering / CTM / AI / Structural Engineering / Communication System / Power System) (Regular / Evening / Part-Time), MCA, MBA (Business Analytics / HR / Finance / Marketing / IT / Hospitality Management / IB – Dual Specialization), M.Com, M.Sc. (Biotechnology / Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), MA (English / Psychology / Political Science / Economics / Sociology / Hindi / History / Education), M.Lib., MSW

Diploma Programs: Diploma in Engineering (CS / ME / EE / ECE) (Regular / Evening / Part-Time), D.Pharm

Campus Highlights
Campus : Lush Green & Spacious Campus
Wi-fi : Wi-fi facility is available 24X7 covering the entire campus
Library : Well-Stocked Library
Security : Security of the students is one of the University's highest priorities.
Canteen: Hygienic and Well-Maintained Canteen Facility

MAHARISHI MAHESH YOGI RAMAYAN VISHWAVIDYALAYA
National Highway 27, Ayodhya, (Uttar Pradesh) 224123

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरीरामपुर के पुरे भटौली, पूरे सूरजा अहिर में शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे गांव निवासी अशोक यादव (45) का शव बाग में चिलबिल के पेड़ से गमछे के फंदे से लटकता मिला। क्षेत्राधिकारी पीयूष रंजन, थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा तथा हैरिग्टनगंज चौकी इंचार्ज आशीष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के घर में शुक्रवार को ही घर में मुंडन संस्कार के उपलक्ष्य में भोज का आयोजन होना था, लेकिन इस अप्रत्याशित घटना ने खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी की निंदा

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कॉमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम में भारी बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। कहा कि भाजपा सरकार ने पहले ही तरह-तरह के जीएसटी टैक्स लगाकर आम जनता को बेहाल किया हुआ है। अब भोजन पर भी संकट ला दिया। उन्होंने जनहित में मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग की।

### शिक्षक की मौत के मामले में चालक पर केस

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना महराजगंज अंतर्गत मया बाजार में सड़क दुर्घटना में हुई शिक्षक जनमेजय सिंह शाह (35) की मौत के मामले में पुलिस ने पत्नी आकांक्षा निवासी रौनकपुर सहनवां भीखी का पुरवा कोतवाली की तहरीर पर ट्रक नंबर व चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया कि बस चालक जमुना (31) निवासी दाऊदपुर, जल्लापुर थाना सम्मनपुर जिला अम्बेडकरनगर बस को लापरवाही व तेज रफ्तार से चला रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। थाना प्रभारी महराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि बस नंबर व चालक के खिलाफ केस दर्जकर चालक की तलाश की जा रही है।

### डीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के कुचेरा स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर आरोप है कि जानबूझकर हाईस्कूल की बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा में 2,3, 4 नंबर देकर फेल करवा दिया। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने डीएम से मिल और ज्ञापन सौंप इस अपूर्णनीय क्षति और दुर्व्यवहार की शिकायत करके प्रधानाचार्य को दंडित कराने की मांग की है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में परिणय सूत्र में बंधे 167 जोड़े

## कन्या विवाह सहायता योजना के तहत श्रम विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम, 85 हजार रुपये की सहायता

अयोध्या कार्यालय।


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी।

**अमृत विचारः** उपश्रमायुक्त कार्यालय खपराडीह कोठी परिसर में शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 167 जोड़े वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधे। इसमें से 164 विवाह गायत्री परिवार के पुरोहितों से हिंदू रीति-रिवाज से और तीन मुस्लिम जोड़े का निकाह मौलवी से कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर वर्चुअल माध्यम से जुड़े और श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवदंपति को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। विवाह आयोजन हेतु प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये व्यय किये गये।कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे प्रयास न केवल आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ सामाजिक मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

- सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध :वेद प्रकाश

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत सराहनीय है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है।उपश्रमायुक्त अमित मिश्रा ने विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपील की कि अधिक से अधिक श्रमिक बोर्ड में पंजीयन कराते हुए कन्या विवाह एवं सामूहिक विवाह का हितलाभ के साथ बच्चों की शिक्षा, पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ लें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा राधेश्याम त्यागी, भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक एसपी श्रीवास्तव, ईंट-भट्टा निर्माता संघ के पदाधिकारी, आईआईए के अध्यक्ष सुमित जायसवाल, उपनिदेशक कृषि प्रदीप कनौजिया, उपायुक्त उद्योग प्रभात रंजन शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी, सहायक निदेशक कारखाना अनंत कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूपेंद्र, गौरव गुप्ता, प्रभात कुमार सहित अन्य लोग थे।

### मंदिर का दिया गिरने से घर में लगी आग

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली नगर अंतर्गत महाजनी टोला स्थित धोबी गली में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक घर में आग लगने लाखों के गृहस्थी के सामान के साथ बेचने के लिए रखे कपड़े भी जल गए। पीड़ित विवेक गुप्ता ने बताया कि घर में पूजा करने के दौरान रखा जलता दिया नीचे गिर गया, जिससे पूरा घर आग की चपेट में आ गया। बताया कि वह फेरी लगाकर कपड़े बेचता है, उसके साथ पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पुलिस व फायरबिग्रेड को दी गई लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

# बैशाख पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी

अयोध्या कार्यालय।


सरयू में स्नान करने के बाद घाट पर पूजन करते श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** बैशाख शुक्ल पूर्णिमा पर रामनगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, सुबह 4 बजे से ही पुण्य सलिला सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद राम मंदिर, प्राचीन नागेश्वरनाथ, सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्रीरामवल्लभाकुंज, रंग महल, रामलला सदन, लक्ष्मण किला, सियाराम किला, हनुमत निवास, गहोई मंदिर आदि स्थानों में आरती-पूजन किया।

सरयू घाट के पुरोहित ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त से ही पवित्र सरयू नदी में स्नान प्रारंभ हो गया था। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद गौ पूजन कर अपने समर्थ के मुताबिक दान किया।

उन्होंने कहा कि वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध जयंती और सत्यविनायक पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है। बौद्ध धर्म में आस्था रखने वालों के लिए बुद्ध पूर्णिमा का दिन एक प्रमुख त्योहार के रूप में है।वहीं आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र सुदामा उनसे मिलने द्वारिका पहुंचे थे। कृष्ण ने सुदामा को सत्यविनायक व्रत करने का विधान बताया था और इस व्रत को रखने से दरिद्र ब्राह्मण सुदामा की सारी दरिद्रता दूर हो गई और वह वैभवशाली हो गए इसी वजह से आज की तिथि को सत्यविनायक पूर्णिमा भी कहा जाता है।

### श्मशान भूमि विवाद में नया मोड़, आंशिक कार्रवाई पर उठे सवाल

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में नया मोड़ सामने आया है। एक ओर जहां वर्षों से रुका निर्माण कार्य अचानक शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर तहसील प्रशासन की आंशिक कार्रवाई ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला दिया है। पीड़ित अजय कुमार का आरोप है कि श्मशान की पैमाइश के दौरान उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया और बिना सूचना के ही उनके मकान को कार्रवाई के दायरे में ले लिया गया, जो पूरी तरह गलत है। तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। पूरे 44 हेक्टेयर क्षेत्रफल में दर्ज श्मशान भूमि में से केवल लगभग 10 हेक्टेयर पर ही धारा 67 की कार्रवाई की गई, जबकि शेष करीब 34 हेक्टेयर भूमि पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर स्थानीय लोग प्रशासन की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। एसडीएम संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में आयोजित हुई स्पिक मैके की प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय।


स्कूल चलो अभियान के तहत बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा लापरवाह स्कूलों को जारी नोटिस।

**अमृत विचारः** मजनाई स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में शुक्रवार को स्पिक मैके के तत्वावधान में मणिपुरी नृत्य व संगीत का सांस्कृतिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन व कलाकारों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मणिपुर के प्रसिद्ध कलाकार डॉ. सिनम बसु सिंह सहित जोशिरानी देवी, जेनिया देवी, कल्याण सिंह, प्रद्युम सिंह व याइपुरेम्बा ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने मणिपुरी नृत्य शैली के माध्यम से ब्रह्मांड निर्माण, अभिसारिका, संकीर्तन व बसंत रास कृष्ण लीला जैसी मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने कलाकारों से संवाद कर मणिपुरी नृत्य की परंपरा, इतिहास व उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त ली। विद्यालय प्रबंधक सुचित्रा शुक्ला, डायरेक्टर एकेडमिक्स वीके जोशी व एडवोकेट गणेश शंकर शुक्ला ने स्पिक मैके अयोध्या चैप्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय शास्त्रीय कलाओं के प्रति रुचि, संवेदनशीलता व सम्मान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

अयोध्या कार्यालय



सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** भाजपा कार्यालय सहादतगंज में शुक्रवार को बुद्धा पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है।

- पुष्पांजलि कर लिया उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता को सत्य, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश दिया, जो आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह दिन आत्मचिंतन और सदाचार अपनाने का संदेश देता है। कार्यक्रम में अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, अशोक कसौंधन, हरभजन गौड़, अमल गुप्ता आदि शामिल हुए।

# समय आने पर सब देखा जाएगा : माता प्रसाद पांडेय

अयोध्या कार्यालय।


नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का स्वागत करते सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे शुक्रवार को एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अयोध्या पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए पश्चिम बंगाल में तैनात पुलिस ऑब्जर्वर अजय पाल शर्मा पर तीखी टिप्पणी की। कहा कि वह पहले उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में जाने जाते थे लेकिन अब भाजपा के करीबी अधिकारी माने जाते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय आने पर सब देखा जाएगा।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य पर कहा कि जब तक नतीजे नहीं आते, तब तक संभावनाएं ही रहती हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति में ममता बनर्जी की सरकार बनने के संकेत नजर आ रहे हैं। उन्होंने त्वरित विकास योजना के तहत फंड आवंटन पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा विधायकों को पांच करोड़, विपक्षी विधायकों को एक करोड़ और नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद उन्हें केवल 2.95 करोड़ रुपये दिए गए। इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए

- नेता प्रतिपक्ष पहुंचे अयोध्या, पश्चिम बंगाल में तैनात पुलिस ऑब्जर्वर अजय पाल शर्मा पर की तीखी टिप्पणी

कहा कि सरकार जल्दबाजी में फैसले ले रही है। आरोप लगाया कि सरकार वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देने को लेकर गंभीर नहीं है, जबकि सपा इसका समर्थन करती है। दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। वह सपा नेता आशीष पांडे उर्फ दीपू पांडे द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 80 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पांच लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर 80 लख रुपये हड़पने के मामले में कोर्ट ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ एकता सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

अधिवक्ता श्रीकांत शर्मा, राजदेव पांडे, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सतीश कुमार चौहान निवासी बीरमपुर गौहनिया थाना पूरा कलंदर ने अदालत में अर्जी दी थी। जिसमें कहा था कि उसकी मां संपता देवी तथा भाई संदीप कुमार व संतोष कुमार की 318 एयर जमीन जो गौहनिया सलोनी थाना रौनाही में है, का सौदा उसके गांव के रहने वाले अमरजीत ने आलोक मिश्रा निवासी हाइडिल कॉलोनी कुंज कुटीर व उनके साथियों से कराया। जिन्होंने जमीन का क्रय विक्रय का कार्य करने की बात बताते हुए उनकी जमीन का सौदा सात लाख रुपये विस्वा की दर से एक करोड़ 75 लाख में तय किया। इसका 10 अप्रैल 2014 को एक नोटरी इकरार नामा भी लिखा गया। इसके बाद बताया गया कि हम ग्राहक ढूंढ कर इसका बैनामा कराएंगे, हम लोग टोकन मनी लेकर एग्रीमेंट करते हैं तथा बाद में ग्राहक मिलने पर उसे बैनामा करवा देते हैं। 25 जून 2024 के पहले 83 लाख 71 हजार रुपये विभिन्न खातों से सतीश, उसके भाई व मां के खाते में भेजे। इसके बाद सतीश उसके भाई व मां को सोहावल तहसील ले गए और जमीन का बैनामा राजकुमार निवासी तकिया बिलौली बाजार जिला सीतापुर के नाम करवा दिया। इसके बाद कुछ रुपये दिए गए और 80 लख रुपये नहीं दिये। इस पर सतीश कुमार ने कोर्ट में अर्जी दी थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आलोक मिश्रा अमरजीत निवासी गौहनिया सलोनी थाना पूरा कलंदर, दीपक कुमार तिवारी निवासी सरियावा थाना पूरा कलंदर, राजकुमार निवासी तकिया बिलौली बाजार सीतापुर, राधा सिंह निवासी हाइडिल कॉलोनी कुंज कुटीर थाना कोतवाली नगर जिला अयोध्या समेत चार अन्य व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश थानाध्यक्ष पूरा कलंदर को दिया है। कोर्ट ने विवेचना के परिणाम से भी अवगत कराने का आदेश दिया है।

### थ्री-डी टेक्नोलॉजी से 5 मिनट हो रहे अयोध्या दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब आस्था के साथ तकनीक का अनोखा संगम तैयार किया गया है। राम मंदिर स्थित तीर्थयात्री सुविधा केंद्र में एक विशेष थ्री-डी दर्शन व्यवस्था शुरू की गई है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु पांच मिनट में अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों का निशुल्क सजीव अनुभव कर रहे हैं। पूरे प्रस्तुतीकरण को इस तरह तैयार किया गया है कि कम समय में भी अयोध्या की आध्यात्मिक भव्यता का पूरा अनुभव मिल सके। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर इस आधुनिक दर्शन पद्धति का आनंद ले रहे हैं।


यात्री सेवा केंद्र में थ्री डी से अयोध्या दर्शन करते हुए श्रद्धालु।

# समरसता महाकुंभ चार को, तैयारियां शुरू

अयोध्या कार्यालय।


सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में समरसता महाकुंभ का आयोजन चार मई को नगर के क्षत्रिय बोर्डिंग में होगा। प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि यह आयोजन समाज में समरसता, एकता व सांस्कृतिक जागरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कहा कि समरसता महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का अभियान है। आज आवश्यकता है कि हम जाति, वर्ग व भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में संगठित हों।

महानगर अध्यक्ष अभय ने कहा कि इस महाकुंभ के माध्यम से हम सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का संकल्प ले रहे हैं। महानगर संगठन मंत्री अभिषेक ने कहा कि यह आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और समाज में सेवा, समर्पण एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विहिप के विभाग मंत्री धीरेश्वर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे व विशिष्ट अतिथि राम मंदिर आंदोलन के प्रणेता व प्रसिद्ध कलाकार बाबा श्याम नारायण मौर्य होंगे। महाकुंभ को व्यापक स्वरूप देने हेतु गायत्री परिवार, आर्य समाज एवं अभिनव भारत न्यास सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को भी जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ग्रामीण बीके सिंह, महानगर मंत्री अखिलेश वर्मा, सह मंत्री अभिनव सिंह राजपूत, कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# 27 उप निरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

**11 चौकी प्रभारी इधर से उधर**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार को 27 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इनमें 11 चौकी प्रभारी भी है, जिन्हें इधर से उधर किया गया है।

सिविल कोर्ट चौकी प्रभारी अशोक कुमार को चौकी प्रभारी सिविल लाइन, एयरपोर्ट सुरक्षा प्रभारी संजय कुमार यादव को चौकी प्रभारी नवीन मंडी, थाना आरजेबी में तैनात आलोक सिंह को चौकी रामनगर का प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में कोतवाली अयोध्या में तैनात आशीष सिंह को चौकी प्रभारी सहादतगंज,

- पुलिस लाइन में तैनात तीन दारोगा को मिला चौकी का प्रभार

थाना हैदरगंज में तैनात बुद्धिमान सिंह को चौकी प्रभारी चौरे बाजार, नयागंज चौकी प्रभारी शिवेंद्र पाल को चौकी प्रभारी बारुन, थाना खंडासा में तैनात अभिषेक सिंह को चौकी प्रभारी एनडी यूनीवर्सिटी, थाना पूराकलंदर में तैनात अमरेंद्र प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी गंजा, कोतवाली रुदौली में तैनात विपिन श्रीवास्तव को चौकी प्रभारी शाहगंज बनाया गया है।

थाना महराजगंज में तैनात उप निरीक्षक आकाश शुक्ला को सुचितागंज चौकी प्रभारी, शाहगंज चौकी प्रभारी शाहगंज राममूर्ति कनौजिया को देवकाली चौकी प्रभारी, देवकाली चौकी प्रभारी शेषनाथ सिंह को थाना गोसाईगंज का एसएसआई, कोतवाली रुदौली में तैनात गजेंद्र कुमार को सैदपुर चौकी प्रभारी, सैदपुर चौकी प्रभारी रवींद्र सिंह को कोतवाली रुदौली में तैनात किया गया है। वहीं चौकी प्रभारी गंजा जय किशन यादव को एयरपोर्ट सुरक्षा प्रभारी, कोतवाली बीकापुर में तैनात आफताब अंसारी को गयासपुर चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन में तैनात प्रशांत वर्मा को सिविल कोर्ट का चौकी प्रभारी, थाना कैंट में तैनात चंद्र मोहन शुक्ल को चौकी प्रभारी रिकाबगंज, थाना तारुन में तैनात रवि कुमार शर्मा को चौकी प्रभारी नयागंज, चौकी प्रभारी अलीगढ़ राणा दिग्विजय सिंह को चौकी प्रभारी हैरिगंटनगंज, चौकी प्रभारी हैरिगंटनगंज आशीष सिंह को चौकी प्रभारी अलीगढ़, थाना हैदरगंज में तैनात शिव आशीष भारती को कुचेरा बाजार चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में गयासपुर चौकी प्रभारी विक्रम सिंह को तरौली बाजार चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन में तैनात अजीत पासवान को चौकी प्रभारी कर्मा, पुलिस लाइन में तैनात राजेश पटेल को चौकी प्रभारी सरियावां, चौकी प्रभारी खंडासा मनोज त्रिपाठी को चौकी चौक प्रभारी व थाना रौनाही में तैनात बृजेंद्र नाथ मिश्र को चौकी प्रभारी खंडासा बनाया गया है।

### स्वच्छ रहकर ही हो सकती स्वस्थ समाज की कल्पनाः प्रो. विनोद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदी पटेल की प्रेरणा से स्वच्छता एवं बागवानी प्रकोष्ठ डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तत्वावधान में गुजरात राज्य स्थापना दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छ रहकर ही स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। असिस्टेंट प्रो. डॉ. रीमा सिंह ने कहा कि छात्राओं को बचपन से ही स्वच्छ रहने का गुर सिखाना होगा ताकि बच्चे स्वयं स्वच्छ रहकर पास पड़ोस के लोगों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित कर सकें। असिस्टेंट प्रो. डॉ अलका श्रीवास्तव ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं के उपयोग के गुर बताए। डॉ. विनोद कुमार ने छात्राओं को संगोष्ठी में छात्राओं को हैंड ग्लब्स, मास्क और झाड़ू सौंपा। स्कूल की वार्डन सरोज सिंह व शिक्षिकाओं में प्रतिमा प्रियदर्शी, मधु राय, दिव्यांशी सिंह, सविता देवी आदि ने भी विद्यालय की साफ सफाई में सहयोग किया।

# रंगारंग प्रस्तुतियों से बच्चों ने बिखेरी अनुपम छटा


जवाहर नवोदय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में 10वीं के मेधावियों को पुरस्कृत करते सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सतरंगी छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ हुआ। उप-प्रधानाचार्य एसबी यादव ने विद्यालय की शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97 .20 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले देवांश कसौधन समेत 95 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले पांच और 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य केके मिश्र ने कहा कि इस वर्ष 10 वीं का विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। समारोह में प्रबंधक जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के मदन मोहन त्रिपाठी, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय आरपी पाण्डेय, प्रधानाचार्या जीजीआईसी कुसुम लता, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज विमल राजन, विद्यालय की पूर्व छात्रा कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर पल्लवी प्रियदर्शी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मसौधा अजय यादव, पीटीसी सदस्य विश्राम रावत व मो . अकरम विशिष्ट अतिथि आदि मौजूद रहे।

# संस्कारों, साहस व संवेदनाओं की परंपरा है गुजरात स्थापना दिवस

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में गुजरात स्थापना दिवस पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आज ''गुजरात स्थापना दिवस'' है, 1 मई 1960 को भारत के मानचित्र पर एक नए राज्य के रूप में उभरा हमारा गुजरात आज अपनी विकास यात्रा के 66वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।



अवध विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति, विभागाध्यक्ष व छात्र-छात्राएं।

- बोले-कुलपति, अवध विवि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

गुजरात केवल एक भौगोलिक भूभाग नहीं है, बल्कि यह संस्कारों, साहस और संवेदनाओं की एक जीवंत परंपरा है। हमारी सांस्कृतिक विरासत इतनी समृद्ध है कि इसने विश्व पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। यह सोमनाथ और द्वारिका की पवित्र भूमि है। कुंभ पर्व का जूनागढ़ गिरनार पर्वत से हम सभी का प्राचीन सांस्कृतिक नाता रहा है। नरसी मेहता के पदों से लेकर मीरा के भजनों तक, गुजरात की पावन माटी ने भक्ति और समभाव का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने इसी भूमि से पूरे विश्व को सत्य और अखंडता का पाठ पढ़ाया। छात्र-छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुति ने गुजरात संस्कृति को सभागार में लाकर खड़ा कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की छात्रा सृजनिका मिश्रा ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक के संयोजन में किया। इससे पूर्व कुलपति, विज्ञान संकायाध्यक्ष, कला संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी ने परिसर में स्थापित डॉ. राममनोहर लोहिया, सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, कला संकायाध्यक्ष प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. सी के मिश्र, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

## टीवी रोगियों को किया पोषण पोटली का वितरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** गुजरात स्थापना दिवस पर कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से अवध विश्वविद्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। कुलपति, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, जिला टीबी अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दीप शिखा चौधरी आदि ने 25 टीबी रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। कुलपति ने कहा कि दवाएं अपना काम तभी करती हैं जब शरीर को पर्याप्त पोषण मिले। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने बताया कि 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 120 टीबी (तपेदिक) मरीजों की 17 फरवरी 2026 तक निगरानी की गई। इनमें से कुछ मरीजों को बीमारी दोबारा उभरने के कारण अभी भी दवाएं लेनी पड़ रही हैं, अन्य की जांच रिपोर्ट में टीबी नहीं पाया गया है। आज 25 से अधिक को ''पोषण पोटली'' प्रदान की गई, जिसमें एक किलोग्राम चना, मूंगफली, सत्तू और ग्लूकोन-डी शामिल है। कार्यक्रम में अमरनाथ पांडेय, पदमा देवी, सुनील यादव व प्रेम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## लापता महिला के मामले में दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के उसरहा ग्राम सभा के पोखरा गांव से एक 35 वर्षीय महिला लापता हो गई है। इस संबंध में पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि ग्राम पोखरा निवासी चंद्रभान पुत्र मोतीलाल ने जलालपुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी प्रेमलता उम्र लगभग 35 वर्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ है। प्रेमलता बीते 25 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे किसी काम से घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। उन्होंने मायके पक्ष को सूचना दी और परिचितों तथा आसपास के गांवों में भी काफी तलाश की, लेकिन प्रेमलता का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने कोतवाली जलालपुर पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। महिला की तलाश की जा रही है।

## स्कूली वाहनों का विवरण न देने पर मान्यता होगी रद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में 870 स्कूली वाहनों को यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल वाहन मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड किया गया है। जांच प्रक्रिया पूरी होने और सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद इन वाहनों को स्कूलों में संचालन के लिए हरी झंडी दी जा रही है। शासन स्तर से यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल वाहन मैनेजमेंट पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। सभी स्कूल प्रबंधकों को अपने वाहनों से संबंधित पूरा विवरण इस पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई भी विवरण अपलोड नहीं किया जाता है, तो ऐसे वाहनों को अनफिट मानकर स्कूलों में संचालित नहीं होने दिया जाएगा। जनपद में कुल 1 हजार 265 स्कूली वाहन संचालित हैं। जिनमें से अब तक लगभग 870 वाहनों को ही पोर्टल पर अपलोड किया जा सका है। यह प्रक्रिया अभी जारी है। पोर्टल पर प्रत्येक वाहन का पंजीकरण, परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और उनके चरित्र प्रमाणपत्र भी अपलोड किए जाने हैं। उपसंभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सभी स्कूली वाहनों को यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल वाहन मैनेजमेंट पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो स्कूल अपने वाहनों का विवरण उपलब्ध नहीं कराएंगे, उनकी मान्यता रद्द करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

## जिला अस्पताल में बच्ची की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला अस्पताल में इलाज के दौरान छह वर्षीय बालिका अंशिका की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। बता दें कि अकबरपुर तहसील क्षेत्र के खपुरा का डढ़वा निवासी सुरेंद्र कुमार की छह वर्षीय बेटी अंशिका शाम को घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान उसे किसी विषैले जंतु ने काट लिया। परिजन तुरंत अंशिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए। अस्पताल में इलाज के दौरान अंशिका की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने मरीज का ठीक से इलाज नहीं किया और इसे चूहे के काटने की बात कहकर टाल दिया। जिला अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह और सीओ नीतीश कुमार तिवारी ने परिजनों को समझाबुझाकर मामले को शांत कराया।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 3 को

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-2026 3 मई, रविवार को जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 5,208 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सीसीटीवी की निगरानी में होगी।

- 13 केंद्रों पर होगी नीट-2026, 5,208 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नकलविहीन परीक्षा के लिए 100 से अधिक कक्ष निरीक्षक और 50 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। सॉल्वर गैंग को चिन्हित कर रोकने के लिए साइबर सेल व खुफिया विभाग को अलर्ट किया गया है। सभी केंद्रों पर जैमर, मेटल डिटेक्टर और बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था रहेगी। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षार्थियों को दोपहर 1:30 बजे तक केंद्र में प्रवेश करना होगा। प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, पेन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेगें।

### जिले के परीक्षा केंद्र

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, निकट कैंट रेलवे स्टेशन।
- साहबदीन राम सीताराम गर्ल्स इंटर कॉलेज, अमानीगंज रामपथ रोड।
- मेथोडिस्ट बालिका इंटर कॉलेज, 60 कैंट हेड पोस्ट ऑफिस के सामने।
- बापू बालिका इंटर कॉलेज, साहबगंज, रामपथ रोड।
- केएस साकेत पीजी कॉलेज, ब्लॉक-सी, अयोध्या धाम रोड।
- केएस साकेत पीजी कॉलेज, ब्लॉक-ए, रानोपाली, अयोध्या धाम रोड।
- केएस साकेत पीजी कॉलेज, ब्लॉक-बी, रानोपाली, अयोध्या धाम रोड।
- पं. माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज, जमुनियाबाग चौक।
- विमला देवी वर्मा श्याम लाल राजे आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कंधारी बाजार रिकाबगंज।
- एसएसवी इंटर कॉलेज, कश्मीरी मोहल्ला, साहबगंज।
- एमपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज, धारा रोड निकट, एसपी सिटी ऑफिस।
- एमएलएमएल इंटर कॉलेज, रिकाबगंज, जिला अस्पताल के सामने।
- राजकीय इंटर कॉलेज, फतेहगंज रोड।

## मेधावी छात्र की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे समाजसेवी सुरेश



छात्र को माला पहनाकर सम्मानित करते समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मेधावी छात्र के पढ़ाई में जो खर्च आएगा, वह संस्था वहन करेगी। शिक्षा के लिए समाज सेवी संस्थान हमेशा सहयोग देती रही है। ये बातें सामाजिक समाज सेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहीं। वे पूराब्लॉक निवासी व दीनदयाल इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र को सम्मानित करने उसके घर पहुंचे थे। कहा कि मेधावी छात्र ही अधिकारी बनकर जिले का नाम रोशन करेंगे। गरीब बच्चों की मदद करना हमारा परम धर्म है। इस मौके पर अवधेश यादव, अजीत निषाद, रामसूरत निषाद, दुर्गा माझी आदि मौजूद रहे।

## पति ने पत्नी को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद बाजार में बृहस्पतिवार की रात खाना लेने की बात को लेकर विवाद हो गया। पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब घर के बाहर लोगों ने महिला का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी पति तन्मय विश्वास के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद कीता प्रथम गांव निवासी रामलवट यादव की पुत्री बंदना (35) की शादी आठ वर्ष पूर्व रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद बाजार निवासी तन्मय विश्वास के साथ हुई थी। तन्मय विश्वास मूल रूप से बंगाल प्रांत का रहने वाला है। तन्मय यहीं से डिस्पेंसरी भी चलाता है। बंदना अपनी छह वर्षी बेटी तमन्ना के साथ घर में रहती थी। बंदना के भाई अजय यादव ने बताया कि तन्मय शराब पीकर आएदिन बहन से मारपीट करता था। थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि जांच में सामने आया है कि पति शराब पीकर आएदिन विवाद करता था। बृहस्पवितार की रात करीब 11 बजे वह घर आया और पत्नी से खाना मांगा तो पत्नी बंदना ने बोला जाकर खुद लेकर खा लो। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

## कोडीन कफ सिरप मामले में लगभग 50.9 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन के पर्यवेक्षण में जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन कफ सिरप प्रकरण में आरोपी की लगभग 50.9 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त कर ली है।



आरोपी विकास सिंह उर्फ "नरवे" के घर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस।

दीदारगंज थाना क्षेत्र में पंजीकृत मुकदमे की विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी विकास सिंह उर्फ "नरवे" ने अपराध से अर्जित धन से अपने गांव में मकान बनवाया, जिसकी अनुमानित लागत करीब 27.25 लाख रुपये है। इसके अलावा उसने लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित शालीमार वन वर्ल्ड परियोजना में एक फ्लैट बुक कराया, जिसमें लगभग 23.64 लाख रुपये अग्रिम जमा किए गए थे। जांच में पुष्टि होने के बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F(2) के तहत संपत्तियों को फ्रीज करने की कार्रवाई की गई। ई-कोर्ट पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत याचिका पर सुनवाई के बाद सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली ने संपत्तियों के जब्तीकरण का आदेश जारी किया. जब्त संपत्तियों में पैतृक गांव स्थित मकान और लखनऊ में फ्लैट की बुकिंग धनराशि शामिल है, जिसे कंपनी खाते में फ्रीज कर दिया गया है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जौनपुर और वाराणसी समेत विभिन्न जनपदों में धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। साइबर क्राइम पुलिस टीम की सटीक विवेचना से अवैध कमाई का पूरा नेटवर्क उजागर हुआ है।

## अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से पीएचडी करेंगे हिमांशु

- मिलेगी 42 हजार अमेरिकी डॉलर की छात्रवृत्ति

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के प्रतिभाशाली युवा हिमांशु मौर्य को अमेरिका के दो विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जॉर्जिया टेक और एमोरी विश्वविद्यालय अटलांटा जॉर्जिया के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। वह 2026 सेमेस्टर से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करेंगे।



हिमांशु मौर्य

हिमांशु मौर्य को डॉ. अनंत मदाभूषि के अधीन ग्रेजुएट रिसर्च असिस्टेंट जीआरए के रूप में पूर्ण वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है। इस प्रस्ताव के अंतर्गत उन्हें वार्षिक 42 हजार अमेरिकी डॉलर लगभग 40 लाख भारतीय रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जो 31 अगस्त 2026 से प्रति माह 3 हजार 500 डॉलर की किस्तों में प्रदान की जाएगी। हिमांशु मौर्य ग्राम हैदराबाद जलालपुर के मूल निवासी हैं। हिमांशु के अभी तक सात शोध-पत्र अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं।

### पिता भारत सरकार में हैं अधिकारी

हिमांशु के पिता रामाज्ञा मौर्य भारत सरकार के केंद्रीय सचिवालय सेवा में दिल्ली में पदस्थ अधिकारी हैं। उन्होंने हाल ही में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. अरविंद के निजी सचिव के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के विशेष अधिकारी के रूप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में कार्यरत हैं। हिमांशु की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। परिवार और क्षेत्रवासियों ने हिमांशु मौर्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में घर के सामने टहल रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि डडवा मंगुराडिला गांव निवासी शंकर 80 वर्ष गुरुवार शाम अपने घर के सामने टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटरए लखनऊ रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## रामलला के नित्य वस्त्रों की सेवा के लिए मनीष को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय नागपुर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में सराहनीय योगदान देने वाली 30 विभूतियों को सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में अंबेडकरनगर जनपद के टांडा तहसील स्थित ग्राम ओदरा निवासी फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी भी शामिल रहे। उन्हें रामलला के वस्त्रों की सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बता दें कि मनीष त्रिपाठी को रामलला के वस्त्र तैयार करने की सेवा के लिए चयनित किया गया था और वह प्राण प्रतिष्ठा के दिन से निरंतर भगवान श्री रामलला के दैनिक वस्त्र तैयार कर रहे हैं। वह प्रभु के नित्य श्रृंगार के लिए समर्पित भाव से वस्त्र निर्माण में जुटे हुए हैं। इन वस्त्रों की खासियत यह है कि वह पूर्णतः भारतीय पारंपरिक परिधानों एवं टेक्सटाइल शिल्प पर आधारित होते हैं, जिन्हें श्रद्धा के साथ प्रभु के चरणों में अर्पित किया जाता है। मनीष त्रिपाठी का संकल्प है कि भगवान की सेवा के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य की पारंपरिक वस्त्र कला और टेक्सटाइल विरासत को जोड़ा जाए। इसी क्रम में वह एरी, मूगा, कोटपाड, तोड़ा, भील, बनजारा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय बुनाई शैलियों को भी रामलला के नित्य श्रृंगार का हिस्सा बना रहे हैं।



फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी को सम्मानित करते सर संघचालक मोहन भागवत।

## तमसा नदी में डूबने से बालक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मगुरा डीला गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। तमसा नदी में नहाने के दौरान 6 वर्षीय बालक गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। बता दें कि गांव निवासी अभिनय 6 वर्ष पुत्र सुक्खू गांव के किनारे बह रही तमसा नदी पर अन्य बच्चों को नहाते देख खुद भी कपड़े उतारकर नदी में उतर गया। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ में मौजूद बच्चों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बालक को तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बच्चे को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## शराब पीने से मना करने पर भतीजे ने की थी चाचा की हत्या

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जैतपुर थाना क्षेत्र के आशापार गांव में 26 अप्रैल को हुई हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ. यशवीर सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जैतपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। बता दें कि 26 अप्रैल की रात करीब 1 बजे आशापार गांव निवासी संतोष कुमार तिवारी 48 वर्ष पुत्र रामसूरत तिवारी पर घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया गया था। गंभीर हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी कमला देवी ने तहरीर देकर बताया था कि एक युवक बनियान और लोअर पहनकर घर में घुसा और उनके पति पर हमला कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने 1 मई को तडक़े करीब 2:50 बजे आशापार ट्रांसफार्मर के पास नहर पुलिया से आरोपी मोनू उर्फ इंद्रमणि तिवारी 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक कुल्हाड़ी का वेट बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब की लत को लेकर उसके चाचा उसे अक्सर डांटते-फटकारते और अपमानित करते थे, साथ ही उसकी शादी में भी बाधा बनते थे। इसी रंजिश में उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## नोडल अधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए नामित नोडल अधिकारी शमनोज कुमार ने जनपद के विभिन्न गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीसीयू द्वारा संचालित अटवाई समसुद्दीनपुर, पीसीएफ द्वारा संचालित बी-पैक्स डोमनेपुर और खाद्य विभाग द्वारा संचालित कटेहरी प्रथम गेहूं क्रय केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरानए नोडल अधिकारी ने केंद्रों पर तौल के लिए रखी गेहूं की बोरियों का वजन जांचा। उन्होंने उपस्थित किसानों से गेहूं खरीद संबंधी जानकारी भी ली। नोडल अधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह अधिक से अधिक किसानों से संपर्क करें और लक्ष्य के अनुरूप गेहूं की खरीद सुनिश्चित करें। निरीक्षण के उपरांत विशेष सचिव ने सर्किट हाउस में जनपद में गेहूं खरीद की स्थिति की क्रय केंद्रवार समीक्षा की। उन्होंने जिन क्रय केंद्रों पर औसत खरीद 22 प्रतिशत से कम है वहां पर सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही उन्होंने खरीद की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक बोरा उपलब्धता की केंद्रवार समीक्षा करने और किसी भी क्रय केंद्र पर बोरे की कमी पाए जाने पर तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक, मंडी सचिव और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** | एनटीपीसी टांडा में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विकसित भारत के लक्ष्य में श्रमिकों की भूमिका अहम : ईशा प्रिया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शनिवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं नवीन श्रम संहिताओं के संबंध में जन-जागरूकता एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन सरगम सभागार एनटीपीसी टांडा में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।



अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एनटीपीसी टांडा में आयोजित कार्यक्रम में महिला श्रमिक को सम्मानित करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को श्रमवीर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण एवं उसे विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण, उनके बच्चों की शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा और अनेक जनकल्याणकारी एवं रोजगारपरक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि वह इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा किसी भी समस्या के समाधान हेतु संबंधित तहसील, श्रम विभाग अथवा जिला कार्यालय से संपर्क करें, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विशेष रूप से महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है।

### इन लाभार्थियों को दी गई आर्थिक सहायता

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 41 लाभार्थियों को कुल 29 लाख 721 रुपए का हितलाभ वितरित किया। इसमें निर्माण कामगार मृत्यु एवं विकलांगता पेंशन योजना के 04 लाभार्थियों को 9 लाख रुपए, ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना के 01 लाभार्थी को 51 हजार रुपए, कन्या विवाह सहायता योजना के 16 लाभार्थियों को 8 लाख 80 हजार रुपए, शिशु मातृत्व बालिका सहायता योजना के 16 लाभार्थियों को 9 लाख 99 हजार 721 तथा संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के 04 लाभार्थियों को 70 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित चिकित्सा शिविर में भी बड़ी संख्या में श्रमिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सेवाओं का लाभ उठाया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए आज निकलेगी साइकिल रैली

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई की भव्य सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को सुबह 08 बजे दीवानी कचेहरी से साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस रैली में जनपद न्यायाधीश चन्द्रदोय कुमार के साथ अन्य न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, न्यायालय के कर्मचारी, न्यायरक्षक एलएडीसीएस एवं अधिकार मित्र पीएलवी प्रतिभाग करेंगे। रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण करा सकें।

**न्यूज ब्रीफ**

### सर्राफा डकैती कांड में सुनवाई 14 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : सराफा डकैती कांड में अपर जिला जज चतुर्थ श्याम मोहन जायसवाल की अदालत में सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया गवाह सुमित सेठ के शेष बयान अगली नियत तारीख पर दर्ज होगी। मामला कोतवाली नगर सुलतानपुर के चौक बाजार स्थित भरतजी सोनी की ज्वेलरी दुकान में 28 अगस्त 2024 को हुई डकैती से जुड़ा है। इस मामले में अमेठी जिले के मोहनगंज के भवानीनगर निवासी विपिन सिंह सहित कई आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### आम के पेड़ से लटक कर अधेड़ ने दी जान

सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बरूई गांव में शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बरूई गांव निवासी अमर बहादुर निषाद (55) ने अपने घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित एक आम के पेड़ से फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। ग्रामीणों ने जब पेड़ से लटका शव देखा तो हड़कंप मच गया और इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची है।

### मजलिस में शहादत के संदेश पर हुआ मंथन

सुलतानपुर, अमृत विचार : अलीनगर अमहट स्थित हुसैनिया अली हसन में सैय्यद अली खामनाई के चेहलुम की मजलिस आयोजित की गई। कार्यक्रम में मौलाना सैयद मोहम्मद हुसैन हुसैनी ने शहादत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद इंसानियत के लिए अपना जीवन समर्पित करता है और उसका नाम अमर रहता है। मौलाना फैज अब्बास की निजामत में हुई मजलिस में काफी लोग मौजूद रहे। यह जानकारी हैदर अब्बास खान ने दी।

### कटका क्लब ने मजदूरों को भेंट किए अंगवस्त्र

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : श्रमिक दिवस के अवसर पर कटका क्लब सामाजिक संस्था ने सराहनीय पहल करते हुए श्रमिकों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था के कार्यकर्ता श्रमिकों के बीच पहुंचे और उन्हें धूप से बचाव के लिए अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम का नेतृत्व बृजेंद्र मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और उनके सम्मान के लिए ऐसे प्रयास जरूरी हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने बताया कि यह पहल श्रमिकों को राहत देने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है।

# गैंगस्टर एक्ट के दोषी को आठ वर्ष का कारावास

## कोर्ट ने दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः गैंगस्टर एक्ट के मामले में अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के डोमाडीह गांव के आरोपित संदीप कुमार शुक्ल को स्पेशल गैंगस्टर जज राकेश ने शुक्रवार को दोषी मानते हुए आठ वर्ष की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक अलका सिंह ने बताया कि कोर्ट ने दोषी पर पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। मामले में सह आरोपित समर बहादुर लोनिया की सुनवाई के दौरान मौत हो गई है जबकि एक अन्य सह आरोपित विश्राम पासी की पत्रावली अलग हो गई है। 24 जुलाई 2012 को जगदीशपुर के तत्कालीन एसओ जैनुद्दीन अंसारी ने आरोपितों के खिलाफ जगदीशपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व विधायक के केस में दरोगा समेत दो तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनकी बहन के खिलाफ चल रहे हर्ष फायरिंग के मुकदमे में शुक्रवार को अभियोजन गवाह रिटायर्ड दरोगा मातादीन व रिटायर्ड कांस्टेबल रवि प्रकाश श्रीवास्तव को तलब कर सुनवाई के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने 13 मई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक धनपतगंज थाने में तैनात तत्कालीन उप निरीक्षक सुशील कुमार ने वायरल वीडियो के आधार पर पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के खिलाफ 14 जून 2021 को आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू का भी नाम पुलिस ने सामने लाते हुए दोनों लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

### मतऊ हत्याकांड में जमानत पर सुनवाई आज

● विवेचक को कोर्ट ने किया तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : कुड़वार बाजार में भूमि विवाद में प्रापर्टी डीलर माता प्रसाद पांडेय की हत्या के मामले में जेल भेजे गए आरोपी राहुल सिंह की जमानत पर सुनवाई शुक्रवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत में शुरू हुई। आरोपी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया आरोपी के दो पते सामने आने के कारण उस पर स्पष्टीकरण के लिए विवेचक को शनिवार को तलब किया गया है तथा उसी दिन जमानत पर सुनवाई होगी। मृतक माता प्रसाद पांडेय के पुत्र अवनीश पांडेय ने तहरीर में बताया कि 26 मार्च की शाम माता प्रसाद कुड़वार बाजार स्थित अपनी दुकान पर खड़े थे। तभी दो बाइक पर सवार आरोपी वहां पहुंचे। गोली मारकर हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए थे जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### प्रधान हत्याकांडः इंस्पेक्टर की गवाही दर्ज, अगली सुनवाई 18 मई को

मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में ग्राम प्रधान गुरुशरण यादव की हत्या के बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रभारी सर्विलांस सेल बृजेश सिंह अभियोजन पक्ष के छठे गवाह के रूप में अदालत में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेश चन्द्र तिवारी ने गवाह से विस्तृत जिरह की, जो पूर्ण हुई। अदालत ने शेष अभियोजन गवाहों को तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि तीन दिसम्बर वर्ष 2021 में ग्राम प्रधान गुरुशरण यादव की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों राम भवन यादव और मो. शाहिद अली उर्फ छोटू के खिलाफ हत्या एवं आर्म्स एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में अब साक्ष्य चरण जारी है।

### संपत्ति के लालच में पिता पर किया हमला

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : धनपतगंज थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव में पारिवारिक संपत्ति विवाद बेटे ने अपने ही पिता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मां ने बेटे पर मुकदमा दर्ज कराया है। यशोमति देवी के अनुसार उनका पुत्र उमानाथ दूबे उर्फ सोनू लंबे समय से अपने पिता सत्यप्रकाश दूबे पर पूरी संपत्ति अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। तीन दिन पहले ही उसने परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी थी। घटना गुरुवार की सुबह करीब 07 :30 बजे की है, जब सोनू सूरत से घर पहुंचा और पिता के बारे में पूछताछ करने लगा। जैसे ही उसके पिता घर पहुंचे, आरोपी ने चाकू से उन पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान चाकू उनकी गर्दन में लग गया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई बहू स्वाती पर भी आरोपी ने वार कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गई। धनपतगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सऊदी भेजने के नाम पर दो लाख की ठगी

संवाददाता, सुलतानपुर

● प्रभारी मंत्री व पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार तो दर्ज हुआ मुकदमा

अमृत विचारः लम्भुआ थाना क्षेत्र से विदेश भेजने के नाम पर ठगी और धमकी का मामला सामने आया है।

देवलपुर गांव निवासी रिंकी सरोज पत्नी राहुल कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.20 लाख रुपये हड़प लिए गए। राहुल कुमार के अनुसार 20 नवंबर 2023 को हाटा बाजार में महफूज खान उर्फ निसार फुरकान खान और अफसर इद्रीशी से मुलाकात हुई। आरोप है कि तीनों ने उसे सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का लालच दिया और पासपोर्ट, वीजा व टिकट के नाम पर रकम मांगी। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में गूगल पे और नकद के जरिए कुल-2,20,000 रुपये से अधिक दे दिए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। जब उसने दबाव बनाया तो 9 जुलाई 2024 को हाटा बाजार में आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश भी की, जिससे वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचा सका। लंभुआ कोतवाल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### वीजा के नाम पर 1.32 लाख की ठगी

लंभुआ, सुल्तानपुर : विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला से 1.32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता रिंकी सरोज निवासी देवलपुर की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिंकी का आरोप है कि अफसर इंद्रीशी, आफताब आलम और निसार उर्फ महफूज ने वीजा बनवाने के नाम पर जनवरी से अप्रैल 2024 के बीच किश्तों में 1,32,800 रुपये ऑनलाइन माध्यम से लिए। बाद में तकनीकी समस्या बताकर वीजा देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने धोखाधड़ी, धमकी व एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फल लदा डीसीएम पलटा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब किलोमीटर संख्या 126.2 पर एक वाहन अनियंत्रित होकर सर्विस लेन में पलट गया। यह वाहन कानपुर से फल लादकर कुशीनगर जा रहा था। जानकारी के अनुसार चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी दाहिनी ओर पलट गई। हादसे के समय वाहन में चालक प्रदीप कुमार (38) और परिचालक लवकुश पटेल सवार थे। गनीमत रही कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। चालक ने बताया कि दुर्घटना के वक्त परिचालक वाहन चला रहा था, जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सहायक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यातायात सामान्य है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।



सर्विस लेन पर पलटा डीसीएम। ● अमृत विचार

● परिचालक चला रहा था डीसीएम, बाल-बाल बचे चालक और परिचालक

### कार ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर : धम्मौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। घटना 29 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे की है, जब पलिया गांव निवासी अमित चौहान अपने साथी विकास कुमार के साथ धम्मौर बाजार से घर लौट रहे थे। राजेन्द्र चौहान के अनुसार, निगोलिया से आगे नए पेट्रोल पंप के पास चार पहिया वाहन कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर 108 एंबुलेंस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। धम्मौर थाने की पुलिस तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है और आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# मदरसे में फंदे से लटका मिला छात्र का शव, हड़कंप

● प्र14 वर्षीय रेहान की मौत के बाद पुलिस ने परिसर किया सील

चंदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के तातोमुरैनी गांव स्थित मस्जिद-मदरसे के संयुक्त परिसर में शुक्रवार को एक 14 वर्षीय छात्र का शव फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान रेहान पुत्र नौशाद) के रूप में हुई है, जो कक्षा 6 का छात्र था। घटना की सूचना मिलते ही चांदा पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को सील कर दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर मामला संदिग्ध माना जा रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।

घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रेहान तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई साहिल (16), छोटा भाई दानिश (12) और एक बहन (9) है। मौके पर सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर और एसएचओ चांदा अमित मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। एसओ ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुटी है।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

संवाददाता सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश मध्यांचल के तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्थानों पर बुद्ध की 2570वीं त्रिविधि पावनी पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शहर में निकाली गई प्रभात फेरी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी रेलवे स्टेशन से शुरू होकर पंचरास्ता, दरियापुर स्थित अंबेडकर बौद्ध विहार, अंबेडकर पार्क, खैराबाद डाकखाना होते हुए विकास भवन के पास स्थित डॉक्टर अंबेडकर पार्क पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा और शांति, करुणा व भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और समाज में सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।



प्रभात फेरी निकालते दि बुद्धिस्ट सोसाइटी के लोग। ●

● दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम



पूर्व मुख्यमंत्री से मिलते दुर्गेश मिश्र। ● अमृत विचार

### पूर्व मुख्यमंत्री से मिलकर उठाईं जनसमस्याएं

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : कटका बाजार निवासी समाजसेवी दुर्गेश मिश्र ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर जनपद की समस्याएं अनोखे अंदाज में उठाईं। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं की परेशानियों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उनकी प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह रचनात्मक तरीके से जनता की आवाज उठाना सराहनीय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# देवर्षि नारद थे विश्व के प्रथम पत्रकार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुशभवनपुर प्रचार विभाग द्वारा आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काशी प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख मुरार त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुई। डॉ. बाल किशोर झा ने अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मुरार त्रिपाठी ने देवर्षि नारद को विश्व का प्रथम पत्रकार बताते हुए उनकी पत्रकारिता को लोकमंगलकारी और निष्पक्ष बताया। उन्होंने कहा कि नारद जी सज्जनों के रक्षक और दुष्टों के विरोधी थे तथा लोकहित में संवाद स्थापित करते थे। उन्होंने वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच नारदीय परंपरा की प्रासंगिकता पर जोर दिया और कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता आज सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन डॉ. एके सिंह ने किया। मंच संचालन शक्ति पाठक ने किया। इस दौरान श्रीप्रकाश, डॉ. राधा कृष्ण मिश्र, नीरज त्रिपाठी, सुशील जी, अभिषेक शुक्ल और देवेंद्र पाठक सहित आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

● आरएसएस द्वारा आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

### सात परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले में बुधवार की शाम आए तेज आंधी-तूफान में सात लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतकों के आश्रितों को राहत प्रदान की। डीएम इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर सभी मृतकों के परिवारों को राज्य आपदा मोचक निधि से जान गवाए लोगों के परिवारों को चार लाख रुपए की अहैतुक सहायता राशि वितरित कर दी गई। जानकारी के अनुसार, तहसील सदर में तीन और बल्दीराय तहसील तीन तो कादीपुर में एक की मौत हुई थी। इस दुखद घटना पर जिलाधिकारी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। साथ ही प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें और खराब मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# वसीयत की जमीन को लेकर मां पर बेटे-बहू का अत्याचार

संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार : चांदा थाना क्षेत्र के सिहौली गांव की एक विधवा महिला ने अपने ही बेटे-बहू समेत कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सरिता देवी, पत्नी स्व विजय कुमार रजक, ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला के अनुसार, वह पिछले 14 वर्षों से पति की मृत्यु के बाद अकेले मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं। उनकी सास शोभा देवी ने वर्ष 2018 में अपनी संपत्ति वसीयत के जरिए उनके नाम कर दी थी। आरोप है कि इस वसीयत की जानकारी होने के बाद पुत्र सतीश और बहू सुमन समेत अन्य परिजनों ने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।सरिता देवी का कहना है कि आरोपी आए दिन घर पर आकर गाली-गलौज करते हैं और जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करते हैं। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है। 15 मार्च 2026 की शाम जब वह मजदूरी करके घर लौटीं, तो आरोपितों ने ईंट, पत्थर और डंडों के साथ उन्हें घर में घुसने से रोक दिया। डरी सहमी महिला ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। महिला का कहना है कि वह पहले भी कई बार पुलिस अधिकारियों को शिकायत दे चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वही इस संबंध मे चांदा कोतवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम SAYEED AHMAD से बदलकर SAYEED AHMAD SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHAMSUL HUDA SIDDIQUI ADD-PLOT NO -72 ADIL NAGAR SHANKAR PURWA VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW-226022-(U.P.)

**सूचना**

मैं **चन्द्रभान सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह नि. ग्रा. पूरे अमान सिंह म. जलालपुर धई, पो. लोधवामऊ, पर./तह. सदर, जिला रायबरेली** का हूँ। मैं पहले चन्द्रभान के नाम जाना जाता था। अब मैं चन्द्रभान सिंह के नाम से जाना जाता हूं। दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

मैं **अशोक कुमार पुत्र श्री जगमोहन प्रसाद व संतोष कुमारी पत्नी अशोक कुमार निवासींगण ग्राम बडनापुर पोस्ट व थांना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी,** अपने सबसे बड़े लडके अनिकेत आजाद व उसकी पत्नी अंशिका शर्मा व सबसे छोटे पुत्र आयुश शर्मा के गलत चाल-चलन के कारण अपने उपरोक्त दोनों पुत्र व बहू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। उपरोक्त द्वारा वाद-विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्य यदि दोनो पुत्र या बहू करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगें । मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नही है। ना तो किसी प्रकार का को वास्ता व सरोकार रहेगा।

**आवश्यकता**

पी0आर0 मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पता-नूरपुर बेहटा, किसान पथ, मल्हौर, लखनऊ में बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 05 असि0 प्रो0, प्राचार्य-1 एवं बी0ए0 हेतु (अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, साइकोलाजी) प्रत्येक विषय में एक-एक असि0प्रो0 की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें। मो0- 9076710004, 9076710002। नोट-योग्यता व वेतनमान यू0जी0सी0/ ल0वि0वि0 के अनुसार।

**सूचना**

मैने अपने (माइनर) पुत्र अरूस कनौजिया का नाम बदलकर कार्तिक कनौजिया रख लिया है। भविष्य मे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **कार्तिक कनौजिया** S/0-**अन्नू** 545/211K **पुराना महानगर जिला-लखनऊ उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **महेश दत्त तिवारी पुत्र स्व. राधिका प्रसाद तिवारी ग्राम भदुआ तरहर पोस्ट-फिरोजपुर तरहर थाना-कोतवाली देहात जिला-गोण्डा** का निवासी हूं। कपिलदेव, रामदेव, वासुदेव, ऋषिदेव व मुक्तिदेव यह पांचो मेरे पुत्र नहीं हैं और न ही मेरा इन लोगों से कोई सम्बन्ध है। इनके द्वारा पिता के रुप में मेरा नाम इस्तेमाल करना अवैध व गैरकानूनी होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 4 मई 2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशनपुर ब्लाक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी
मोबाइल नंबर 94506 87059

**सूचना**

मैंने अपना नाम AKLIM से बदल कर MOHD AKLEEM रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:DILSHAD KHAN R/O: 7 ,UMMADJOT GONDA UTTAR PRADESH- 271123


**आयोजन** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में आयोजित हुई फेयरवेल पार्टी

# लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी : प्राचार्य

कार्यालय संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः राणा प्रताप पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व महाराणा प्रताप के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी, उपप्राचार्या प्रो. निशा सिंह सहित विभागीय शिक्षकों की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व काव्य प्रस्तुत कर समां बांधा।





फेयरवेल पार्टी में शामिल छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

समारोह में पूर्णिमा सिंह को इरावती कर्वे पुरस्कार तथा भानु प्रताप को अगस्त कांटे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन व ज्ञान के बल पर समाज में पहचान बनाने की प्रेरणा दी, जबकि अन्य शिक्षकों ने भी सफलता के लिए परिश्रम, समर्पण और सकारात्मक सोच पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रबंधक ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अखंड नगर, सुलतानपुर : श्रीमती शोभावती देवी इंटर कॉलेज, रघुनाथनगर में मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश गौतम एवं विशिष्ट अतिथि गणेश राम मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इंटरमीडिएट में प्रियांशी मौर्या (91.4 प्रतिशत) प्रथम, दीपिका यादव द्वितीय व शीतल दुबे तृतीय रहीं। हाईस्कूल में निधि गौरव (91.66 प्रतिशत) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित मिश्रा व लाडली क्रमशः द्वितीय व तृतीय रहे। अतिथियों ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रबंधक डॉ. जे.पी. दुबे व प्रधानाचार्य अलख निरंजन पाण्डेय ने सफलता का श्रेय छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को दिया।





मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

### कृषि भवन पास से वाहन ले गए चोर

भदैंया सुलतानपुर, अमृत विचार : अहिमाने कृषि भवन के पास गुरुवार सुबह दिनदहाड़े एक पिकअप वाहन चोरी हो गया। घटना के मुताबिक रवि कुमार कसौधन नगर कोतवाली के चौक मेजरगंज, चित्रा गली के मूल निवासी हैं और अहिमाने में कृषि भवन के सामने सामान का गोदाम स्थित है। गुरुवार सुबह लगभग 08 :15 बजे रवि कसौंधन अपने गोदाम पर माल उतरवाने के लिए गए थे। उनकी सफेद रंग की पिकअप वाहन को उसका चालक जितेंद्र वाहन को गोदाम से बाहर निकालकर सड़क किनारे खड़ा कर रवि और जितेंद्र दोनों माल उतरवाने में व्यस्त हो गए। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोदाम के सामने खड़ी पिकअप को चुरा लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन के विवाद में पिटाई, मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा :** बैरीपुर रामनाथ निवासी प्रेमनाथ ने बताया कि बुधवार को जमीन के विवाद को लेकर गांव के ही राम लुटावन व उनकी पत्नी गुड़िया देवी ने पीड़ित की पुत्री पलक को मारे पीटे और धमकी दी जिससे उसके सिर में काफी चोटें आईं। चौबेपुर निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर 25 अप्रैल को हीरालाल, हंसराज, मंजू व पूनम ने घर पर आकर फूस के छप्पर को गिरा दिए और पीड़ित व उसकी मां सुशीला, पत्नी मंजू को पीटा और धमकी दी। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि पीड़ितों के तहरीर पर तीन महिला सहित छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### दारोगा का स्थानांतरण

**कटरा बाजार, गोंडा :** कटरा बाजार में तैनात उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह व चौकी प्रभारी पहाडापुर अशोक कुमार सिंह के स्थानांतरण पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम में निरीक्षक अपराध मनोज पाठक, उपनिरीक्षक पेशकार यादव, सुरेंद्र सिंह, संजय राय, संजय कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानपूर्वक विदा किया।

### किशोरी हुई अगवा

**कटरा बाजार, गोंडा :** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को दूसरे गांव का एक युवक भाग ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस कर लिया है। निरीक्षक अपराध मनोज पाठक ने बताया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बेटी को रायपुर फकीर गांव निवासी प्रदीप मिश्र पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मजदूर दिवस पर श्रमिक संगठनों ने भरी हुंकार

## उपश्रमायुक्त कार्यालय परिसर में सभा का आयोजन, श्रमनीति को लागू करने की उठी मांग

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों कर्मचारियों की आयोजन समिति के तत्वावधान में उपश्रमायुक्त कार्यालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मीनाक्षी खरे, पूजा पांडेय, सत्यप्रकाश पांडेय, सुनील सिंह, अमिरका यादव ने संयुक्त रूप से किया। संचालन कॉमरेड अमित शुक्ला ने किया।

सीटू प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेंद्र पांडेय ने 1886 के मजदूर आंदोलन के ऐतिहासिक तथ्यों को रखते हुए कहा कि मजदूर दिवस केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का समय नहीं है आज ये समय चार लेबर कोड के खिलाफ, निजीकरण के खिलाफ, श्रमिकों के हर उस शोषण के खिलाफ लड़ने के संघर्षों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। एटक के वरिष्ठ नेता कॉमरेड सत्यनारायण त्रिपाठी ने कहा कि मई मजदूर दिवस हमे नए संघर्षों के साथ अपने हर मांग को लेकर हर संगठन को, हर झंडे हर धंधे के मजदूरों और किसानों छात्रों नौजवानों महिलाओं को एक साथ लाकर सरकार की राजनीति के पीछे जो घिनौनी नीति है को उजागर करने की जरूरत है और हम सब ये करेंगे। मई मजदूर दिवस कार्यक्रम को रामकृपाल यादव, रामरंग चौबे, रविन्द्र सिंह, कुसुम तिवारी, रघुनाथ, ब्रह्मानंद मिश्रा, दिलीप शुक्ला, मनोज सिंह, रानीदेवी पाल, सूर्यकिशोर शर्मा, शुक्ला प्रसाद शुक्ला , हरिओम श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए श्रमनीति को लागू किया जाएगा। सभा के बाद पंद्रह सूत्रीय मांगों का मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व श्रमआयुक्त उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन उपश्रमायुक्त अनुभव वर्मा को सौंपा गया। न्यूनतम वेतन में वृद्धि कर उसे महंगाई के अनुरूप कम से कम 26,000/- मासिक किया जाए तथा वर्तमान घोषित वेतन को सख्ती से लागू किया जाए। साथ ही इंजीनियरिंग उद्योग एवं बीड़ी मिल के श्रमिकों का वेतन पुनरीक्षण किया जाए, तथा वेतन सीमा 31,000/- निर्धारित की जाए। मजदूर दिवस कार्यक्रम में संतोष शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, साधना देवी, डीएस सिंह, गिरजावती मौर्य, बजरंगी, राजू तिवारी, साजिद अली खान, अजीत श्रीवास्तव, ममता, राधा कुमारी, भारती देवी, नीलम श्रीवास्तव, मधु मिश्रा, विनय श्रीवास्तव, उमा देवी, रामावती, रेनू शर्मा, रुक्मणि, किरण तिवारी, राजू गुप्ता सहित सैकड़ों संख्या में लोकनिर्माण, सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, पूर्वांचल चीनी मिल कर्मचारी यूनियन, यूपीएमएसआरए, संविदा निविदा आउटसोर्सिंग स्कीम वर्कर्स कर्मचारी संगठनों से मजदूर शामिल रहे।



मजदूर दिवस पर आयोजित सभा में मौजूद श्रमिक नेता। अमृत विचार


श्रमिक दिवस पर लगे स्वास्थ्य शिविर में मौजूद डॉक्टर व कर्मचारी। अमृत विचार


कार्यस्थल पर मजदूरों का सम्मान करते बीडीओ व अन्य। अमृत विचार

### श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**इटियाथोक, गोंडा :** विकासखंड के ग्राम पंचायत सिसई बहलोलपुर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ विजय कुमार मिश्रा ने श्रमिकों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके परिश्रम व योगदान की सराहना की। इस दौरान श्रमिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार तिवारी ने भी श्रमिकों का सम्मान करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। एआरपी गिरिजेश कुमार पांडे ने कहा मनरेगा एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। सचिव जाह्नवी तिवारी ने भी श्रमिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सावित्री देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी, मेवालाल, राम बहादुर, अर्जुन, मनोज कुमार, प्रहलाद, हनुमान आदि रहे।

### श्रमिक दिवस : शिविर में 75 मरीजों का उपचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सतीश चंद्र पांडे मेमोरियल हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन आयुष्मान मित्र निरंकार पांडेय के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के श्रमिकों एवं आम नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान कुल 75 मरीजों की ओपीडी में जांच कर उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में डॉ. ए.के. शर्मा, राकेश चौबे, प्रभुनारायण सिंह, सुश्री अंचल, ममता पाल, आसमा खान, आयुष्मान भारत योजना के मैनेजर रमेश कुमार पीएमएएम तथा सतेंद्र कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में पांच लाख रुपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

### कोर्ट के आदेश पर जालसाजी का केस दर्ज

**बालपुर, गोंडा :** नकहा बसन्त निवासी पीड़ित शंकर दयाल की तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित शंकर दयाल ने आरोप लगाया है कि विपक्षी शिवकुमार ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर 29 जनवरी 2025 को उसकी जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। जब उसने इसका विरोध किया, तो 22 फरवरी 2026 को उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित के अनुसार, उसने स्थानीय थाना एवं संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मजबूर होकर उसने न्यायालय की शरण ली। शंकर दयाल ने 20 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की थी। अब कोर्ट के निर्देश पर कर्नलगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लोक अदालत के प्रचार-प्रसार पर जोर

**गोंडा, अमृत विचार :** नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार और तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा की सचिव अंकिता सिंह ने सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को अपने अपने कार्यक्षेत्र में जाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किए जाने के पीछे मंशा ये है कि लोगों को व्यर्थ की मुकदमेबाजी से बचाया जाए। इसके लिए इसका व्यापक स्तर पर जन जागरण होना आवश्यक है। उन्होंने सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को राष्ट्रीय लोक अदालत व मध्यस्थता अभियान से संबंधित पोस्टर, पेंटिंग और स्लोगन तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर त्रिविधि पावनी समारोह आयोजित


कार्यक्रम में बोलते बसपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** भीम ज्योति बुद्ध विहार पंडरीशंकर खिरौरा मोहन रेलवे क्रॉसिंग परिसर में त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा समारोह का आयोजन श्रद्धा के साथ हुआ। अध्यक्षता बुद्ध विहार के संस्थापक सदस्य एवं बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र गौतम ने की। मुख्य अतिथि बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी राजकुमार कुरील उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त बीडीओ कमलेश कुमार गौतम व देवीपाटन मंडल प्रभारी जीवनलाल गौतम रहे। अध्यक्ष व अतिथियों ने तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा तथा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन जयराम सुमन, वरिष्ठ प्रबंधक (सेवानिवृत्त), प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने किया। वक्ताओं ने बुद्ध के उपदेशों को समाज में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर कमलेश कुमार चौधरी, मनोज कनौजिया जिलाध्यक्ष बसपा, रामशरण गौतम, अवधेश कुमार एडवोकेट, अभय प्रताप गौतम, बाबूलाल, प्रेमराज, अनूप बौद्ध नूर आलम सहित बड़ी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

# प्रेमानुराग से सराबोर होगी रामकथा

- कल से शुरू होगा भव्य महोत्सव लाखों भक्तों के जुटने की उम्मीद

संवाददाता, गोंडा


जानकारी देते ब्लॉक प्रमुख कटरा बाजार व आयोजन समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** कौड़िया बाजार स्थित सम्मय माता मंदिर पैड़ीबरा में 3 से 11 मई तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा का महोत्सव पूरे क्षेत्र को भक्ति और प्रेमानुराग के रंग में रंगने जा रहा है। कथावाचक राजन जी महाराज श्रद्धालुओं को रामकथा का दिव्य रसपान कराएंगे।

महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा संग होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं कटरा बाजार के ब्लॉक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल ने बताया कि भक्त सुबह सरयू नदी करनैलगंज से जल भरकर यात्रा के रूप में मंदिर स्थल तक पहुंचेंगे। कलश पूजन के पश्चात कथा शुरू होगी। चार को शिव-पार्वती विवाह, पांच को श्रीराम जन्मोत्सव, छह को बाल लीलाएं, सात को धनुष यज्ञ एवं सीताराम विवाहोत्सव संग परशुराम-लक्ष्मण संवाद का जीवंत चित्रण होगा। आठ मई को वनगमन व केवट प्रेम, नौ को राम-भरत मिलन, 10 मई को शबरी प्रेम व श्रीराम द्वारा जूठे बेर ग्रहण करने की मार्मिक कथा सुनाई जाएगी। 11 को कथा समापन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान जी की महिमा और श्रीराम के राज्याभिषेक का वर्णन किया जाएगा। 12 मई को भव्य भंडारे का आयोजन होगा जिसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।

### स्टेशन मास्टर पर लगाया महिला से बदसलूकी का आरोप, शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा :** ट्रेन पकड़ने स्टेशन पहुंची एक महिला ने स्टेशन मास्टर पर बदसलूकी, गाली-गलौज और मोबाइल छीनने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत जीआरपी प्रभारी से कर कार्रवाई की मांग की है। नगर के सकरौरा निवासी पिंकी ने दी गई शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार सुबह करीब सवा छह बजे अपने जीजा श्री कुमार और दीदी सुभाषिनी के साथ सीतापुर जाने के लिए करनैलगंज रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। उनका कहना है कि प्लेटफॉर्म नंबर एक खाली होने के बावजूद ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आने की घोषणा की गई। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए वह अपने जीजा के साथ स्टेशन मास्टर उत्तम शोला के पास पहुंचीं। आरोप है कि पूछताछ करते ही स्टेशन मास्टर आगबबूला हो गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं, महिला ने मोबाइल छीनने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि प्लेटफॉर्म नंबर एक खाली रहने के बावजूद अपसाइड की ट्रेनों को जानबूझकर प्लेटफॉर्म नंबर दो पर रोका जाता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है। महिला ने स्टेशन मास्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जीआरपी से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# 2 हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, रेल संचालन बाधित

**परेशानी**

नवाबगंज, गोंडा


दो भागों में बंटने के बाद खड़ी मालगाड़ी।

**अमृत विचार :** अयोध्या-मनकापुर रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह एक मालगाड़ी अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। चलते समय उसके 10 डिब्बे इंजन से अलग हो गए, जिससे कुछ देर के लिए रेल संचालन प्रभावित रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डाउन दिशा में जा रही नौतनवा मालगाड़ी जैसे ही टिकरी रेलवे क्रॉसिंग संख्या 12 सी पार कर रही थी, तभी अचानक उसके 10 डिब्बे इंजन से अलग हो गए। इंजन डिब्बों को पीछे छोड़ते हुए करीब 100 मीटर आगे जाकर रुक गया, जबकि अलग हुए डिब्बे ट्रैक पर ही खड़े रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन की महिला गार्ड ज्योति ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी। इसके बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाए गए, जिससे स्थिति को नियंत्रित किया जा सका और एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर रेलवे कर्मचारियों ने पहुंचकर अलग हुए डिब्बों को दोबारा जोड़ने का काम शुरू किया। गार्ड की निगरानी में करीब 18 मिनट की मशक्कत के बाद सभी डिब्बों को फिर से इंजन से जोड़ दिया गया। इसके बाद मालगाड़ी को मनकापुर की ओर रवाना कर दिया गया। इस दौरान ट्रेन कुछ समय तक मौके पर खड़ी रही, जिससे आसपास के लोगों की भीड़ भी वहां जुट गई।

कटरा आरपीएफ चौकी प्रभारी एसपी चौबे ने बताया कि मालगाड़ी में आयरन रॉड लदी थी और वह मनकापुर की ओर जा रही थी। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय प्रेशर पाइप अलग हो जाने के कारण यह समस्या हुई। उन्होंने कहा कि मामले की विभागीय जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध तमंचे संग एयरपोर्ट पर पकड़ा गया युवक

**मनकापुर, गोंडाः** कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर लखपतराय गांव का एक युवक दुबई जाने के दौरान लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अवैध असलहे के साथ पकड़ा गया। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से मामला उजागर हुआ, जिसके बाद स्थानीय पुलिस भी जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि चांदपुर लखपतराय निवासी महेश कुमार चौहान (25) पुत्र घनश्याम चौहान दुबई जाने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट पहुंचा था। चेकिंग के दौरान जब वह अपनी अटैची को स्कैनर से अलग निकालने की कोशिश कर रहा था, तो वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उसे नियमित प्रक्रिया से गुजरने को कहा। स्कैनिंग के दौरान ब्रीफकेस में संदिग्ध वस्तु का अलर्ट मिलने पर सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल बैग खुलवाया। जांच में कपड़ों के बीच छुपाकर रखा गया एक तमंचा बरामद हुआ। इसके बाद सरोजिनी नगर थाना की पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।उधर, लखनऊ पुलिस की सूचना पर कोतवाली मनकापुर पुलिस भी सक्रिय हो गई है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही एक टीम युवक के घर भेजी गई है और उसके संबंध में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

### किशोरी लापता रिपोर्ट हुई दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार उनकी 14 वर्षीय बेटी 24 अप्रैल को सुबह करीब 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि संजीत कुमार निवासी ग्राम गोंदहा, थाना कोतवाली देहात, गोंडा उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़िता की मां ने कोतवाली पहुंचकर मामले की सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# चिंतापुरवा में निर्माणाधीन मकान की छत पर खेल रहे 2 बच्चे करंट से झुलसे, रेफर

**परसपुर, गोंडाः** थाना क्षेत्र के ग्राम चिंतापुरवा परेटा में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। निर्माणाधीन मकान की छत पर खेल रहे दो मासूम बच्चे ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। ग्राम निवासी भागवत शरण तिवारी के निर्माणाधीन मकान की छत पर उनके भतीजे अजीत कुमार तिवारी के पुत्र आदित्य (10) एवं पुत्री आकांक्षा (8) खेलते हुए चढ़ गए। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दोनों बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद


आदित्य।


आकांक्षा।

परिजन पुलिस को सूचना देते हुए बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से बच्चों को लखनऊ रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि आदित्य की तबियत कुछ ठीक है लेकिन आकांक्षा की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग पूर्व में कई बार विद्युत विभाग से की गई थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप यह बड़ा हादसा सामने आया। गौरतलब है कि हाल ही में छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के बाद प्रशासन द्वारा जिले के संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की कवायद शुरू की गई थी। अब फिर ऐसी घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पुलिस ने राह चलते चोरी करने वाले गिरोह का किया खुलासा, 7 गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** जनपद में राह चलते आमजन को निशाना बनाकर चोरी की घटनाएं अंजाम देने वाले गिरोह का कोतवाली नगर पुलिस ने सफल अनावरण किया है। पुलिस ने गिरोह के 7 सदस्यों महिला, पुरुष को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं, जबकि एक बाल अपचारी किशोरी को अभिरक्षा में लिया गया है। बीते 29 अप्रैल को वादिनी रेनू गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी बहन के साथ बस स्टेशन से ई-रिक्शा में घर लौट रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात महिलाएं भी रिक्शा में सवार हुईं और बच्चे को संभालने में व्यस्त होने का फायदा उठाकर उनके बैग से मंगलसूत्र, कान का झाला और नथुनी चोरी कर ली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे भीख मांगने के बहाने विभिन्न जनपदों में घूमते हैं और भीड़भाड़ वाले स्थानों बस अड्डों, बाजारों और ई-रिक्शा में महिलाओं को निशाना बनाते हैं। गिरफ्तार आरोपी मे अनीशा पत्नी गोविन्दा, निप्ती पत्नी रंजन खरवार, अन्नू देवी पत्नी गुलाब, प्रियंका पुत्री रामराजे उर्फ गुलाब राय, गोविन्दा पुत्र गुलाब, हरिओम पुत्र गुलाब, अखिलेश पुत्र राकेश शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मंगलसूत्र, अंगूठियां, नथुनी, झुमके, बिछुए, पायल सहित अन्य सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

**चुनावी हलचल**

**उपमुख्यमंत्री सहित एक दर्जन से अधिक मंत्री, सांसद, विधायक व विपक्षी नेताओं का हो सकता है संगम**

# रामकथा या शक्ति प्रदर्शन? कटरा बाजार में 2027 का ट्रेलर

- धार्मिक आयोजन में राजनीतिक रसूख दिखाने की हसरत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र में आगामी तीन मई से शुरू हो रही श्रीराम कथा सिर्फ धार्मिक आयोजन है या 2027 का आगाज। सवा लाख आमंत्रण ऊपर से दो ढाई लाख स्थानीय लोगों को कथा के बहाने जुटाने का प्रयास राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है। इसका कारण 2027 विधानसभा में प्रबल दावेदारी मानी जा रही है।

कौड़िया बाजार के पास पैड़ी गांव स्थित सम्मय माता मंदिर परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के जरिए कटरा ब्लॉक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल अपनी राजनीतिक ताकत का बड़ा संदेश देने की तैयारी में हैं। आठ दिनों तक चलने वाली इस कथा में सवा लाख लोगों को आमंत्रित किया गया है, जबकि स्थानीय स्तर पर दो से ढाई लाख की भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है।

कथा के लिए रामकथा के प्रसिद्ध मर्मज्ञ राजन जी महाराज को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, एक दर्जन मंत्री, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी, कई सांसदों और विपक्ष के नेताओं को भी न्योता भेजा गया है, जिससे धार्मिक आयोजन का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है।

दरअसल, भवानी भीख शुक्ल 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वर्ष 2022 के चुनाव में भी उन्होंने दावा ठोका था, लेकिन पार्टी ने मौजूदा विधायक बावन सिंह को टिकट दिया था। अब एक बार फिर शुक्ल पूरी सक्रियता के साथ अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो एक समय भवानी भीख शुक्ल और बावन सिंह के बीच बेहद करीबी संबंध थे। शुक्ल को विधायक का दाहिना हाथ माना जाता था और चुनावी जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। लेकिन पिछले चुनाव के बाद दोनों के रिश्तों में तल्खी बढ़ गई। हालात इतने बिगड़े कि एक साल पहले ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट भी हुई थी। इसके बाद से दोनों नेताओं के बीच दूरी लगातार बढ़ती गई है और अब दोनों 2027 चुनाव के लिए अलग-अलग रणनीति पर काम कर रहे हैं।

बताया जाता है कि भवानी भीख शुक्ल की नजदीकी कैसरगंज सांसद करन भूषण शरण सिंह और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह से भी है, जिससे उनकी राजनीतिक पकड़ और मजबूत मानी जाती है। वहीं, क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से आध्यात्मिक और सामाजिक आधार पर उन्होंने अपनी मजबूत पहचान बनाई है और पांच बार से ब्लॉक प्रमुख रहते हुए संगठनात्मक पकड़ भी कायम रखी है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी तेज है कि भाजपा संगठन इस बार टिकट वितरण में बदलाव के मूड में है। ऐसे में इस तरह के भव्य आयोजन को राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन और जनाधार दिखाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। कुल मिलाकर, श्रीराम कथा का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी का स्पष्ट संकेत देता नजर आ रहा है। चुनाव में अभी समय जरूर है, लेकिन कटरा बाजार की राजनीति में हलचल अभी से तेज हो गई है और यह आयोजन कहीं न कहीं आगामी चुनाव का पूर्व शंखनाद साबित हो सकता है।


छात्राओं को जानकारी देते नेचर क्लब के अभिषेक दूबे। अमृत विचार

### भारत को बीफ निर्यात में अग्रणी डेयरी उद्योग अहिंसक नहीं

**संवाददाता गोंडा, अमृत विचार :** भोजन के पर्यावरण, प्राणियों और मानव स्वास्थ्य के संबंधों पर गहराई से चर्चा और सभी को बचाने के लिए पौध आधारित वीगन जीवनशैली अपनाने संबंधी एक गोष्ठी का आयोजन अवध नर्सिंग कॉलेज में वीगन आउटरीच के माध्यम से किया गया। मुख्य वक्ता अभिषेक दुबे ने बताया कि किस तरह धरती पर सबसे अधिक भूभाग का इस्तेमाल पशु उत्पादों के उत्पादन में किया जा रहा है जो जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता विनाश आदि का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि जिस तरह गाय, भैंस का बहुत से छोटी सी उम्र में गर्भाधान कराया जाता है, बार बार उसे लगातार गर्भधारण कराया जाता है, उसके शरीर में उनकी क्षमता से अधिक दूध का उत्पादन कराए जाने के कारण वे पशु कई बीमारियों आदि से ग्रसित रहते हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल सिंह भदौरिया ने बताया कि इस गोष्ठी से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण व जीवों के अधिकारों के बारे में काफी कुछ जानने को मिला तो सचमुच सबकी जीवनशैली को बेहतर बनाने का बढ़िया माध्यम है। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न प्रोफेसर एवं करीब 100 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राप्ती में समाए दो मासूम, एक का मिला शव

## बेनीजोत गांव में नदी के किनारे हाथ-पैर धोने गए थे, दूसरे की तलाश में जुटे गोताखोर

संवाददाता बलरामपुर


राप्ती में डूबे मासूम की तलाश में नदी के किनारे जुटी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में बहने वाली राप्ती नदी एक बार फिर दर्दनाक हादसे की गवाह बन गई। बेनीजोत गांव में नदी किनारे हाथ-पैर धोने गए दो मासूम गहरे पानी में समा गए। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी महेश शुक्ल का छह वर्षीय पुत्र शनि और चंदन शुक्ल की 14 वर्षीय पुत्री रोशी उर्फ हिमानी अपने बड़े पिता दिलीप शुक्ल के साथ गांव के बाग से लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों बच्चे नदी किनारे पहुंचे, जहां फिसलन के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। स्थानीय गोताखोरों ने तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद किशोरी का शव घटना स्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बेल्हा गांव के पास बरामद कर लिया गया, जबकि मासूम शनि की तलाश देर शाम तक जारी रही। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। रोशी के पिता चंदन शुक्ल, जो एमएलके पीजी कॉलेज में कार्यरत हैं, गहरे सदमे में हैं। वहीं शनि के पिता महेश शुक्ल, जो इंदौर में सिलाई का कार्य करते हैं और कुछ दिन पूर्व ही गांव आए थे, बेटे की तलाश में बेसब्र हैं। मौके पर कोतवाली देहात पुलिस बल तैनात है और खोजबीन जारी है। नदी किनारे पसरा सन्नाटा और परिजनों की चीखें इस हृदयविदारक हादसे की दर्दनाक कहानी बयां कर रही हैं।

# गैसड़ी में हाईटेंशन तार गिरने से दो मासूम झुलसीं

**गैसड़ी, बलरामपुर:** वार्ड नंबर 13 में शुक्रवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब ट्यूबवेल के सामने हाईटेंशन बिजली का तार अचानक गिर पड़ा। तार की चपेट में आने से मसीहुल्लाह की छह वर्षीय पुत्री ईरम और सद्दाम हुसैन की 5 वर्षीय पुत्री सनाया झुलस गईं। दोनों बच्चियों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। रात में आई आंधी-तूफान के कारण बिजली आपूर्ति बाधित थी। सुबह बिजली आने पर जर्जर तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया और आसपास खेल रहीं बच्चियां उसकी चपेट में आ गईं। स्थानीय सभासद प्रतिनिधि करीमुल्ला ने बताया कि क्षेत्र में जर्जर तारों को बदलने की मांग कई बार की गई, लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई होती तो हादसा टल सकता था। वहीं विद्युत विभाग के अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया कि दो स्थानों पर इंसुलेटर पंचर होने से तार गिरा है, जिसे ठीक कराया जा रहा है।

## रोडवेज कर्मियों की धमकी, 20 को करेंगे आंदोलन


बलरामपुर डिपो में धरने पर बैठे संयुक्त कर्मचारी परिषद के पदाधिकारी व सदस्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर देवीपाटन क्षेत्र के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। 1 मई 2026 को आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने निजी बसों के बढ़ते अवैध संचालन और परिवहन निगम की नीतियों पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि परमिट शर्तों का उल्लंघन कर निजी बसें संचालित हो रही हैं, जिससे निगम को आर्थिक नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों ने निगम की संपत्तियों और संचालन को निजी हाथों में सौंपने की प्रस्तावित योजनाओं का विरोध करते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की है। परिषद ने 15 मार्च 2026 को दिए गए नोटिस के आधार पर अपनी प्रमुख मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। साथ ही सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के लिए आभार जताते हुए कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 19 मई तक मांगें नहीं मानी गईं, तो 20 मई 2026 को क्षेत्र स्तर पर धरना-प्रदर्शन, रैली और आमसभा कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। धरने में परिषद के बलरामपुर इकाई के अध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला मंत्री गिरिजा शंकर यादव, क्षेत्रीय संरक्षक शमशाद अहमद, क्षेत्रीय मंत्री सुशील कुमार मिश्रा, और क्षेत्रीय संयोजक संजीव दूबे सहित तमाम कर्मचारी शामिल रहे।

# मजदूर दिवस: श्रमिक आरोग्य मेले में 500 से अधिक ने कराई जांच

संवाददाता उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार:** एक मई को मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, इकाई उतरौला में श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में शुगर एवं पावर यूनिट के 500 से अधिक श्रमिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

मेले में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण किया गया। टीबी जांच के लिए स्क्रीनिंग तथा एक्स-रे की व्यवस्था भी की गई। चिकित्सकों की टीम ने सामान्य जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच कर परामर्श व निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख श्याम सिंह व समीर साबत ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. मुन्ना सिंह, डॉ. प्रतिभा, डॉ. के.के. शुक्ला, डॉ. सुनील गौड़ सहित टीम मौजूद रही। अंत में श्रमिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच व संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।


चीनी मिल में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची चिकित्सकों की टीम।

**श्रमिकों को दी योजनाओं व अधिकारों की जानकारी:** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों, व्यापारी प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं और नीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विशेषज्ञों ने भारत सरकार द्वारा लागू नई श्रम संहिताओं वेतन, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध एवं कार्यस्थल सुरक्षा—के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया, जिससे श्रमिकों में कानूनी जागरूकता बढ़ सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने श्रमिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। सहायक श्रमायुक्त ने श्रमिक पंजीकरण, मातृत्व लाभ, शिक्षा व चिकित्सा सहायता सहित विभिन्न योजनाओं का विवरण देते हुए पात्र श्रमिकों से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिक राष्ट्र की प्रगति की रीढ़ हैं और उनके कल्याण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी।

## भीषण गर्मी के बीच हुई बारिश से लोगों को मिली राहत, बिजली कटौती व गंदगी से बढ़ी परेशानी


बारिश के चलते जलनिकासी न होने पर उतरौला नगर के नाले में भरी गंदगी।

**उतरौला, बलरामपुर :** भीषण गर्मी के बीच गुरुवार–शुक्रवार की मध्यरात्रि हुई तेज बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। कई दिनों से तापमान 40–41 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था, जिससे जनजीवन प्रभावित था। आधी रात से शुरू हुई वर्षा सुबह तक जारी रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया। लेकिन राहत के साथ परेशानियां भी सामने आईं। बारिश के दौरान उतरौला नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई, जो सुबह करीब 11 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। उमस भरी रात में बिजली न रहने से लोग रातभर जागने को मजबूर रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और विभाग इस ओर गंभीर नहीं है। वहीं बारिश के बाद नगर पालिका की सफाई व्यवस्था भी सवालों में है। कई वार्डों में नालियों की सफाई न होने से जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। मच्छर नियंत्रण के लिए प्रभावी छिड़काव भी नहीं कराया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से बिजली व्यवस्था सुधारने व साफ–सफाई के लिए कदम उठाने की मांग की है।

## दो गांवों से दो युवतियां हुईं लापता चार पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दो अलग–अलग गांवों से दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन को बिहार के बेगूसराय जनपद के फुलवरिया थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा टोला निवासी सोनू शर्मा शादी की नीयत से अगवा कर लिया है। आरोप है कि इस घटना में उसके पिता संतोष शर्मा और मां मिट्ठुल देवी ने भी सहयोग किया है। आरोपी उसका रिश्तेदार है। वहीं दूसरी घटना में एक युवक ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बहन कस्बे के इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। वह बुधवार की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। रिश्तेदारी में भी उसकी तलाश की गई। बाद में जानकारी मिली कि गांव के ही शिवा नामक युवक ने उसे अगवा कर लिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में परिजनों की तहरीर के आधार पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। युवतियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

## चोरी के खुलासे में ढिलाई पर एसपी का कड़ा एक्शन, 14 उपनिरीक्षक लाइन हाजिर

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए एसपी विकास कुमार ने लापरवाही पर सख्ती दिखाई है। चोरी की बढ़ती घटनाओं के अनावरण में अपेक्षित सक्रियता न दिखाने पर 14 उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई की जद में आए उपनिरीक्षकों में ज्ञानचंद, रामकुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, कैलाश प्रसाद, नवनीत सिंह, कौशल किशोर, प्रदीप यादव, अविनाश कुमार सिंह, राहुल सिंह, अर्जुन प्रसाद, अरुण कुमार पाटिल, मूलचंद, शिवेंद्र प्रताप सिंह और वीरेंद्र कुमार पाल शामिल हैं। इन सभी पर अपने-अपने क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातों के खुलासे में लापरवाही बरतने का आरोप है। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध नियंत्रण और घटनाओं के शीघ्र अनावरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** थाना धानेपुर पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना धानेपुर पुलिस टीम ने आरोपी ध्रुप नरायन दूबे पुत्र रमाकांत निवासी अलफनगर, मौजा रुद्रगढ़ नौसी को बग्गी रोड स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। बीते 25 अप्रैल को वादी संजय दूबे एडवोकेट निवासी रुद्रगढ़ नौसी, अलफनगर ने थाना धानेपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी रामनरायन, रामनेवास, शिवकुमार, मोहित, पुत्ती लाल, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने उन पर, उनके पिता देवनरायन तथा माता कान्ती देवी पर लाठी–डंडों व लोहे की वस्तुओं से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में देवनरायन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। थाना धानेपुर में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।


महाराजगंज तराई में पीड़ित बच्चों का हाल लेते सीएमओ और अन्य। अमृत विचार

## तीन बच्चों में चिकन पॉक्स की हुई पुष्टि

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महराजगंज तराई क्षेत्र में खसरा फैलने की खबरों को स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह निराधार बताया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शुक्रवार को तुलसीपुर ब्लॉक के हरिहर नगर और साहेब नगर गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति स्पष्ट की। स्वास्थ्य टीमों की जांच में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया, जबकि तीन बच्चों में चिकन पॉक्स (चेचक) की पुष्टि हुई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बाल मुकुंद मौर्या के अनुसार सभी बच्चों को दवा दी गई है और उनकी हालत सामान्य है। सीएमओ ने बताया कि खसरे में तेज बुखार, खांसी और लाल चकत्ते होते हैं, जबकि चिकन पॉक्स में खुजली वाले दाने और हल्का बुखार आता है। विभाग ने आशा व एएनएम को सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों से साफ–सफाई रखने, संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाने और लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की गई है।

## ओवरटेक के दौरान ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**संवाददाता बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर–बौद्ध परिपथ मार्ग पर सिसई गांव के पास गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारात जा रहे दो दोस्त दुर्घटना का शिकार हो गए। ओवरटेक के प्रयास में हुई टक्कर के बाद एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार बेलवा सुल्तानजोत निवासी दीप बहादुर (35) और किदुरा, कोतवाली देहात निवासी मनीष यादव (30) एक ही बाइक से बलुआ बलुई (कोयलरा) बारात में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में सिसई के पास सामने चल रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। हेलमेट न पहनने के कारण दीप बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनीष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि फरार दूसरे बाइक चालक की तलाश की जा रही है। उधर, घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी।


अर्जि करने वालों के वकील: श्रीमती. स्वाती पाटील
CNR NO. MHLC 060000482026
**अलिबाग के मे. कामगार न्यायालय और नुकसान भरपाई आयुक्त के कोर्ट**
**ई.सी.ए.नं. 22/ए–4/2026**
1. श्रीमती रिंकी रावत 31 वेवा मनोज कुमार रावत (गृहणी)
2. कु. देवांश (2 वर्ष) पुत्र मनोज कुमार रावत
3. श्री. श्याम लाल (51) सुत श्री रामनरेश निवासी रा. रामपुर, थाना चांदा, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश – 222303.
**विरुद्ध**
थरमॅक्स लि.. वाहीद खान
एनव्हायर्नमेंट हाउस, प्लॉट नं. 90–92
बी जी ब्लॉक, एमआयडीसी भोसरी,
पुणे – 411 026.
प्रस्तुत अर्जी करने वाले ये सब कै. मनोजकुमार रावत के वारीस है। कै. मनोजकुमार रावत का तारीख 12/12/2025 को सामने वाला के यहाँ काम करते समय अपघाती निधन हुआ है।
जब की कै. मनोजकुमार रावत का सामनेवाले के यहाँ काम करते समय अपघाती निधन हुआ है। सामने वाले कंपनी ने रु.15.44,625/– (पंद्रह लाख चवालीस हजार छः सौ पच्चीस सिर्फ) सी.नं. 20/25–26 दि. 27.01.2026 को अलिबाग के कमीशनर साहब के ऑफीस में वर्क्समेन कॉम्पेनसेशन के हिसाब से जमा किया है। अर्जी करने वाले सब लोग कै. मनोजकुमार रावत के वारीस है। और अर्जी करने वालो ने इस कोर्ट में यह रकम मिलने के लिए अर्जी की है।
ये पब्लिक नोटीस से आम जनता को ये सूचित किया जाता है कि अगर ये अर्जी करनेवालों के अलावा और कोई व्यक्ति कै. मनोजकुमार रावत के वारीस हो या अर्जी करनेवालों के खिलाफ किसी को कोई भी शिकायत हो तो ऐसे व्यक्ति तारीख 26/05/2026 को सुबह 11.00 बजे अलिबाग के कोर्ट में हाजिर रहके अपना बयान दे सकते है। इस तारीख के बाद कीसी की कोई भी शिकायत हो या कुछ कहने का हो तो उसपर ध्यान नहीं दिया जाएगा और अर्जी करनेवालों को ये रकम दी जाएगी।
इसीलिए ये जाहीर नोटीस जारी कीया है।
जावक क. 259/2026.
कामगार न्यायालय, अलिबाग,
कलेक्टर बिल्डिंग, दुसरा मजला,
हिराकोट तलावाच्या जक
ता. अलिबाग, जि. रायगड, महाराष्ट्र 402 201
दिनांक – 24/04/2026


# बुद्ध पूर्णिमा पर घर-घर हुआ गायत्री महायज्ञ, दीं आहुतियां

पचपेड़वा/गैंसड़ी बलरामपुर

**अमृत विचार:** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने अपने-अपने घरों में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया। "मानव में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण" और "विश्वव्यापी संकट निवारण" की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से यज्ञ कर आहुतियां अर्पित कीं। गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2018 से प्रत्येक बुद्ध पूर्णिमा पर एक ही समय में करोड़ों घरों में यज्ञ की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इसी क्रम में पचपेड़वा, गैंसड़ी व आसपास के क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर आयोजन हुआ।


बुद्ध जयंती पर आयोजित पंचशील पाठ में शामिल लोग। अमृत विचार

इस दौरान तुलसीपुर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी गुलाबचंद भारती, प्रदीप गोयल, मंजू जायसवाल, लखनऊ से प्रज्ञा जायसवाल व एके त्रिपाठी, बलरामपुर से ट्रस्टी बिजलेश्वरी, डॉ. केके राना, रीता जायसवाल, एलबी सिंह, अवधेश जायसवाल, अयोध्या से उमेश मिश्रा, गैंसड़ी से ब्लॉक प्रभारी राधे गोविंद गुप्ता, युवा प्रभारी संदीप जायसवाल, माता प्रसाद गुप्ता, सचिन सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग जुड़े। इसके अलावा गोंडा से कवियत्री ज्योतिमा शुक्ला, सिद्धार्थनगर से सविता सिंह व राणा प्रताप सिंह, नौतनवां से निर्मला व भोला जायसवाल, इटवा से द्वारपाल चौरसिया तथा पचपेड़वा से ट्रस्टी संजय कुमार जायसवाल, मीना श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, कृष्ण कुमार पांडे, सीमा अग्रवाल समेत सैकड़ों लोगों ने यज्ञ में सहभागिता की।

## करुणा और समानता का दिया संदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र सिंह गौतम के नेतृत्व में बुद्धा पार्क में त्रिविध पावनी वैशाख पूर्णिमा एवं बुद्ध जयंती का आयोजन हुआ। शुभारंभ गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीपदान से हुआ। एडवोकेट जगदंबा कुलदीप ने त्रिशरण व पंचशील का पाठ कराया। मुख्य अतिथि डॉ. हरवंश विरदी ने कहा कि बुद्ध के उपदेश आज भी मानव जीवन के लिए प्रासंगिक हैं। सुरेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि बुद्ध के विचार वर्तमान व भविष्य का मार्गदर्शन हैं। पूर्व विधायक रामसागर अकेला ने बुद्ध दर्शन को सामाजिक न्याय व समानता का प्रतीक बताया। महासचिव राजेंद्र चौधरी ने सभी का आभार जताया। संचालन राघवेंद्र विरोदय ने किया। इस दौरान रामसेवक, डॉ. दीपक, लालजी लहरी, रविंद्र गुप्ता कमलापुरी सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे।

## बारात गए युवक की बाइक चोरी

**खरगूपुर, गोंडा:** बारात गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के लोनियन पुरवा पैड़ी बरा गांव निवासी अरुण कुमार चौहान खरगूपुर थाना क्षेत्र के सिद्धिक पुरवा मनोहर जोत गांव में दो दिन पहले एक बारात में बाइक से शामिल होने आए थे। देर रात उनकी बाइक स्प्लेंडर प्लस न्यू मॉडल अज्ञात चोर द्वारा चुरा ले जाया गया। बाइक स्वामी को सुबह मौके से बाइक गायब मिली। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

**चार पर मुकदमा दर्ज** | गैस वितरण में कथित अनियमितता से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

# चरसड़ी की सावित्री गैस एजेंसी पर मारपीट

**परसपुर, गोंडा:** क्षेत्र के चरसड़ी स्थित सावित्री भारत गैस एजेंसी परिसर में गैस वितरण में कथित अनियमितता और उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। मामला उस समय हिंसक रूप ले बैठा जब क्षेत्रीय नेता पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैय्या के बेटे कुंवर कमलेश मोहन सिंह और गैस एजेंसी संचालक वैभव सिंह के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्षेत्र में लंबे समय से गैस सिलेंडर की किल्लत, वितरण में देरी और उपभोक्ताओं के साथ अव्यवस्था की शिकायतें मिल रही थीं। इसी मुद्दे को लेकर एजेंसी परिसर में विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हाथापाई और लात-घूंसों तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के समर्थक और एजेंसी कर्मचारी भी भिड़ गए, जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें धक्का-मुक्की, हाथापाई और हंगामे के दृश्य साफ देखे जा सकते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार की आवश्यकता है। घटना ने क्षेत्र में सार्वजनिक सेवाओं की निगरानी और जवाबदेही को लेकर नयी बहस छेड़ दी है। वही सावित्री भारत गैस एजेंसी के संचालक ने आरोप लगाते तहरीर दिया है कि शुक्रवार की शाम गैस वितरण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान कमलेन मोहन पुत्र स्व. कुंवर अजय प्रताप सिंह निवासी बरगदी थाना करनैलगंज, अभिनव सिंह, अंशू सिंह तथा पुनीत शुक्ला एजेंसी पर पहुंचे और जबरन गैस सिलेंडर देने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी तथा कुर्सी और गैस सिलेंडर फेंककर हमला कर दिया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे अंकुर तिवारी व दीपक सिंह को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।



गैस वितरण को लेकर मारपीट करते लोग। अमृत विचार


**यूथ गर्ल्स डिग्री कालेज**
**अनवारी, बाराबंकी।**
**महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनार्न्गत आवश्यकता है।**
**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय –** एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, विषयों में 02–02 पद प्रवक्ता
परास्नातक स्तर पर कला संकाय– एम0ए0 शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र, विषयों में 02–02 प्रवक्ता पद हेतु
**स्नातक स्तर पर कला संकाय–** बी0ए0 भूगोल विषय में 02 प्रवक्ता पद
**योग्यता व वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
**प्रबंधक–**
**मो0–9838384242**



**प्रेरणा महाविद्यायल**
**आर्गेनिक सिटी, निन्दूरा, कुर्सी रोड, बाराबंकी।**
**मे स्ववित्तपोषित योजनार्गात आवश्यकता है।**
**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय**
एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान विषयों में 02–02 पद प्रवक्ता स्नातक स्तर पर बी0ए0 हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, विषयों में 02–02 प्रवक्ता पद हेतु
**योग्यता व वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
**प्रबंधक–**
**मोबाइल – 9838384242**


**कार्यालय :ग्राम पंचायत खरगीपुर, वि.खं. ठेकमा–आजमगढ़**

पत्रांक: मेमो/निविदा सूचना/2026–27 दिनांक: 01.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत खरगीपुर वि.ख, ठेकमा द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/ राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए./शासन द्वारा संचालित अन्य समस्त योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट स्थापना/मरम्मत, हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत, सेमी हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत इत्यादि सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.05.2026 से दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 08.05.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर शाम 04:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू./गंगा बालू/मोटा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान, विद्युत सामग्री | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग, प्राइमर | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट,, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट, सेमी हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | पत्थर , टाइल्स, खिड़की, दरवाजा विभिन्न साइज | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) 350,450,600,900 | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड–19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन, कूड़ा गाड़ी, ई–रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्तें – विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।

ग्राम प्रधान – गुल्लू सरोज सचिव– संतोष कुमार यादव

ग्राम पंचायत – खरगीपुर, वि.ख. – ठेकमा, आजमगढ

**न्यूज ब्रीफ**

### महेश विश्वकर्मा बनाए गए सीएचसी अधीक्षक मोतीपुर

**मिहींपुरवा (बहराइच), अमृत विचार :** जिले के सीएचसी मोतीपुर में डॉ. थानेदार की नियुक्ति के बाद विवादों ने घेर लिया। विगत कुछ माह पूर्व आशा संगिनी व अन्य महिला कर्मी द्वारा आर्थिक व मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए सीएचसी में धरना दिया था जिसके बाद सीएमओ व जिलाधिकारी द्वारा मामला संज्ञान में लेते हुए अधीक्षक डॉ. थानेदार को जिला से संबद्ध कर दिया और प्रभार नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद को सौंपा गया। वहीं मामले के जांच के लिए टीम गठित कर दी गई। इसके बाद सीएचसी चरदा में तैनात डॉ. महेश विश्वकर्मा को मोतीपुर की कमान सौंपी गई और डॉ. थानेदार को चरदा की जिम्मेदारी मिली है।

### अदालत से नेपाली तस्कर हुआ फरार

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार रात 9 :00 बजे मोतीपुर थाना क्षेत्र के बलई गांव में नेपाल से आने जाने वालों की सशस्त्र सीमा बल और थाने के पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान नेपाल के बांके जिला के थाना कोहलपुर के वार्ड नंबर चार गांव पालिका निवासी टेक बहादुर नेपाली को 18 ग्राम स्मैक संग पकड़ा गया। गुरुवार दोपहर तीन बजे उसे न्यायालय में पेश किया गया। यहां से जेल के लिए रवाना किया जाता। लेकिन नेपाली तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### बोलेरो पलटी, सात बाराती घायल

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती), अमृत विचार :** गिलौला निवासी छोटकन्ने नाई के पुत्र का विवाह गुरुवार को था। इसके लिए बोलेरो से बरात सिरसिया गई थी। बरात से कुछ बरातियों ने वापस जाने के लिए कहा तो छोटकन्ने से एक बोलेरो से सात लोगों को वापस भेज दिया। गिलौला-लक्ष्मणनगर मार्ग पर ग्राम खैरकलां के निकट आंधी से एक बांस की कोठी सड़क पर गिर गई थी। इसी दौरान बोलेरो वहां पहुंची और बांस के कोठी से उलझते हुए सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में बोलेरो सवार गिलौला निवासी बालक राम (60), मदन लोनिया (55), राम अक्षैबर (35), सतीश यादव (45), शिवदयाल (35), ओमप्रकाश (30) व सतीश कुमार (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से गिलौला सीएचसी पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने घायलों को बहराइच रेफर कर दिया।

### कुष्ठ उन्मूलन में बहराइच अव्वल

**बहराइच, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। विकास भवन सभागार में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में जनपद को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना की और स्क्रीनिंग अभियान को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। वहीं, दूसरी ओर पोषण पुनर्वास केंद्र में बेड एक्यूपेंसी रेट 55 फीसदी रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने का प्रयास किया जाए और ठोस रणनीति तैयार की जाए।

# पात्र महिलाओं को सहायता समूहों से जोड़ा जाए

**▶ सीडीओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

संवाददाता, बहराइच


विकास भवन में बैठक करते सीडीओ सुनील कुमार धनवंता व मौजूद अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जनपद में उपलब्ध राशन कार्ड डेटा (पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय) के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि कि अभी भी बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारक परिवारों की महिलाएं समूहों से नहीं जुड़ी हैं। इस पर सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र की समस्त पात्र एवं निर्धन परिवारों की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किया जाए।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत वार उपलब्ध राशन कार्ड धारकों की सूची का मिलान वर्तमान में गठित समूहों की सदस्य सूची से किया जाए। डेटा मिलान एवं चिन्हांकन के दौरान जो पात्र परिवार समूहों से वंचित हैं, उनकी पृथक सूची तैयार की जाए। सीडीओ ने कहा कि पात्रता रखने वाले सभी वंचित महिलाओं का नाम समूहों से जोड़ने तथा छूटे हुए परिवारों की महिलाओं को समूह की कार्यप्रणाली और लाभों जैसे-रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ, एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सम्पर्क अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर आवश्यकता हो, वहां 10-12 महिलाओं को जोड़कर नवीन स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी पूर्व संचालित समूह में स्थान रिक्त है, तो वहां इन महिलाओं को सम्मिलित किया जाए। सीडीओ ने ब्लाक मिशन मैनेजर्स को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट विकास भवन में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करनी होगी।

समस्त बीडीओ एवं एडीओ (ग्राम्य विकास) को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से ग्राम सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। आजीविका संवर्धन एवं लखपति दीदी अभियान की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी योजना के तहत चिह्नित महिलाओं को कृषि, पशुपालन एवं लघु उद्योगों से जोड़कर उनकी वार्षिक आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को उचित बाज़ार उपलब्ध कराने हेतु विकास भवन या सार्वजनिक स्थलों पर सरस आउटलेट की स्थापना एवं प्रदर्शनी आयोजन को प्राथमिकता प्रदान की जाय। सीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी मिशन कर्मी फील्ड में जाकर समूहों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहने पाये।

### महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई को आयोजित होगा विजय उत्सव


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अक्षय त्रिपाठी।

**बहराइच, अमृत विचार।** महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल व परिसर में 23 व 24 मई को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में गुरुवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि विजयोत्सव के अवसर पर सुहेलदेव जी की गौरवगाथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम में सरस व शिल्प मेले का आयोजन किया जाय जिससे स्थानीय मेधा को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिले। इस अवसर पर सीडीओ सुनील कुमार धनवंसा, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी चन्द्रभान सिंह, जिला सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# अधेड़ ने रायफल से खुद को मारी गोली, मौके पर हुई मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित मछीयाही ग्राम में देर रात एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने घर के कमरे में बंदूक से अपने आप को गोली मार ली । आवाज सुनकर परिजन कमरे में जहां पर उसे लहूलुहान हालत में देख सभी के होश उड़ गए । परिवार के लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचें जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

मछीयाही ग्राम में हर्षवर्धन चतुर्वेदी अपने भाई व परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे घर के कमरे में उन्होंने अपनी लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मार ली । गोली चलने की आवाज पर परिवार के लोग दौड़ कर कमरे के पहुंचे तो उनके सिर से बहता खून देख सभी के होश उड़ गए। आनन फानन में सभी उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं देहात कोतवाली के प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि हर्षवर्धन नशे का आदी था व मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।

**बाग में मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में सनसनी, रूपईडीहा (बहराइच):** रूपईडीहा आदर्श थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगापुर मोहनापुर में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि राधेश्याम पुत्र लाले की बाग में एक गड्ढे के भीतर लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान सतगुरु सोनकर पुत्र स्व.मथुरा सोनकर निवासी रमजानगांव, थाना नानपारा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। शव को सबसे पहले धर्मराज पुत्र ननकऊ निवासी गंगापुर मोहनापुर व राम निवास पुत्र नान्हू निवासी मिहीगांव, थाना रूपईडीहा ने देखा और इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मृतक के भाई राम लखन की सूचना पर उपनिरीक्षक नीरज यादव व उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर, आरक्षी नेत्रपाल यादव व आरक्षी सूरज गौड़ के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए हैं।

# ड्राइवर ने मालिक को खिड़की पर लटकाकर दौड़ाई बस

पयागपुर, (बहराइच)

**• रोडवेज बस के ड्राइवर का दुस्साहसिक कारनामा**


क्षतिग्रस्त बोलेरो के पास लगी भीड़।

**अमृत विचार।** बहराइच-गोंडा हाईवे पर पैतौरा चौराहे के पास शुक्रवार को रोडवेज बस के चालक की बड़ी लापरवाही और दबंगई सामने आई। इस अनियंत्रित रोडवेज बस ने सड़क किनारे खड़ी बोलेरो में टक्कर मार दी। जब मालिक ने विरोध जताया और चालक की खिड़की पर चढ़ गए, तो चालक ने बस रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी। बोलेरो मालिक करीब एक किमी तक खिड़की से लटके रहे, जिन्हें धक्का देकर गिरा दिया गया।

जानकारी के अनुसार, नेजा भार निवासी संदीप यादव पुत्र सुरेश यादव अपनी बोलेरो लेकर पैतौरा चौराहे के पास खड़े थे। इसी बीच बहराइच डिपो की एक रोडवेज बस जो गोंडा की ओर जा रही थी। बस ने बोलेरो को सामने से भीषण टक्कर मार दी। टक्कर में बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि गाड़ी मालिक संदीप यादव बाल-बाल बच गए। वहीं संदीप चालक से बात करने के लिए उसकी खिड़की पर चढ़ गए। तभी चालक ने बस को पूरी रफ्तार में दौड़ा दिया। संदीप बस की खिड़की लटके रहे और शोर मचाते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पयागपुर गल्ला मंडी के पास चालक ने बस थोड़ी धीमी की और संदीप को धक्का दे दिया। गनीमत रही कि सड़क खाली थी और संदीप को गंभीर चोटें नहीं आईं। पीड़ित की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# हल्की बारिश ने खोल दी दावों की पोल

पयागपुर (बहराइच)


बारिश से पानी भर गईं कस्बे की गलियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार रात हुई कुछ घंटों की बारिस ने भूपगंज बाजार का नई बस्ती बगिया का संपर्क तोड़ दिया। बारिश का गंदा पानी सड़कों पर भरा है। वर्षों से चली आ रही इस बारिश के पानी की निकास की कोई व्यवस्था नहीं होने से नई बस्ती वासी दुखी भी है और आक्रोशित भी हैं। हालांकि थोड़ी बारिश ने ही प्रसासन के दावों की सारी पोल खोल दी।

गौरतलब है कि आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के मुख्य कस्बे भूपगंज बाजार में स्थित वार्ड नंबर अंतर्गत नई बस्ती बगिया में लगभग 175 परिवारों के की एक हजार की आबादी निवास करती है। मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, पंचायती मंदिर तक पहुंचने के लिए इस बस्ती के लोग बंदरे बाबा मंदिर के पास से गली से तालाब के दक्षिण इंटरलॉकिंग सड़क से पंचायती मंदिर और बाजार की ओर अपनी दुकानों और गंतव्य तक जाते है। दूसरा दूसरा रास्ता यू पी ग्रामीण बैंक के बगल वाली गली काप्रयोग करते है।पिछले 15 वर्षों से वारिस के दिनों में दोनों रास्ते हफ्तों जलमग्न रहते हैं। सड़कों पर दो दो फुट तक पानी भर जाता है यहां तक कि कई घरों में भी पानी घुस जाने से आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। बीडीओ, एसडीएम और जनप्रतिनिधियों ने समस्या को देखा भी है और अगले बरसात के पूर्व समाधान का आश्वासन देकर चले भी जाते हैं। पिछले छह सात वर्षों से स्थित ज्यादा बिगड़ने पर दो एक दिन पंप सेट से पानी कम कर लोगो को उनके हाल पर छोड़ देते हैं। नगर पंचायत बन जाने पर लोगों को समस्या के समाधान की उम्मीद जागी थी तीन वर्षों तक अधिकारी तंत्र और 2023 से बोर्ड भी गठित होने के बाद भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

**समस्या**

नई बस्ती वासियों का कहना है चुनावों के दौरान किए गए वायदे भुला दिए जाते हैं। नगर पंचायत घोषित होने के बाद जहां बेकार के कार्यों में करोड़ों फूंक दिए गए वहीं नई बस्ती वासियों को नजर जीवन से उबारने के लिए लाखों खर्च करने की जहमत नहीं उठाना मुनासिब समझा गया है।

### आईसीएसई बोर्ड परीक्षा एजीसी स्कूल के अहसन इमाम रिजवी बने जिला टॉपर


टॉपर बेटे का मुंह मीठा करवाते पिता रजा इमाम रिजवी।

**रूपईडीहा (बहराइच), अमृत विचार।** आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। रूपईडीहा स्थित एजीसी स्कूल के छात्र अहसन इमाम रिज़वी ने कक्षा 12 में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय स्तर पर भी छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12 में श्रेया शर्मा ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, आर्यन गुप्ता ने 95 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान, गौरी अग्रवाल ने 89 .2 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान तथा रेचल ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10 के परिणाम में आराध्या जायसवाल ने 94 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पायल गुप्ता को 92 प्रतिशत, जियानूर को 87 .66 प्रतिशत तथा ओजस मदेशिया को 87 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय प्रशासन ने दोनों कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी कर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। अहसन के पिता रजा इमाम रिज़वी, जो रूपईडीहा पत्रकार संघ के प्रवक्ता हैं, ने बताया कि मुम्बई, लखनऊ व उतरौला सहित विभिन्न स्थानों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। मित्रों व शुभेच्छुओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर पिता ने बेटे को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए विशेष न्यायाधीश ने की बैठक


कोर्ट के सभागार में बैठक करते विशेष न्यायाधीश।

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो)/ नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, अरबिंद गौतम की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को सिविल कोर्ट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें बहराइच जजशिप के न्यायिक अधिकारी व एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री गौतम द्वारा न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आगामी 09 मई को सम्पन्न होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण कराया जाय। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु मौजूद न्यायिक अधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये। बैठक जन सामान्य से अपील की गई कि 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को नियत करवाकर सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाये तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का भरपूर लाभ उठायें ।

### बुद्ध तपोस्थली अनुयायियों से रही गुलजार

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को बुद्ध की तपोस्थली अनुयायियों से गुलजार रही, जिन्होंने अपने-अपने रीति रिवाज में पूजा की। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों ने प्रभात फेरी निकालकर बुद्धम शरणं गच्छामि, धम्म शरणं गच्छामि का उद्घोष किया। तपोस्थली में बौद्ध भिक्षु देवेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लंदन से आए बुद्ध धम्म संगठन यूनाइटेड किंगडम के अध्यक्ष डॉ. हरबंस विरदी मौजूद रहे। भिक्षु देवेंद्र ने कहा कि भगवान बुद्ध ने संसार को शांति, अहिंसा व प्रेम का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर विश्व का कल्याण हो सकता है। संसार से घृणा व हिंसा को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। यह पर्व शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है। बुद्ध पूर्णिमा का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। बौद्ध भिक्षु ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी (नेपाल) में हुआ था। उन्होंने मानव जीवन के दुखों को देखकर सत्य की खोज की और कठोर तपस्या के बाद बोधगया में ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने संसार को मध्यम मार्ग अपनाने और सत्य के पथ पर चलने की शिक्षा दी। भगवान बुद्ध का जीवन त्याग और सेवा का उदाहरण है। इस दौरान नेपाल, थाईलैंड, भूटान, महाराष्ट्र, बनारस आदि स्थानों लोगों ने पहुंचकर पूजा की। इस मौके पर विजय कुमार बौद्ध, पूजाराम सोनकर, अविनाश पटेल, अशोक कुमार शाक्य, पवन कुमार सिंह बौद्ध आदि मौजूद रहे।

# मधवापुर घाट पर दोबारा न हो कटान

जमुनहा(श्रावस्ती)


कटान स्थल का जायजा लेतीं डीएम साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मधवापुर घाट मार्ग जमुनहा तहसील व विकास क्षेत्र के ग्रामीणों की लाइफ लाइन है। बाढ़ बरसात के दिनों में मार्ग पर आवागमन बाधित हो जाता है। इससे क्षेत्रवासियों का संपर्क जिला, तहसील व ब्लॉक मुख्यालय से कट जाता है। ऐसे में यहां दोबारा कटान न हो, इसका पुख्ता इंतजाम किया जाएं। यह बातें शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने डीएम अन्नपूर्णा गर्ग से मधवापुर घाट के निरीक्षण के दौरान कहीं।

उन्होंने डीएम को बताया कि जमुनहा को भिनगा से जोड़ने वाला भिनगा परसा मार्ग जर्जर है। वहीं जमुनहा बहराइच व बदला मार्ग से भिनगा की दूरी अधिक है। ऐसे में यही मार्ग सुगम है। मधवापुर घाट के निकट अक्सर मार्ग बरसात में राप्ती नदी में आने वाली बाढ़ में कट जाती है। इससे क्षेत्रवासियों को दुश्वारी झेलनी पड़ती है। इस दौरान डीएम ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग केपी मिश्र से आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। साथ ही अधिकारीयों के साथ मधवापुर घाट के कटान का स्थलीय निरीक्षण कर स्थाई समाधान के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीएम जमुनहा सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग रहे।

# प्रेम-प्रसंग में खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने एक सप्ताह पूर्व खुद पर पेट्रोल डाल आग लगा ली थी, इस मामले में उसने युवती के परिजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। हालत गम्भीर देख उसे लखनऊ रेफर किया गया था। जहां पर देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा में ग्राम में उसका अंतिम संस्कार किया गया ।

कैसरगंज इलाके में स्थित कुमारनपुरवा के रहने वाले युवक गणेश का इलाके की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पूर्व दोनों घर से भाग गए थे। युवती के परिजनों की ओर से स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद युवक ने उसे घर छोड़ दिया था लेकिन उसके बाद युवती में अपना बयान बदलते हुए युवक पर जबरदस्ती ले जाने का आरोप लगाया था। इसको लेकर दोनों परिवार में रंजिश चल रही थी। बीते शुक्रवार को गणेश संदिग्ध परिस्थितियों जल गया तो तब युवक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर उसे जलाने का आरोप लगाया था। युवक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया था। जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### तनावमुक्त होकर ड्यूटी करें जवान


बौद्ध तपोस्थली का भ्रमण करते महानिरीक्षक रत्न संजय।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** एसएसबी के महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ रत्न संजय ने गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भिनगा पहुंचे। यहां उन्होंने एसएसबी 62वीं भिनगा की बाह्य सीमा चौकियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को तनावमुक्त होकर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। एसएसबी सीमांत मुख्यालय लखनऊ महानिरीक्षक रत्न संजय ने दो दिवसीय दौरे के दौरान एसएसबी मुख्यालय भिनगा में आयोजित विशेष सैनिक सम्मेलन में जवानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों को सीमा पर ड्यूटी के दौरान तनावमुक्त रहकर सतर्कता, अनुशासन एवं पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सीमा सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। साथ ही असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी एवं पश्चिम बंगाल क विधानसभा चुनावों में एसएसबी जवानों की भूमिका की सराहना की। वहीं शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा पर महानिरीक्षक ने बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती स्थित जेतवन बौद्ध मंदिर में दर्शन कर देश की शांति, सुरक्षा एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उप कमांडेंट पीयूष सिन्हा व सोनू कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** | अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

# श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

संवाददाता, बहराइच


कार्यक्रम में मौजूद सांसद डॉ. आनंद गोंड, एमएलसी पद्मसेन चौधरी व अन्य।

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में एम.एल. सी. पदमसेन चौधरी, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों, उद्यमियों एवं श्रमिकों को नवीन श्रम संहिताओं तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं अन्तर्गत विभिन्न लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उप श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी कुलभूषण अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, विनोद अग्रवाल, दीपक कुमार, आशीष, सुमित खन्ना, मनीष मल्होत्रा, प्रमोद डालमिया, सुशील भल्ला सहित अन्य उद्यमी एवं श्रमिक मौजूद रहे।

**दैनिक श्रमिकों का हुआ सम्मान, रूपईडीहा (बहराइच)।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बहराइच वन प्रभाग के रूपईडीहा रेंज अंतर्गत पंडितपुरवा नर्सरी में श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दैनिक श्रमिकों को वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने रेंज कार्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया तथा उन्हें गर्मी से बचाव एवं कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा से जुड़ी वस्तुओं का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित ग्रामीणों और श्रमिकों को वन्यजीवों के संरक्षण, वन अग्नि से बचाव तथा भीषण गर्मी में सतर्क रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है और थोड़ी सी सावधानी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

### अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



श्रमिक को उपहार देते जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, डीएम अन्नपूर्णा गर्ग, एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अध्यक्ष व डीएम ने ब्लड बैंक मोबाइल यूनिट का शुभारंभ लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी ने डीएम को अंगवस्त्र, फावड़ा एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि श्रमिकों के हित के लिए देश एवं प्रदेश सरकार सदैव प्रयासरत है। इस दौरान श्रमिकों के कौशल विकास के लिए 45 दिवसीय नि :शुल्क ट्रेड प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर एसडीएम प्रवीण यादव, रवेन्द्र कुमार, एसीएमओ डॉ. केके वर्मा, डॉ. सन्त कुमार, कर्मचारी व श्रमिक आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

शनिवार, 2 मई 2026






जहाज अपने बंदरगाह में सबसे सुरक्षित रहता है, लेकिन जहाजों का निर्माण बंदरगाह के लिए नहीं किया गया है।
-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

## मुश्किल में महाबली

महाबली मुश्किल में हैं। ट्रंप की कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। पुतिन द्वारा ट्रंप को ईरान पर दोबारा हमला न करने की चेतावनी और ईरान का परमाणु कार्यक्रम पर समझौता न करने के एलान तथा अमेरिका मुक्त भविष्य के आह्वान ने ट्रंप तथा अमेरिकी नीति-निर्माताओं के लिए दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। ट्रंप को एक ओर घरेलू राजनीति में कठोर नेता की छवि बनाए रखनी है, वहीं दूसरी ओर खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। यदि अमेरिका आक्रामक कार्रवाई करता है, तो क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बढ़ेगा और यदि संयम दिखाता है, तो उसकी वैश्विक साख पर प्रश्न उठेंगे।

पश्चिम एशिया में अमेरिका, रूस और ईरान के बीच उभरता त्रिकोणीय तनाव केवल क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन का प्रश्न नहीं, बल्कि वैश्विक रणनीतिक समीकरणों की नई जटिलता का संकेत है। अमेरिका के खाड़ी देशों में कतर, बहरीन और यूएई में सैन्य अड्डे उसकी शक्ति-प्रदर्शन की रीढ़ हैं। इनकी सुरक्षा पर संदेह का मतलब उसके लिए केवल सैन्य चुनौती नहीं, बल्कि कूटनीतिक प्रतिष्ठा का भी प्रश्न बन जाता है। हालिया घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया कि अमेरिका उन्हें पूर्ण सुरक्षा की गारंटी देने की स्थिति में नहीं है, जिससे ट्रंप की छवि पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप के लिए बड़ी चुनौती अमेरिकी कांग्रेस की स्वीकृति के बिना युद्ध जैसी कार्रवाई जारी रखना है। यह संवैधानिक बाध्यता है, जिसे दरकिनार करना आसान नहीं, इसलिए वे सीमित सैन्य कदमों या कार्यकारी अधिकारों का सहारा लेकर संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप खाड़ी से तो नहीं निकलेंगे, क्योंकि इस वापसी से चीन और रूस के लिए प्रभाव बढ़ाने का अवसर खुल जाएगा, पर इस दुविधा से बाहर निकलने के लिए ट्रंप के पास तीन विकल्प हैं— पहला, सीमित सैन्य कार्रवाई कर दबाव बनाना; दूसरा, कूटनीतिक वार्ता के जरिए तनाव कम करना; और तीसरा, रणनीतिक 'डि-एस्केलेशन' यानी धीरे-धीरे क्षेत्रीय संलिप्तता कम करना। फिलहाल यदि रूस ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार को सुरक्षित रखने का 'तीसरा पक्ष' बनता है, तो यह एक नई कूटनीतिक व्यवस्था की शुरुआत हो सकती है, लेकिन इसके बदले यूक्रेन युद्ध समाप्त करने जैसी अमेरिकी शर्तें यथार्थवादी नहीं हैं। पुतिन अमेरिकी दबाव में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता नहीं खोएंगे।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती 'जुबानी जंग' दरअसल मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है। ईरान 'अमेरिका-मुक्त भविष्य' की बात कर अपनी जनता और क्षेत्रीय सहयोगियों को संदेश दे रहा है, जबकि अमेरिका आक्रामक बयान देकर अपने सहयोगियों को आश्वस्त करना चाहता है। जहां तक आशंकित युद्ध या स्थाई युद्धविराम का प्रश्न है, वर्तमान संकेत 'नियंत्रित तनाव' की ओर इशारा करते हैं। गंभीर आर्थिक और राजनीतिक परिणाम देखते हुए अमेरिका और इजराइल दोनों व्यापक युद्ध के हामी नहीं हैं। बयानबाजी के बावजूद अस्थायी युद्धविराम जारी रहने की संभावना अधिक है। पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति 'न तो युद्ध, न पूर्ण शांति' की है। ट्रंप की रणनीति अब केवल शक्ति-प्रदर्शन नहीं, बल्कि संतुलन साधने की कला पर निर्भर करेगी।

### प्रसंगवश

## दुनिया में सैन्य खर्च बढ़ा भारत पांचवें स्थान पर

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर रहे हैं। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें, तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध), इजरायल-हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्षों ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे कि भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की आपसी प्रतिस्पर्धा) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। ये देश अपने सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में सैन्य खर्च में बढ़ोतरी कर रहे हैं। सरल शब्दों में कहें, तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं। इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है।




सुनील कुमार महला
लेखक


नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरा है। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, जैसा कि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि के कारण भी दुनिया के विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में बढ़ोतरी की है। वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को जन्म दिया है।

सच तो यह है कि आज के समय में चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है, लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है।

इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9% बढ़ा और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बड़ी बात यह है कि यह लगातार 11वां साल है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954, 864, 336, 190 तथा 114 अरब डॉलर हो गया है। इससे वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भार में बढ़ोतरी हुई है। दुनियाभर में सैन्य खर्च के चलते वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4% था, जो 2025 में बढ़कर 2.5% हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# स्वास्थ्य सेवाओं पर दावे व हाईकोर्ट की नाराजगी







विवेक सक्सेना
अयोध्या


इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को 'राम भरोसे' बताया जाना महज एक टिप्पणी नहीं, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य ढांचे की जर्जर स्थिति का एक आईना है। मेरठ मेडिकल कॉलेज में एक मरीज के शव के साथ लापरवाही के मामले में न्यायालय की यह तल्ख टिप्पणी (2021) और हाल ही में वेंटिलेटर की उपलब्धता पर सवाल (2026) उठाती है। यह दर्शाते हैं कि समय बदलने के बावजूद जमीनी हकीकत में खास सुधार नहीं हुआ है। यह टिप्पणी राज्य सरकार के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा, जो नागरिकों का मौलिक अधिकार है, वह नौकरशाही की ढिलाई और संसाधनों के अभाव में दम तोड़ रही है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में जो तल्ख टिप्पणी की है, वह न केवल समयोचित है, बल्कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मरीजों को समय पर महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो सांख्यिकीय दावों का कोई महत्व नहीं रह जाता है।

> हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में तल्ख टिप्पणी की है। वह सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति राजन रॉय और मनजीव शुक्ला की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि क्या कोई अस्पताल हलफनामे में यह कह सकता है कि आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। अदालत ने टिप्पणी की कि यदि ऐसा आश्वासन नहीं दिया जा सकता है, तो वेंटिलेटर की उपलब्धता पर प्रस्तुत आंकड़े अर्थहीन हो जाते हैं। खंडपीठ का यह सवाल कि 'अगर जरूरत पड़ने पर मरीजों को वेंटिलेटर नहीं मिल सकता, तो आंकड़ों का क्या फायदा?' सीधे तौर पर स्वास्थ्य प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठाता है।

अदालत ने साफ किया है कि वेंटिलेटर की संख्या के कागज पर मौजूद आंकड़े तब तक अर्थहीन हैं, जब तक कि वे जीवन के नाजुक क्षण में मरीज तक तुरंत न पहुंच सकें। जब वेंटिलेटर की कमी के कारण मौतें होती हैं, तो प्रशासनिक हलफनामे केवल खानापूरी बनकर रह जाते हैं। न्यायालय का यह कहना कि 'वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है', भी स्वास्थ्य प्रणाली की अक्षमता को दर्शाता है।

अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य के लिए आवंटित बजट और चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर सवाल उठाकर एक बड़ा मुद्दा उठाया है। यह केवल वेंटिलेटर खरीदने भर का मामला नहीं है, बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए आवश्यक जनशक्ति (डॉक्टर, तकनीशियन) और बुनियादी ढांचा (ऑक्सीजन, बिजली) सुनिश्चित करने का भी है। अक्सर देखा जाता है कि वेंटिलेटर तो उपलब्ध होते हैं, लेकिन या तो वे खराब होते हैं या उन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ नहीं होते। पीठ का इस बात पर जोर देना कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि उनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए, यह दर्शाता कि देश-प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

कोर्ट ने अपने समक्ष रखे गए आंकड़ों पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है। अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य सेवा के लिए आवंटित राज्य बजट के अनुपात को स्पष्ट करने और चिकित्सा अवसंरचना की स्थिति के संबंध में विवरण तो मांगा ही है। साथ ही राज्य को अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदंडों को पूरा करने से संतुष्ट न रहने का निर्देश भी दिया है, जैसे कि अस्पताल के बिस्तरों के 10-15 प्रतिशत के बराबर वेंटिलेटर बनाए रखना।

यही नहीं न्यायालय ने निजी अस्पतालों की फीस और उनकी सेवाओं की निगरानी के लिए विनियामक ढांचे के अभाव पर भी चिंता जताई है। स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी अस्पताल मरीजों के जीवन को दांव पर न लगाए। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि इनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए। अदालत ने अपने सामने पेश किए गए आंकड़ों पर असंतोष व्यक्त किया। राज्य सरकार से पूछा कि स्वास्थ्य सेवा के लिए राज्य के बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है और चिकित्सा ढांचे की मौजूदा स्थिति के बारे में पूरी जानकारी देने को कहा।

अदालत ने राज्य सरकार को अपने नजरिए पर फिर से विचार करने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि सरकार को सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों को पूरा करके ही संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान, पीठ ने राज्य सरकार से यह भी जानकारी मांगी कि क्या निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक ढांचा मौजूद है? विशेष रूप से उपचार और सेवाओं की निगरानी के लिए ली जाने वाली फीस के संबंध में। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन पर भी चिंता जताई गई, कहा कि इससे डॉक्टर निजी अस्पतालों की ओर पलायन करते हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ता है।

कोर्ट ने राष्ट्रीय नगर निगम (एनएमसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मामले में पक्षकार बनाया है। मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एक चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा एक संवैधानिक अधिकार है।

### आमने



बोरे बासी छत्तीसगढ़ के किसान-मजदूर वर्ग का मुख्य भोजन है, जिसे उनकी सरकार ने बोरे बासी दिवस के रूप में पहचान दिलाई। सुशासन के नाम पर छत्तीसगढ़ सरकार क्या कर रही है? शराब भट्ठी खोल रही है। बिजली नहीं मिली रही है। सभी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार हो रहा है।

-भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### सामने



कांग्रेस सरकार ने बोरे बासी के नाम पर दिखावा करते हुए करोड़ों रुपये का घोटाला किया। पहले संसाधनों की कमी के कारण लोग मजबूरी में रात का बचा चावल खाते थे, इसे जबरन परंपरा के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों की राशि पांच साल तक रोकी गई।

-गजेंद्र यादव
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़

# नेपाल: बालेन सरकार और जनता के सरोकार




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


इसमें दो राय नहीं कि बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है, लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। बेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है, लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ़ जीत मिली है, जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है, हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है।

> नेपाल में जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े कई अहम सरोकारों में बाधा भी आई है। इससे लोग परेशान हैं।

जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। नेपाली कांग्रेस ने कहा है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारी सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे, बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती, तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती, लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है।

काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुंबासी बस्ती पर सरकारी बुलडोज़र चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है।

नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकंबासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं। बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं, नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है, इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही प्रधानमंत्री ने काठमांडू के सुकुंबासी बस्तियों पर बुलडोज़र चलाने का बड़ा फैसला लिया। यह अभियान थापाथली और गैरीधारा में बिना किसी बड़े अवरोध के आगे बढ़ा, लेकिन मनोहरा में लोगों का तीखा विरोध देखने को मिला। यह अभियान अब देशभर में फैल सकता है। नुवाकोट में भी इसी तरह की कार्रवाई शुरू हो चुकी है, जबकि पोखरा में भी बुलडोज़र चलाने की तैयारी की खबरें सामने आ रही है। सरकार के इस कदम को जहां शहरी विकास और कानून व्यवस्था की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है, वहीं प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर सवाल उठने लगे हैं।

अभियान में जाने-अनजाने भारतीय मूल के लोगों को ज्यादा नुक्सान उठाना पड़ रहा है। जेन जी आंदोलन में नेताओं से अधिक वहां के व्यापारियों को निशाना बनाया गया था। काठमांडू के नवनिर्मित मारवाड़ी परिषद के विशाल भवन को आग के हवाले कर दिया गया था। नेपाल में मारवाड़ी समुदाय का इतिहास बहुत पुराना है। इन्हें राजाओं ने व्यापार बढ़ाने के लिए राजस्थान से आमंत्रित किया था।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## राजीव और अमिताभ

राजीव गांधी और अमिताभ बच्चन की पहली मुलाकात अमिताभ के बर्थडे पर हुई थी। उस समय अमिताभ चार वर्ष के थे, जबकि राजीव दो वर्ष के। इंदिरा गांधी नन्हें राजीव को अपनी गोद में लिए अमिताभ के चौथे बर्थडे पर अमिताभ के घर पहुंची थीं। बचपन की इस पहली मुलाकात के बाद मुलाकातों का सिलसिला राजीव की अंतिम सांस तक चला। इन दोनों बच्चों के जन्म से पहले ही बच्चन और गांधी परिवार में प्रगाढ़ मित्रता जन्म ले चुकी थी। नेहरू-हरिवंशराय बच्चन के बीच मित्रता थी, तो दूसरी तरफ इंदिरा-तेजी के बीच में। एक तरफ राजीव और अमिताभ के बीच अच्छी बनती थी, ठीक वैसी ही संजय गांधी और अजिताभ बच्चन के बीच गहरी मित्रता थी। किशोरावस्था में दोनों बच्चन भाई नैनिताल के शेरवुड स्कूल में पढ़ने चले गए, तो गांधी बंधु देहरादून के दून स्कूल में पहुंच गए।




रुचि दुबे
ब्लॉगर


एक बार कवि हरिवंशराय बच्चन विदेश से एक ट्रांजिस्टर-कम-टेपरिकॉर्डर लाए थे, लेकिन कुछ ही दिनों बाद अमिताभ ने उसकी जांच के लिए उसके एक-एक पुर्जे खोल दिए। काफी मशक्कत के बाद भी जब ट्रांजिस्टर फिट नहीं हुआ, तो उसके सारे पुर्जे एक थैले में भरकर सीधे गांधी निवास 'तीन मूर्ति भवन' की ओर दौड़ पड़े। राजीव गांधी स्क्रू ड्राइवर लेकर बैठ गए। पूरी एकाग्रता और धर्य के साथ ट्रांजिस्टर के हर एक विभाग का निरीक्षण किया और एक के बाद एक सारे पुर्जे जोड़कर ट्रांजिस्टर को चालू कर दिया।

राजीव गांधी अब 'पायलट' बन चुके थे और अमिताभ 'अभिनेता', लेकिन अब भी अटूट दोस्ती के कीच कोई दूरी नहीं आई। कई बार तो अमिताभ ने उस फ्लाइट से सफर किया, जिसे राजीव गांधी उड़ा रहे थे। राजीव गांधी तो अमिताभ से मिलने के लिए इतने आतुर रहा करते थे कि अक्सर वे अमिताभ को फ्लाइट की जानकारी भी दे दिया करते थे कि फलां-फलां दिन इस शहर में इस फ्लाइट में मैं पायलट रहूंगा, अगर तुम्हें कहीं आना-जाना हो इसी फ्लाइट से सफर करना।

अमिताभ को हमेशा इस बात का आश्चर्य होता कि जब भी फ्लाइट में राजीव गांधी कोई अनाउंसमेंट करते थे, तो कभी भी अपना सरनेम नहीं बोला करते थे.. सिर्फ इतना ही कहते 'आई कैप्टन राजीव'..! राजीव गांधी की सादगी और सरलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कभी भी अपना परिचय देते समय वे किसी से यह नहीं कहते थे कि मैं भारत की प्रधानमंत्री का बेटा हूं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## अधूरी सुविधा से पूरे पोषण की उम्मीद बेमानी

गांवों में जब किसी घर में बच्चे का जन्म होता है, या कोई महिला गर्भवती होती है, तो सबसे पहले जिस सरकारी व्यवस्था का नाम सामने आता है, वह है आंगनबाड़ी केंद्र। यह केंद्र केवल ग्रामीण समाज के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का पहला दरवाज़ा माना जाता है। वर्षों पहले जब समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य स्पष्ट था, गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा देना। इनके माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी सलाह जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों में कुपोषण को कम करने, स्कूल छोड़ने की दर घटाने और माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। कई क्षेत्रों में इन प्रयासों का सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, जहां आंगनबाड़ी सेवाएं नियमित रूप से मिल रही हैं, वहां बच्चों का वजन और ऊंचाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया जैसी समस्याओं में भी कमी दर्ज की गई है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी कम चिंताजनक नहीं है।




गुड्डी कुमारी
एक्टिविस्ट


कई गांवों में लोग यह शिकायत करते हैं कि उन्हें आंगनबाड़ी से मिलने वाली सभी सुविधाएं समय पर नहीं मिलतीं। कुछ जगहों पर पोषण सामग्री का वितरण अनियमित है, तो कहीं बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री या खेल सामग्री का अभाव देखा जाता है। जब ग्रामीण इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हैं, तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इससे लोगों का भरोसा इस व्यवस्था पर धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाता है।

यह भी एक सच्चाई है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक जैसे नहीं हैं। कुछ केंद्र ऐसे हैं, जहां बच्चों के लिए रंग-बिरंगे चार्ट, खिलौने, साफ-सुथरा वातावरण और नियमित भोजन की व्यवस्था होती है। इन केंद्रों में आने वाले बच्चे न केवल स्वस्थ दिखते हैं, बल्कि उनमें सीखने की उत्सुकता भी साफ नजर आती है। वहां की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है, जिससे उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव दिखाई देता है। ऐसे केंद्र इस बात का प्रमाण हैं कि यदि योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जाए, तो बदलाव संभव है।

पहले के समय में बच्चों का कुपोषण आम बात थी। कई बच्चे कमजोर पैदा होते थे और छोटी उम्र में ही बीमारियों का शिकार हो जाते थे, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों की शुरुआत के बाद धीरे-धीरे स्थिति में सुधार देखने को मिला। अब कई गांवों में बच्चों का नियमित वजन मापा जाता है, टीकाकरण समय पर होता है और गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती हैं। इन सुविधाओं ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी बेहतर किया है। फिर भी, यह सुधार हर गांव तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसका एक बड़ा कारण निगरानी व्यवस्था की कमजोरी और संसाधनों का असमान वितरण माना जाता है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर काम का बोझ इतना अधिक होता है कि वे सभी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा नहीं कर पातीं। दूसरी ओर, कुछ जगहों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस व्यवस्था को कमजोर बना रही है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

अमृत विचार
# शब्द रंग



जब भी 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की चर्चा होती है, हमारे मन में कुछ तयशुदा नाम उभरते हैं, जैसे रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडेय, नाना साहब पेशवा आदि। इतिहास की किताबों ने इन्हें बड़े और उभरे अक्षरों में लिखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि हर कथा को कुछ चेहरे चाहिए होते हैं, लेकिन कभी-कभी यही चेहरे इतने बड़े हो जाते हैं कि बाकी कहानी पीछे छूट जाती है। सवाल यह नहीं कि इनका महत्व कम है, बल्कि यह कि क्या कोई क्रांति सचमुच तीन-चार नामों से पूरी हो जाती है?



भगवंत अनमोल
वरिष्ठ साहित्यकार

## बावनी इमली : वह पेड़ जिस पर क्रांतिकारियों को दी गई थी फांसी

कानपुर के आसपास के लोग अब अजीमुल्लाह खान, तात्या टोपे या अजीजन बाई जैसे नाम भी जानने लगे हैं, लेकिन अगर आप कानपुर से कुछ ही दूरी पर बसे फतेहपुर की ओर मुड़ें, तो कहानी अचानक धीमी हो जाती है। यहां इतिहास किताबों से ज्यादा लोगों की यादों में बसा है। फतेहपुर जिले में बिंदकी तहसील में एक जगह है- बावनी इमली। नाम सुनकर यह कोई साधारण-सा पेड़ लगता है, लेकिन 28 अप्रैल आते ही यह जगह एक तारीख से जुड़ जाती है और तारीख एक कहानी से।



1857 की हलचल में फतेहपुर भी चुप नहीं बैठा था, चुप नहीं बैठा था कहना सही नहीं होगा, बल्कि बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। खागा गढ़ी के ताल्लुकेदार ठाकुर दरियाव सिंह के नेतृत्व में इन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को मार खदेड़ा था। कहा जाता है कि यह इलाका करीब 34 दिनों तक अंग्रेजों की हुकूमत से मुक्त रहा था। यह 'मुक्ति' कितनी संगठित थी, इस पर बहस हो सकती है, लेकिन इतना तय है कि यहां के वीर सिर्फ दर्शक नहीं थे, इस मिट्टी में भी उतनी ही क्रांति और आग थी, जितनी अन्य स्थानों पर। गंगा-यमुना के दोआब पर बसे इस जिले ने कई वीर दिए, जिनमें ठाकुर दरियाव सिंह, उनके पुत्र सुजान सिंह, भाई निर्मल सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्लाह खान, बाबा गयादीन दुबे, ठाकुर शिवदयाल सिंह और ठाकुर जोधा सिंह अटैय्या जैसे नाम उस समय की स्थानीय धड़कन थे, जिन्हें आज भी फतेहपुर के बाहर कम ही लोग जानते हैं।

जोधा सिंह अटैय्या की कथा तो किसी लोकगाथा जैसी लगती है- लगान देने से इंकार करना, गुरिल्ला युद्ध, तहसीलों और कोषागारों पर हमले, अंग्रेजी सत्ता को लगातार चुनौती और फिर जंगल में घुस जाना। जब मेरठ, कानपुर और झांसी की क्रांति की ज्वाला मंद पड़ गई थी, तो फतेहपुर के इन वीरों की क्रांति अंग्रेजों को हतोत्साहित किए हुए थी। जोधा सिंह अपने साथियों के साथ ऐसे निकलते और ऐसा छुपते थे, जैसे गुफा में छुपा शेर अपना शिकार देखते ही शिकार कर लेता और फिर गुफा में चला जाता। अंग्रेजों की इतनी बुरी हालत हो गई थी कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि इस वीर से युद्ध कैसे किया जाए।

कभी-कभी ही उनके क्रांतिकारी दिखते और जब दिखते तो इतने संगठित तरीके से कि अंग्रेजों के पास मौका ही न बचता उनके वार से बचने के लिए और फिर गायब, सुदूर अपनी गुफा में। अंग्रेजों ने उन्हें 'डाकू' कहा, जो इतिहास में असहमति को छोटा करने का पुराना तरीका रहा है। आखिरकार भीतर से मिली एक सूचना ने उन्हें पकड़वा दिया। इसके बाद 28 अप्रैल 1858 का दिन आया, जब खजुहा में एक इमली के पेड़ के नीचे कर्नल क्रिस्टाइल द्वारा जोधा सिंह सहित 52 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई।

जोधा सिंह अटैय्या वही क्रांतिकारी थे, जिन्होंने कर्नल नील, मेजर-जनरल हैवलॉक और रेनाल्ड जैसे क्रूर अंग्रेज अफसरों को चकमा दे दिया था और कर्नल पॉवेल का सर धड़ से अलग करके उनके छावनी भेज दिया था। कहानी यहीं खत्म नहीं होती। स्थानीय लोगों की मानें तो अंग्रेजों ने शवों को ले जाने की अनुमति नहीं दी और लंबे समय तक उस स्थान पर पहरा रहा। 37 दिनों तक वह शव उसी पेड़ पर लटकते रहे और अपने क्रांतिकारी होने की सजा भुगतते रहे। जब शव सड़ने लगे, तो अंग्रेजों को जबरन उस इमली के पेड़ के पास से अपनी फौज हटानी पड़ी।

फिर ठाकुर भगवान दास ने 4 अप्रैल 1858 को इन अमर सपूतों का अंतिम संस्कार किया। समय बीतता गया और वह स्थान धीरे-धीरे एक स्मृति में बदलता गया। आज भी वहां इमली का पेड़ खड़ा है, जस का तस, शायद पहले से अधिक शांत, जितना उनका इतिहास हो गया है।

इतिहास का अपना एक स्वभाव होता है, वह याद रखने के मामले में बहुत निर्दयी है, जिनके पास अपने समय के लेखक, कवि और इतिहासकार होते हैं, वे बड़े अक्षरों में दर्ज हो जाते हैं, बाकी लोग जगहों, पेड़ों और किस्सों में छूट जाते हैं। यही कारण है कि दिल्ली की एक छोटी घटना पूरे देश में फैल जाती है और किसी सुदूर गांव की बड़ी घटना अपने इलाके तक सीमित रह जाती है। फतेहपुर के बिंदकी स्थित 'बावनी इमली' एक ऐसा ही स्मारक है, जहां एक पेड़ के नीचे खड़े होकर आप समझ सकते हैं कि आजादी की कहानी सिर्फ कुछ नामों की नहीं, बल्कि अनगिनत अनसुने लोगों की भी है। ऐसे वीरों को शत-शत नमन करते हैं, जिनके कारण हम आजादी की सांस ले रहे हैं। अगर आप अपने वजूद को पहचानना चाहते हैं, अपने देश की आजादी की लौ को महसूस करना चाहते हैं, तो एक बार बिंदकी स्थित बावनी इमली के दर्शन जरूर करें और क्रांतिवीरों को प्रणाम करें।

## अखबारों के 'सेवक' और बाल मन के पारखी: डॉ. निरंकार देव

साहित्य की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं, जो केवल कागजों पर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के चरित्र में जीवित रहते हैं। बरेली की साहित्यिक विरासत के ऐसे ही एक अनमोल रत्न थे डॉ. निरंकार देव सेवक, जिसने अभावों के बीच रहकर भी बाल साहित्य के माध्यम से बरेली का मान पूरे भारतवर्ष में बढ़ाया। यह कहानी है एक विद्रोही कवि के कोमल बाल साहित्यकार बनने की, एक समर्पित मित्र की और एक ऐसे साधक की जिसने अंत तक अपनी कलम का साथ नहीं छोड़ा। बरेली के इस बाल साहित्यकार की शख्सियत से रू-ब-रू करा रही है।

रतन सिंह गुर्जर की विशेष रिपोर्ट...



**सादगी और सिद्धांतों का अनूठा संगम**-डॉ. निरंकार देव सेवक का जीवन किसी खुली किताब की तरह था, जिसके हर पन्ने पर सादगी और अनुशासन की इबारत लिखी थी। बरेली के सैदपुरिया मोहल्ले में जन्मे सेवक जी के भीतर साहित्य के संस्कार अपने पिता मुंशी रामभरोसे लाल 'सेवक' से विरासत में मिले थे। पेशे से अग्रणी वकील होने के बावजूद उनका हृदय साहित्य के लिए धड़कता था। उनकी सादगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें खाने में कभी स्वाद की परवाह नहीं रही, उनके लिए भोजन केवल शरीर चलाने का साधन था।

**बच्चन जी से आत्मीय रिश्ता**- साहित्यिक गलियारों में सेवक जी और महाकवि हरिवंशराय बच्चन की मित्रता के किस्से आज भी मशहूर हैं। यह सेवक जी ही थे, जिन्होंने ज्ञान प्रकाश जौहरी के साथ मिलकर बरेली में बच्चन जी और तेजी सूरी की मुलाकात और फिर सगाई तय करवाई थी। बच्चन जी उन्हें 'भाई साहब' कहते थे और उन्होंने सेवक जी को करीब 250 पत्र लिखे। बच्चन जी का स्नेह इतना था कि वे अक्सर बरेली आकर बसने की इच्छा व्यक्त करते थे।

**अखबारों का जुनून और समय की धारा**- सेवक जी का दिन सुबह 5 बजे शुरू होता था और घर में 14 अखबारों का अंबार लगता था। जिला जेल के सामने वाले नाले के किनारे अखबार पढ़ते हुए टहलना उनका नियमित क्रम था। वे पढ़ने में इतने मशगूल हो जाते कि उन्हें आसपास की दुनिया का होश नहीं रहता था। यही एकाग्रता उनकी लेखनी में भी दिखती थी। विद्रोह से वैज्ञानिक चेतना तक सेवक जी ने अपने लेखन की शुरुआत 'चिंगारी' जैसे विद्रोही कविता संग्रह से की थी। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के दौर में संतान न पैदा करने का कठिन संकल्प लिया था। हालांकि बाद में पारिवारिक दबाव में उन्होंने गृहस्थ जीवन को अपनाया। बाल साहित्य में उन्होंने एक नई चेतना फूंकी। उन्होंने पौराणिक कथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिखा। वे कहते थे कि धर्म और रूढ़ियां बच्चों के मानसिक विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। उनके 36 प्रकाशित संग्रह आज भी हिंदी साहित्य की अमूल्य थाती हैं।



### पारिवारिक त्रासदी और सेवा की मिसाल

सेवक जी का अंतिम समय काफी कष्टपूर्ण रहा। आंखों की रोशनी चली जाने के कारण उन्हें अपनी थाली का खाना तक नहीं दिखता था, लेकिन उनकी पुत्रवधू पूनम सेवक ने एक बेटी का धर्म निभाते हुए अंत तक अपने हाथों से उन्हें भोजन कराया। साल 1994 में सेवक जी का निधन हुआ और उसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 1999 में उनके पुत्र प्रदीप और पत्नी का देहांत हुआ और बाद में पोते पुनीत को भी नियति ने छीन लिया। आज सेवक जी का वह विशाल 2000 गज का बंगला भले ही वक्त की मार से छोटे से हिस्से में सिमट गया हो, लेकिन उनकी रचनाओं की गूंज आज भी हर उस बच्चे के मन में है, जिसने 'दूध जलेबी' या 'ईसप की गाथाएं' पढ़ी हैं। डॉ. निरंकार देव सेवक आज भी हमारे बीच अपनी कालजयी रचनाओं और अपनी बेबाक प्रगतिशील सोच के रूप में जीवित हैं।

जॉब का पहला दिन

## कर्तव्य के साथ सेवा की शुरुआत




वर्ष 2018 का वह दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है, जब मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की जालौन जनपद स्थित कोच शाखा में एग्रीकल्चर एवं वित्त अधिकारी के रूप में अपने जीवन की नई शुरुआत की। वह मेरे जीवन का एक ऐसा मोड़ था, जहां उत्साह, जिज्ञासा और जिम्मेदारी- तीनों एक साथ मेरे मन में उमड़ रहे थे। सच कहूं तो उस दिन मुझे ऐसा लग रहा था मानो मैं किसी नई दुनिया में प्रवेश कर रहा हूं।



भानू प्रताप अवस्थी
प्रबंधक
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

सुबह जब मैं पहली बार औपचारिक रूप से कार्यालय पहुंचा, तो दिल की धड़कन कुछ तेज थी। नए सहकर्मी, नया माहौल और अनगिनत अपेक्षाएं- सब कुछ मेरे सामने था। शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने मेरा आत्मीय स्वागत किया, जिससे मेरे भीतर का संकोच कुछ कम हुआ। धीरे-धीरे मैंने अपने कार्यक्षेत्र को समझना शुरू किया। फाइलों का ढेर, कंप्यूटर स्क्रीन पर खुली बैंकिंग प्रणाली और ग्राहकों की भीड़- यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।

पहले ही दिन ग्राहकों से सीधे संवाद का अवसर मिला। कोई किसान अपनी फसल के लिए ऋण चाहता था, तो कोई व्यक्ति अपनी आर्थिक समस्या लेकर आया था। उनकी आंखों में उम्मीद और विश्वास साफ झलक रहा था। जब मैं उनकी समस्याएं सुनता और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाता, तो मेरे भीतर एक अद्भुत संतोष का भाव उत्पन्न होता। मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं केवल एक नौकरी नहीं कर रहा, बल्कि समाज की सेवा के अपने बचपन के सपने को साकार कर रहा हूं।

विशेष रूप से किसानों के साथ संवाद ने मेरे मन को गहराई से छुआ। उनकी मेहनत, संघर्ष और आशाओं को समझते हुए मैंने महसूस किया कि मेरी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। सही मार्गदर्शन और सहयोग से मैं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता हूं। यह सोच मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और समर्पण का संचार कर रही थी।

दिन के अंत तक, थकान जरूर थी, लेकिन उससे कहीं अधिक संतोष और आत्मविश्वास था। मैंने महसूस किया कि यह केवल शुरुआत है- एक ऐसे सफर की, जिसमें चुनौतियां भी होंगी और सीखने के अनगिनत अवसर भी। उस पहले दिन ने मुझे यह सिखा दिया कि सच्ची सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वह पहला दिन मेरे जीवन की सबसे प्रेरणादायक यादों में से एक बन चुका है। उसने मुझे न केवल एक जिम्मेदार अधिकारी बनाया, बल्कि एक संवेदनशील इंसान भी, जो समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझता है और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करता है।

कुछ अलग

## लेखकों का बाजार

आज के वक्त में जबकि सारी दुनिया ही एक बाजार बनती जा रही हो, तो फिर हमारे साहित्य की दुनिया ही भला कैसे इस बाजार 'भाव' से अछूती रह सकती है। यहां लेखकों के भाव स्थापित करने से लेकर उन्हें गिराने और उठाने तक का कार्य बड़ी ही संजीदगी के साथ किया जाता है। ये सभी क्रियाएं साहित्यिक उत्थान की आड़ में इतनी चतुराई से की जाती हैं कि दाएं हाथ को बाएं हाथ की खबर तक न लग पाए। यही उपलब्धि असली महानता है, जोकि सिर्फ लेखन भर से नहीं आती। पिछले जमाने के साहित्य और साहित्यकारों ने भले ही दुनिया को गूढ़ दर्शन दिया हो मगर आज के साहित्य और साहित्यकारों ने न सिर्फ बाजार दिया है, बल्कि लेखक बनाने की विधि से लेकर, किताबें बेचने-खरीदने के लाभप्रद हथकंडे, उन्नत किस्म की चौर्य प्रणाली आदि के अतिरिक्त, लेखकों के भी खरीद, फरोख्त तक का मार्ग प्रशस्त किया है। ये साहित्य का नवीन उन्नयन काल है।



अंशु प्रधान
लेखिका

इसी क्रम में पिछले दिनों एक किस्सा कुछ यूं हुआ कि हमारे प्रिय, आत्मीय और धुरंधर लेखक महाराज एक दिन लेखन मंडी के किनारे वाली दुकान पर लेखक तौलवा रहे थे कि वहां लफ्फाज कवि जी आ धमके, आते ही उन्होंने त्यौरियां चढ़ाते हुए लेखक महाराज को टोका, "अरे महाराज जी! कितने रुपये किलो लिए ,बहुत महंगे नहीं तौलवा लिए आपने!"

महाराज जी ने पूरी बत्तीसी चमकाते हुए कहा, "अजी साहब! क्या करें, किलो दो किलो लेखक घर में रखने पड़ते हैं। अब क्या महंगा और क्या सस्ता, जो ये लिखकर दे देते हैं उसी से लेखन की दाल-रोटी चलती रहती है साहब, वरना इतनी महंगाई में भला कौन खुद लिखके कुछ देता है। न इतना समय है किसी के पास और न इतना भेजा, जो पका-पकाया माल मिल जाता है उसी को थोड़ा और पकाकर बाजार में अपने नाम से ठेल देते हैं।"

लफ्फाज कवि तो ठहरे ही शब्दों के जादूगर सो वे पुनः महाराज जी से बोले, "अरे! इतनी महंगाई में कहां आप इन महंगे लेखकों के चक्कर में पड़े हैं। अरे मेरी मानों तो अबकी रविवार मेरे साथ साहित्य के चोर बाजार चलना। थोड़ी भीड़-भाड़ जरूर रहती है वहां मगर औने-पौने दामों पर ही चोखा माल मिल जाता है।" साहित्य के चोर बाजार की बात सुनते ही महाराज जी की आंखें फटी की फटी रह गईं और कान खड़े हो गए, वे हकलाते हुए बोले- "क्या सच में! क्या वहां सस्ते में बढ़िया लेखक मिल जाएंगे।" लफ्फाज कवि जी ने मुस्कुराते हुए कहा- "और नहीं तो क्या! अरे आप बढ़िया की बात करते हैं, चोर बाजार में एक से एक लेखक मिलेंगे और न सिर्फ बिकने वाले, बल्कि खरीदने वाले भी।" महाराज जी बोले- "वो कैसे"?

इस पर कवि जी ने बड़े गर्व से कहा- "अभी पिछले सप्ताह ही आधा किलो परसाई, दो किलो बच्चन और ढाई सौ ग्राम निराला तोल कर दिए हैं बाजार में, पुरस्कृत लेखकों को किसी से कहिएगा नहीं मैं कविताई करने के साथ-साथ ये काम भी कर लेता हूं। अब देखना! जब वे इन सबको पानी के साथ खुद के बनाए चून में गूंथ के जब मट्ठे पाग के बाजार में बेचेंगे, तो आप भी कहेंगे कि क्या स्वाद है। अजी मैं तो कहता हूं छोड़िए ये लेखक मंडी के कोने के बाजार को, सीधे चोर मंडी चलते हैं।"

महाराज जी ने आव देखा न ताव और लगे मूछों को ताव देने। बड़ी ऐंठ के साथ वे मंडी के दलाल से बोले- "ए भई। नीचे रख! हमें नहीं चाहिए इतने महंगे लेखक।"

दलाल ने तभी कवि जी को घूरते हुए महाराज जी से कहा, "अजी साहब! एक दम से ही मूड बिगड़ गया आपका तो। अजी थोड़ा कम लगा लूंगा अब तराजू पर से कम से कम उतरवाइए तो मत। बड़ी मुश्किल से इन लेखकों को तराजू पर चढ़ने को मिलता है वो भी तब जबकि आलोचकों की निगाह न पड़े साहब।" मगर इतनी देर में महाराज जी को कवि जी का चोर बाजार का गणित भा चुका था। उन्होंने अपने गले में पड़े गमछे को ताव देकर फटकारा और थोड़ा आगे चलकर कवि जी को आवाज लगाई-"अजी। मैंने कहा कि कुछ जलेवी दही हो जाए अगले रविवार को तो आप और हम मिल ही रहे हैं न चोर बाजार में।" कवि जी मुस्कुराए और लपक के जलेबी-दही के दोने पर टूटते हुए बोले, "क्यों नहीं, क्यों नहीं"।



## क्यों स्मार्ट दिखना चाहते हैं अधेड़ हिन्दुस्तानी

भारत में एक अलग तरह की क्रांति दस्तक दे रही है। मध्यम आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं अब अपने आपको अधिक आकर्षक और आत्मविश्वासपूर्ण बनाने के लिए चेहरे की एडवांस सर्जरी करवा रहे हैं। समय के साथ बढ़ती उम्र, व्यस्त जीवनशैली और बदलते सामाजिक-व्यावसायिक माहौल में ये लोग अब केवल स्वस्थ रहने पर ही नहीं, बल्कि बाहरी रूप-सौंदर्य को बनाए रखने पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान दे रहे हैं। इस सर्जरी को डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी कहते हैं। पहले यह सर्जरी सिर्फ बड़े-बड़े सितारों तक ही सीमित थी, लेकिन अब मिडिल क्लास भारतीय भी इसके लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 40 से 65 साल के पुरुष और महिलाएं इस सिद्ध सर्जरी की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। यह सर्जरी चेहरे को नाटकीय तरीके से नहीं, बल्कि बहुत नेचुरल और सूक्ष्म तरीके से जवान बनाती है। लोग अपनी उम्र के साथ आने वाली झुर्रियों, ढीली त्वचा और थकी हुई लुक से छुटकारा पाना चाहते हैं। इस तकनीक को भारत में आगे बढ़ाने वाले दिल्ली के मशहूर फेशियल प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रतीक शर्मा, जो पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से जुड़े थे और आजकल राजधानी के एक अस्पताल में कार्यरत हैं, ने एक सेमिनार में बताया कि गहरी लेयर्स को लिफ्ट करने से रिजल्ट ज्यादा लंबे समय तक रहते हैं और चेहरा ज्यादा नैचुरल और संतुलित दिखता है। वे कहते हैं, "ये सिर्फ झुर्रियां मिटाने की बात नहीं है। ये लोगों को आत्मविश्वास वापस लौटाने और दुनिया के सामने नए जोश के साथ खड़े होने में मदद करता है।"

डीप प्लेन फेसलिफ्ट आखिर है क्या? साधारण फेसलिफ्ट सर्जरी में सिर्फ ऊपरी स्किन को खींचा जाता है, लेकिन डीप प्लेन फेसलिफ्ट उससे कहीं आगे जाती है। इसमें उम्र के साथ ढीले पड़ चुके मसल्स, फैट पैड्स और कनेक्टिव टिश्यू को भी ध्यान से संभाला जाता है। सर्जन इन सबको एक साथ एक यूनिट के रूप में ऊपर उठाता है। इसमें मिड-फेस, जबड़ा, गाल और गर्दन सब शामिल होते हैं। इससे चेहरा स्मूद हो जाता है, नाक से मुंह तक की गहरी लकीरें कम हो जाती हैं और चेहरे में फिर से जवानी वाली चमक लौट आती है। यह प्रक्रिया चेहरे की गहराई में काम करती है, इसलिए नतीजा बहुत प्राकृतिक लगता है। वहीं एक अन्य प्लास्टिक सर्जन बताती हैं कि यह प्रोसीजर अब अमीरों की लग्जरी नहीं रह गई है। अब



लोअर मिडिल क्लास परिवारों की महिलाएं और पुरुष भी इसे करवा रहे हैं। खास बात यह है कि बदलाव बहुत सूक्ष्म, लेकिन असरदार होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है, लेकिन कोई यह नहीं कह पाता कि "इन्होंने कुछ करवाया है"। दोस्त और परिवार वाले बस इतना कहते हैं कि आप बहुत तरोताजा और खुश दिख रहे हैं। विशेषज्ञों के पास परामर्श के लिए हर वर्ग से लोग आ रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले, प्राइवेट सेक्टर के मैनेजर, बिजनेसमैन और घरेलू महिलाएं सभी इसमें रुचि ले रहे हैं। लोग अब कॉस्मेटिक सर्जरी को दिखावा नहीं, बल्कि अपने इमेज, करियर और वेल-बीइंग में निवेश मानते हैं। उम्र तो सबको लगती है, यह सर्जरी बस उस मैदान को थोड़ा बराबर कर देती है।

इसके अलावा, यह सर्जरी गर्दन की त्वचा को भी टाइट करती है, जिससे डबल चिन जैसी समस्या कम हो जाती है। चेहरे पर थकान का भाव कम होता है और आंखों के नीचे की सूजन भी घटती है। रिकवरी का समय भी अब पहले से काफी कम हो गया है। ज्यादातर लोग 10-14 दिनों में सामान्य कामकाज पर लौट आते हैं। सर्जरी से पहले डॉक्टर पूरी जांच करते हैं। ब्लड टेस्ट, हार्ट चेकअप और मेडिकल हिस्ट्री देखी जाती है। सर्जरी जनरल एनेस्थीसिया में होती है और इसमें दो से चार घंटे लगते हैं। बाद में हल्का सूजन और चोट के निशान रह सकते हैं, जो धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं।

अमेरिका और यूरोप में यह हॉलीवुड और फैशन जगत की कई हस्तियों का पसंदीदा विकल्प बन चुका है। सोनजा मॉर्गन, रिकी लेक, मैकेंजी वेस्टमोर, जैकी हैरी जैसी सेलिब्रिटीज ने भी इसके नेचुरल रिजल्ट्स की तारीफ की। क्रिस जेनर जैसी हस्तियों के साथ भी इसकी चर्चा रहती है। भारत में भी कई बड़े सितारों ने इस सर्जरी को करवाया है, पर वे इस बात को अज्ञात कारणों से सार्वजनिक नहीं करते। अमेरिका और यूरोप में अधेड़ और उम्र दराज लोग डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी का लाभ लंबे समय से ले रहे हैं। वहां बहुत सारे हॉलीवुड सितारे भी इस सर्जरी को करवाने के बाद अपने करियर को चमका रहे हैं।

भारत में भी अब जागरूकता बढ़ रही है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ जैसे शहरों में अच्छे अस्पताल उपलब्ध हैं। डॉक्टर सलाह देते हैं कि सर्जरी चुनने से पहले हमेशा योग्य और अनुभवी सर्जन से ही संपर्क करें। आज के समय में दिखावे और आत्मविश्वास का महत्व बहुत बढ़ गया है। डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प बनकर उभरी है, जो अपनी उम्र को महसूस नहीं करना चाहते। यह सर्जरी सिर्फ चेहरे को नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय को खोलती है। अगर आप भी 45 साल के पार हैं और लगता है कि चेहरा थका हुआ दिख रहा है, तो एक अच्छे सर्जन से सलाह जरूर लें। सही निर्णय से आपका आत्मविश्वास नया जोश पा सकता है।

**आरबीआई के पास 2,000 के 98.47% नोट वापस आए**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98.47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है।

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 2 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### व्हीलचेयर और बैसाखी जैसे उत्पादों के लिए नए सुरक्षा मानक

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एल्बो क्रच (बैसाखी) से लेकर पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप जैसे सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। इसका मकसद देश में दिव्यांगों की सहायता के लिए उत्पाद बनाने वाले उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक ये मानक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आवश्यक सहायक उत्पादों की राष्ट्रीय सूची पहल के तहत तैयार किए गए हैं। इनमें आवाजाही के लिए मददगार उपकरण, टेक्टाइल नक्शों और ब्रेल साइनेज के लिए सुलभ डिजाइन एवं व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं।

### अप्रैल में कोल इंडिया के उत्पादन में 9.7 प्रतिशत की बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लि. का कोयला उत्पादन अप्रैल में 9.7 प्रतिशत घटकर 5.61 करोड़ टन रहा। इससे देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कोयला उत्पादन में यह गिरावट काफी अहम है, क्योंकि यह ईंधन देश में बिजली उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है और कुल बिजली उत्पादन में इसका हिस्सा 70 प्रतिशत से भी अधिक है। उद्योग जगत का कहना है कि गर्मियों में बिजली की मांग अपने चरम पर होने से बिजली की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में उत्पादन में आई यह कमी तापीय बिजलीघरों और उद्योगों को होने वाली कोयले की आपूर्ति पर दबाव डाल सकती है।

### भर्ती गतिविधियां अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ीं, बीमा क्षेत्र शीर्ष पर

**मुंबई।** देश में दफ्तरों में नौकरी करने वालों की नियुक्तियों में चालू वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स नामक रिपोर्ट के अनुसार, बीमा क्षेत्र 21 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ नियुक्तियों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ)/ सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) (15 प्रतिशत), रियल एस्टेट (12 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (11 प्रतिशत) और शिक्षा (नौ प्रतिशत) का स्थान रहा। रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार और बैंकिंग क्षेत्रों में पिछले चार महीनों से जारी गिरावट का सिलसिला बना रहा।

# भारत पर अमेरिकी दबाव... आईपीआर पर प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा बरकरार

## व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता के बीच नया तनाव, दवा क्षेत्र पर पड़ेगा विशेष असर

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



• जीटीआरआई ने किया प्रतिवाद, कहा- भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप

भारत के साथ व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता के बीच अमेरिका ने उसे इस बार भी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण और प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता निगरानी सूची में बरकरार रखा है। इसे भारत पर अमेरिका की ओर से दबाव बनाए रखने के एक और हथकंडे के तौर पर देखा जा रहा है। भारत के दवा क्षेत्र, विशेषकर जेनरिक दवाओं के निर्यात पर इसका खास असर पड़ेगा। भारत के आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अमेरिकी रिपोर्ट के बाद कहा है कि भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप है।

किसी देश को प्राथमिकता निगरानी सूची या निगरानी सूची में रखने का मतलब है कि वहां बौद्धिक संपदा संरक्षण, प्रवर्तन या बाजार पहुंच से जुड़े गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। यह विशेष 301 रिपोर्ट अमेरिका की ओर से हर साल जारी की जाती है जिसमें 100 से अधिक व्यापारिक साझेदार देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का आकलन किया जाता है। रिपोर्ट में बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत को दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक करार दिया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा, अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए हमारे सभी प्रवर्तन साधनों का उपयोग करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ, तुर्किये और पाकिस्तान सहित 19 देशों को निगरानी सूची में रखा गया है।

### नीतिगत संप्रभुता के लिए अपने सिद्धांतों का बचाव करे भारत

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, कुल मिलाकर जहां अमेरिका कमजोर आईपी संरक्षण की बात करता है, वहीं भारत का रुख है कि वह पूरी तरह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनुरूप है और वास्तविक अंतर तो सख्त ट्रिप्स-प्लस (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलू) मानकों को अपनाने से इन्कार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है और ये दवाएं आमतौर पर दामों को 80-90 प्रतिशत तक कम कर देती हैं। श्रीवास्तव ने कहा, धारा 3(डी) और अनिवार्य लाइसेंसिंग जैसे प्रावधान इसलिए आवश्यक हैं। सस्ती स्वास्थ्य सेवा और नीतिगत संप्रभुता की रक्षा के लिए भारत को इन सिद्धांतों का बचाव जारी रखना चाहिए। कहा कि भारत 2025 और 2024 में भी प्राथमिकी निगरानी सूची में था। मतलब साफ है कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इससे दवा क्षेत्र में बौद्धिक संपदा नीति को लेकर अमेरिका के साथ लंबे समय से चले आ रहे मतभेद भी स्पष्ट होते हैं।

### वियतनाम पर अमेरिका की सबसे कड़ी नजर, सूची में रूस-चीन भी

प्राथमिकता निगरानी सूची में अमेरिका ने भारत के साथ चीन, रूस, इंडोनेशिया, चिली और वेनेजुएला सहित छह देशों को बरकरार रखा है। संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2026 की विशेष 301 रिपोर्ट में वियतनाम को प्राथमिक विदेशी देश (पीएफसी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह 13 वर्ष में पहली बार है जब किसी देश को इस श्रेणी में रखा गया है। यह श्रेणी उन देशों के लिए होती है जिनकी नीतियां और प्रथाएं अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वियतनाम बौद्धिक संपदा अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रगति नहीं कर रहा है और न ही वह प्रभावी वार्ताओं में पर्याप्त सहयोग कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका वियतनाम के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत जांच शुरू करने पर 30 दिन के भीतर फैसला करेगा। अगर जांच शुरू होती है तो वियतनाम के साथ बातचीत कर मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• केंद्रीयव्यय सचिव ने कहा- राजकोषीय दबाव में भी पूंजीगत व्यय जारी रखेंगे

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उपजे राजकोषीय दबाव के बावजूद आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कायम रखने के लिए चालू वित्त वर्ष में निर्धारित 12.22 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय पर टिके रहने का फैसला किया है। व्यय विभाग के सचिव वी वुअलनाम ने कहा कि देश के सामने बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है और आने वाली कुछ तिमाहियां तथा नया साल काफी तनाव से भरे हो सकते हैं। मार्च के अंत में पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से कर संग्रह पर असर पड़ सकता है।

वुअलनाम ने अशोका यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, राजकोषीय दबाव वास्तविकता है, लेकिन पूंजीगत व्यय हमारी प्राथमिकता रहेगा और हम इसे बजट स्तर पर बनाए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में राजमार्ग, रेलवे, पोत परिवहन, बंदरगाह और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध आयातक होने के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है। सरकार हालात से निपटने के लिए सक्रिय और लचीले ढंग से काम कर रही है, जबकि राजकोषीय सूझबूझ ने देश को मौजूदा अनिश्चितताओं में मजबूत स्थिति में रखा है। बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि जीडीपी आकलन की नई श्रृंखला जारी होने के बाद अब यह 4.5 प्रतिशत माना जा रहा है।

### तेल पर उत्पाद शुल्क कटौती से 7,000 करोड़ रुपये का नुकसान

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से जारी संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं, जो संघर्ष के पहले करीब 73 डॉलर थी। ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है, जिससे राजकोष पर दबाव बढ़ा है। इस कटौती से 15 दिनों में करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होने का अनुमान है। व्यय सचिव ने कहा कि कर संग्रह की स्थिति पर भी करीबी नजर रखी जा रही है, क्योंकि इससे राजकोषीय गुंजाइश और सीमित हो सकती है। उन्होंने बताया कि भारत अपनी एलपीजी खपत का 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के मार्ग से होती है। लेकिन इस समुद्री मार्ग के बंद होने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर और विमानन ईंधन (एटीएफ) पर 33 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया है।

## कमजोर वैश्विक कीमतों के कारण चीनी निर्यात में सरकार ने की कटौती

**नई दिल्ली।** देश का चीनी निर्यात प्रतिकूल वैश्विक मूल्य स्थिति के कारण चालू 2025-26 विपणन सत्र में केवल 7.5 से आठ लाख टन रहने का अनुमान है। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है।

• चालू विपणन सत्र में 7.5 से 8 लाख टन रह सकता है निर्यात

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है जो निर्यात को कोटा प्रणाली के जरिये नियंत्रित करता है। इससे चीनी मिल को अनुपात के आधार पर कोटा दिया जाता है। विपणन सत्र 2025-26 के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। इसके बाद पांच लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से अब तक केवल 87,587 टन की ही मंजूरी दी गई है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, पूरे सत्र में वास्तविक निर्यात 7.5 से आठ लाख टन के करीब रहने के आसार हैं। वर्तमान में निर्यातों के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है। उन्होंने बताया कि तीन मार्च तक भारत पांच लाख टन चीनी का निर्यात कर चुका है लेकिन सत्र की शुरुआत में तेजी रहने के बावजूद मिल पूरे निर्यात कोटे का उपयोग नहीं कर पाएंगी।

## देश में बिजली खपत चार प्रतिशत बढ़कर 154 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत अप्रैल में 4.04 प्रतिशत बढ़कर 153.99 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। पिछले महीने असामान्य बारिश के कारण बिजली मांग कम रहने के बावजूद खपत बढ़ी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश की कुल बिजली खपत 148.01 अरब यूनिट थी। तापमान बढ़ने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण महीने के अंत में बिजली मांग में तेजी आई। अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक) बढ़कर पिछले महीने 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो अप्रैल 2025 में 235.32 गीगावाट थी। इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग करीब 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 2026 की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी।



मिर्जापुर के एक कार्यस्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने शुक्रवार को केक काटकर मजदूर दिवस मनाया।

### फिर भी खुश रहते हैं हम...

- 8 घंटे काम के अधिकार का मानक 1 मई 1886 को शिकागो (अमेरिका) में हुए ऐतिहासिक आंदोलन की देन है। उस समय मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक काम कराया जाता था।
- भारत में मजदूर दिवस सबसे पहले 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था। इसका आयोजन 'लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान' के नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने किया था।

**64% श्रमिकों को न्यूनतम वेतन नहीं**

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट की अप्रैल 2026 में जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत के 14 सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 64% श्रमिक वैधानिक न्यूनतम मजदूरी से कम कमा रहे हैं। कारण बताया गया है कि तय सरकारी न्यूनतम वेतन का स्तर देश की औसत आय की तुलना में बहुत अधिक है, जिससे श्रमिक औपचारिक क्षेत्र से बाहर होकर असुरक्षित और अनौपचारिक काम करने को मजबूर हो जाते हैं।

## सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर घटाया, डीजल पर 23 रुपये और एटीएफ पर 33 रुपये लीटर किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने डीजल के निर्यात शुल्क यानी अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शुक्रवार से 23 रुपये लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले कर को कम करके 33 रुपये लीटर कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। डीजल का निर्यात शुल्क 55.5 रुपये से घटाकर 23 रुपये लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन पर यह शुल्क 42 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 33 रुपये प्रति लीटर किया गया है। डीजल के निर्यात पर सड़क एवं अवसंरचना उपकर एक मई से शुरू हो रहे पखवाड़े के लिए शून्य रहेगा। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी बयान में बताया कि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क की दर शून्य बनी रहेगी।

**भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों का हुआ मोह भंग**

# इस साल चार माह में ही टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड 1.92 लाख करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता का असर, अप्रैल 2026 में 60,847 करोड़ रुपये की निकासी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते विदेशी निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजारों से मुंह मोड़ रहे हैं। वर्ष 2026 के पहले चार महीनों ने 2025 में पूरे साल का का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन चार महीनों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.90 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वर्ष 2025 में यह 1.66 लाख करोड़ रुपये ही थी।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। दुनिया में भूराजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता पर असर पड़ना इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही।बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है।

• मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव कहते हैं कि अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदें कम हुईं और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे बने रहे, जिसका असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ा। कहा, यदि डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर स्थिर हो सकता है।

## भारत में एप्पल के तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत वृद्धि

**न्यूयॉर्क।** एप्पल के सीईओ टिम कुक तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि होने के बाद कहा कि वह भारत को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे कंपनी के लिए एक बड़ा अवसर मानते हैं। एप्पल की 2026 की दूसरी तिमाही का आय विवरण देते हुए उन्होंने कहा, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार है।

कुक ने भारतीय बाजार को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि कंपनी का भारत में प्रदर्शन अच्छा रहने के बावजूद उसकी हिस्सेदारी अभी सीमित है। कुक ने भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और उसकी संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी के अधिकतर ग्राहक अभी ब्रांड के लिए नए हैं जो विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाता है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं भारत को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

## स्क्वायर याड्र्स का राजस्व 48% बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** परामर्श समेत विभिन्न सेवाएं देने वाली स्क्वायर याड्र्स की वित्त वर्ष 2025-26 में आय 48 प्रतिशत बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की आय 1,410 करोड़ रुपये थी।

स्क्वायर याड्र्स ने कहा कि आय में भारत के कारोबार का योगदान 88 प्रतिशत रहा, जबकि शेष 12 प्रतिशत विदेशी परिचालनों से आया। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का सकल लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 476 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 321 करोड़ रुपये था।

# उम्मीद कम होने के बाद भी अप्रैल में यात्री वाहनों की बिक्री में तेज उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर कार और वैन जैसे यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की यात्री वाहनों की कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी और 59,701 इकाई रही। इसमें घरेलू बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 59 हजार पर और निर्यात 111 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 701 इकाई पर रही। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 72 फीसदी का इजाफा हुआ और यह 9,150 इकाई हो गई।



महिंद्रा एंड महिंद्रा के उपयोगी वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में 81 फीसदी की इजाफा हुआ और यह 9,899 इकाई हो गयी। दो टन से हल्के वाणिज्यक वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,984 इकाई और दो से 3.5 टन तक के हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सात फीसदी बढ़कर 20,443 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी का कुल निर्यात 47 फीसदी बढ़ा और 4,970 इकाई दर्ज किया गया। रेनो इंडिया की बिक्री अप्रैल 2025 के 2,602 से बढ़कर 5,413 इकाई हो गयी। निसान की घरेलू बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 3,203 इकाई दर्ज की गयी। निर्यात भी 2,185 इकाई पर रहा। इस प्रकार कुल बिक्री 5,388 इकाई रही।

## दो पायलटों की मौत से उभरी विश्राम के नियमों का पालन न होने पर चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• पायलटों के संगठन ने डीजीसीए से की नियमों में ढील न देने की मांग

पायलटों के संगठन एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ (एएलपीए) इंडिया ने शुक्रवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से विमानन कंपनियों के लिए थकान से जुड़े मानकों में किसी भी तरह की ढील न देने की मांग की। यह मांग पिछले दो दिन में दो पायलट की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के बाद की गई है।

संगठन ने कहा कि डीजीसीए को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध खाका तैयार करना चाहिए। साथ ही पायलटों की थकान की सूचना देने संबंधी प्रणाली पारदर्शी और जवाबदेही तय करने वाली हो तथा इसकी हर तिमाही सार्वजनिक जानकारी भी दी जाए। एएलपीए इंडिया ने कहा कि हाल की घटनाओं के बाद उड़ान सुरक्षा, नियामकीय विश्वसनीयता और पायलट के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। एयर इंडिया और अकासा एयर के एक-एक पायलट की हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई। दोनों उस समय ड्यूटी पर नहीं थे। एयर इंडिया के पायलट की बाली में निर्धारित विश्राम के दौरान और अकासा एयर के पायलट की प्रशिक्षण के दौरान मौत हुई।

संशोधित एफडीटीएल नियम में पायलटों के लिए अधिक विश्राम समय का प्रावधान है लेकिन यह अभी पूरी तरह लागू नहीं हुए हैं।

**शुरुआत** | अमित शाह ने रखी आधारशिला, कहा– पिछले 10 साल में देश में 70% बढ़ा दूध का उत्पादन

# करगिल में स्थापित होगा 10,000 लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट

**लेह/जम्मू, एजेंसी**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। इसके साथ लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई पहल भी ऑनलाइन माध्यम से पेश कीं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि यहां आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।



करगिल में लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण करते अमित शाह।

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम सेउपलब्ध कराई जा रही है।

### लद्दाख में डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए कदम

अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पूर्व सीईए सुब्रमण्यम शिकागो में सम्मानित

**वॉशिंगटन।** भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी. सुब्रमण्यम को शिकागो विश्वविद्यालय द्वारा व्यावसायिक उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुब्रमण्यम 1941 में प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार की स्थापना के बाद से यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बन गए हैं। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के बृहस्पतिवार से शुरू हुए पूर्व छात्र सप्ताहांत समारोह में प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय ने कहा कि भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में, सुब्रमणयम ने कोविड-19 के दौरान प्रमुख रूप से कार्य किया। इसमें सुब्रमण्यम द्वारा लिखित आर्थिक सर्वेक्षणों को ऐतिहासिक बताया गया

### स्पीयर्स पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स पर कैलिफोर्निया में मादक पदार्थ और शराब के नशे में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेंचुरा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय ने बताया कि 44 वर्षीय पॉप गायिका पर शराब पीकर और मादक पदार्थ के नशे में गाड़ी चलाने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया गया। इस मामले में स्पीयर्स के प्रतिनिधि ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

### भारतीय राजदूत को ढाका में तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बधे को तलब किया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की कुछ टिप्पणियों पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। शर्मा ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि असम में 20 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। शर्मा ने कहा था, अशिष्ट लोग प्यार की भाषा नहीं समझते। जब हम असम से उन घुसपैठियों को निकालते हैं जो खुद वापस नहीं जाते।

### गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दीं

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं।

## असम के सीएम की पत्नी से जुड़े मामले में खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा-मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है**

उच्चतम न्यायालय ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी और कहा कि मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदूरकर की पीठ ने कुछ शर्तों के साथ खेड़ा को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया।

अदालत का आदेश शुक्रवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इससे पहले बृहस्पतिवार को दिन में अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। अदालत ने कहा, व्यक्तिगत आजादी एक बहुत महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है, और इससे वंचित किए जाने के लिए बहुत ठोस और मजबूत कारण होना जरूरी है, खासकर तब जब आसपास की परिस्थितियां यह दिखाती हों कि मामले में राजनीतिक पहलू छुपा हो सकता है।

अदालत ने कहा कि यदि अपराध शाखा थाने में दर्ज मामले में अपीलकर्ता (खेड़ा) की गिरफ्तारी हुई है तो उन्हें अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। अदालत ने कहा कि रिहाई जांच अधिकारी द्वारा उचित समझी गई शर्तों और नियमों पर आधारित होगी।

## सीजीएचएस की अपर निदेशक घूस लेने में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) मेरठ (उप्र), की अपर निदेशक नताशा वर्मा और उनके पीए सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने बताया कि वर्मा के निजी सहायक सन्नी के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया था। उसने एक सीजीएचएस कर्मचारी के मुरादाबाद से मेरठ में तबादले के एवज में स्वास्थ्य भवन, सीजीएचएस, मेरठ के अधिकारियों की ओर से 80,000 रुपये रिश्वत मांगी थी।

## फिल्म निर्माता की ऑस्कर ट्रॉफी गुम, हवाई अड्डे पर हथियार मानकर कार्गो में भेजा था

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- **न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट पहुंचने पर नहीं मिली डिब्बे में रखी ट्रॉफी**

अकादमी पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्र 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के सह-निर्देशक एवं रूसी फिल्म निर्माता पावेल तालांकिन की ऑस्कर ट्रॉफी तब गुम हो गई जब न्यूयॉर्क हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें इसके साथ उड़ान भरने से रोक दिया। इस साल के अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन में मुख्य भूमिका निभाने वाले तालांकिन ने बताया कि बुधवार को जॉन एफ केनेडी हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने उनसे कहा कि वह लगभग 3.8 किग्रा वजनी ट्राफी को विमान में अपने साथ नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि मार्च में ऑस्कर जीतने के बाद से वह बिना किसी घटना के एक दर्जन से अधिक बार ट्रॉफी के साथ हवाई यात्रा कर चुके हैं। लुफ्थांसा की उड़ान से बृहस्पतिवार सुबह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुचे तालांकिन ने कहा कि यह बात पूरी तरह से समझ से परे है कि वे ऑस्कर (ट्रॉफी) को हथियार कैसे मानते हैं... (मैंने) इसे अपने साथ कैबिन में लेकर यात्रा की है, और कभी कोई समस्या नहीं हुई। तालांकिन को पुरस्कार को कार्गो के रूप में दर्ज करने के लिए कहा गया। अपने सामान की पहले ही जांच करा चुके फिल्म निर्माता को एयरलाइन अधिकारियों द्वारा गत्ते का डिब्बा दिया गया, और फिर दो एजेंटों ने ऑस्कर ट्रॉफी को 'बबल रैप' में लपेटा तथा उसे परिवहन के लिए ले गए। इस पूरी प्रक्रिया को तालांकिन ने अपने फोन में रिकॉर्ड किया। हालांकि, जब फिल्म निर्माता फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो वह डिब्बा कहीं नहीं मिला।

# ईरान के खिलाफ युद्ध 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया

### अमेरिकी संसद से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने को ट्रंप प्रशासन का तर्क

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। ईरान के खिलाफ युद्ध तो 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा बृहस्पतिवार को सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं। दरअसल, अमेरिका में 1973 का 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' लागू है। यह कानून राष्ट्रपति को पाबंद करता है कि अगर वह कहीं सैन्य कार्रवाई शुरू करते हैं, तो उन्हें 60 दिनों के भीतर सेना वापस बुलानी होगी, जब तक कि संसद उस कार्रवाई को आगे बढ़ाने की विशेष अनुमति न दे दे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो मार्च को इस अभियान के बारे में संसद को जानकारी दी थी, जिसके हिसाब से एक मई को 60 दिन पूरे हो रहे हैं। हालांकि, सांसदों के बीच इस बात को लेकर मतभेद हैं कि समय सीमा खत्म हुई है या नहीं। विवाद का मुख्य कारण यह है कि क्या युद्ध के बीच में आए अस्थायी ठहराव या शांति के समय को भी इन 60 दिनों में गिना जाना चाहिए। व्हाइट हाउस का कहना है कि बीच में हुए संघर्ष विराम की वजह से यह समय सीमा प्रभावी रूप से रुक गई थी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा कि युद्धविराम के दौरान 60 दिनों की इस अवधि को 'रोका' जा सकता है।



### साठ दिन से अधिक पर संसद की मंजूरी आवश्यक

इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्रवाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से28 फरवरी शनिवार को शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है।'' अधिकारी ने कहा कि सात अप्रैल से शुरू हुए दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद से अमेरिकी सेना और ईरान के बीच गोलीबारी नहीं हुई है। हालांकि युद्धविराम के समय को बढ़ा दिया गया है और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है वहीं ईरान के तेल टैंकर को समुद्र में जाने से रोकने के लिए अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। राष्ट्रपति की सैन्य शक्तियों को नियंत्रित करने वाले कानून 'वॉर पावर्स रिजोल्यूशन' के तहत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास शुक्रवार तक संसद से अनुमति लेने या युद्ध रोकने का समय था। यह कानून प्रशासन को इस समय सीमा को 30 दिन तक बढ़ाने की अनुमति भी देता है।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले-अमेरिका से समझौता करने के लिए बेताब है ईरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है और उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब ईरान ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका ने फिर हमले किए तो वह भी हमले कर जवाबी कार्रवाई करेगा। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी तब से युद्ध अस्थायी रूप से रुका हुआ है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पुन: हमले करेंगे तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें इसकी जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा, उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी के परिणामस्वरूप ईरानी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है।

## मृतक संख्या बढ़कर नौ हुई 28 लोगों को बचाया गया

**मध्य प्रदेश क्रूज हादसा**

**जबलपुर, एजेंसी**

- **बरगी बांध में डूबे छह अन्य लोगों की तलाश कर रही हैं बचाव-राहत में लगीं एजेंसियां**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में क्रूज नाव पलटने की घटना में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि डूबी हुई नाव से पांच और शव बरामद किए गए हैं, जबकि छह अन्य लोगों की तलाश अभी जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें लापता लोगों की तलाश में अभियान तेज कर रही हैं।

मध्यप्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बातचीत में कहा कि बृहस्पतिवार को चार शव मिले थे, जबकि शुक्रवार तड़के बचाव अभियान के दौरान पांच और शव बरामद हुए, जिससे मृतकों की संख्या नौ हो गई। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी और एक जीवित बचे व्यक्ति द्वारा लाइफ जैकेट के मुद्दे को उठाने की भी पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा बृहस्पतिवार शाम नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में अचानक आए तूफान के दौरान हुआ, जिससे क्रूज नाव पलट गई।

जबलपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह ने कहा कि आशंका है कि कुछ शव अभी भी नाव के भीतर फंसे हो सकते हैं, लेकिन कम दृश्यता के कारण सटीक स्थिति का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें संयुक्त रूप से बचाव और तलाश अभियान चला रही हैं। इसके अलावा जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ पास स्थित एक जल संयंत्र की निर्माण एजेंसी भी तकनीकी सहयोग दे रही है। सिंह ने बताया कि स्थानीय निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और नाव से निकलकर बाहर आए लोगों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि जब तक नाव के अंदर की पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती और यह सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता कि कोई और शव नहीं बचा है, तब तक डूबी हुई नाव को बाहर नहीं निकाला जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण पानी में लहरें उठीं, जिससे नाव में सवार लोगों ने शोर मचाकर चालक दल से नाव को किनारे की ओर ले जाने की अपील की, लेकिन चालक दल तक आवाज नहीं पहुंच सकी और नाव बहते हुए पलट गई। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने रस्सी की मदद से लाइफ जैकेट पहने यात्रियों को बचाया।

### हादसे की जांच के आदेश क्रूज के संचालन पर रोक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने जबलपुर जिले के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे की जांच का शुक्रवार को आदेश दिया और राज्य में क्रूज के संचालन पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे के दौरान लोगों की जान बचाने के लिए जोखिम उठाने वाले स्थानीय निवासियों को उनकी बहादुरी के लिए स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन का और विस्तार करेगा

- **नासा के आईएसएस बंद करने की योजना के बीच तैयारी**

**बीजिंग।** चीन पृथ्वी की कक्षा में स्थित अपने अंतरिक्ष स्टेशन का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जिससे इसका आकार संभावित रूप से दोगुने से भी अधिक हो जाएगा। यह कदम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को वर्ष 2031 तक चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बना रही है। वर्तमान में, चीन का तियांगोंग और आईएसएस कक्षा में मौजूद हैं, जो नासा के साथ-साथ रूस, यूरोप, जापान और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसियों की एक सहयोगी परियोजना है। नासा की योजना अंतरिक्ष में मानव निर्मित सबसे बड़ी संरचना 'आईएसएस' को बंद करने की है। इससे चीनी अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी की परिक्रमा करने वाला अपनी तरह का एकमात्र स्टेशन बन जाएगा। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन तब बनाया जब उसे आईएसएस से कथित तौर पर बाहर कर दिया गया। चीन वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास एक अंतरिक्ष स्टेशन है जो 2022 में चालू हुआ था। यह स्टेशन फुटबॉल कोर्ट के आकार के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा है, जिसमें कई अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों ने 1998 में इसके संचालन शुरू होने के बाद से 3,000 से अधिक प्रयोग किए हैं।

## एनसीबी ने मुंबई में 1745 करोड़ की 349 किलो कोकीन जब्त की

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतरराष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है। ब्यूरो की कई टीमों ने विशिष्ट और विश्वसनीय सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए कलंबोली-भिवंडी कॉरिडोर (नवी मुंबई - ठाणे क्षेत्र) में समन्वित छापेमारी की और गोदामों की अवसंरचना तथा छिपे हुए परिवहन तंत्र का उपयोग करने वाले एक अत्यधिक संगठित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस सफलता के लिए ब्यूरो को बधाई देते हुए कहा, हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को बेरहमी से कुचलने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों के रिंग पर सख्त कार्रवाई करते हुए 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत 1,745 करोड़ रुपये है। यह 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप को ट्रेस करते हुए एक विशाल नेटवर्क को पकड़ा। टीम एनसीबी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई। यह सफल ऑपरेशन नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है।

## ईयू देशों में एक हो दुष्कर्म की परिभाषा

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। उनका कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा को ही आधार न माना जाए, बल्कि सहमति के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए।

## सू की को जेल से घर में किया नजरबंद



**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिंग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी। सू की लगभग पांच वर्षों से जेल में थीं। उन्हें एक फरवरी, 2021 को उस समय गिरफ्तार किया गया था जब सेना ने उनको सत्ता से हटाकर देश का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

## कारोबारी से ठगी : खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत

- **आठ अन्य मामलों में खरात पर हैं महिलाओं से शोषण के आरोप**

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात को पुणे के एक कारोबारी से पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में चार मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। खरात से जुड़े मामलों की जांच कर रहे एसआईटी ने 30 अप्रैल को अदालत में आवेदन दायर कर इस ठगी मामले में उनकी हिरासत मांगी थी। स्वयंभू बाबा के खिलाफ दर्ज यह नौवां मामला है। अन्य आठ मामलों में खरात पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। सुरक्षा कारणों से अदालत की कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई। पुलिस ने सुनवाई के दौरान स्वयंभू बाबा की हिरासत की मांग की, लेकिन बचाव पक्ष ने इसका कड़ा विरोध करते हुए कहा कि एसआईटी हर बार पुलिस हिरासत के लिए एक जैसा कारण देती है और हिरासत के लिए कोई मजबूत आधार नहीं है। हालांकि, अदालत ने अभियोजन पक्ष की यह दलील स्वीकार कर ली कि यह अलग (ठगी से जुड़ा) मामला है और इसमें बड़ी धनराशि शामिल होने के कारण आगे की जांच आवश्यक है। इसके बाद अदालत ने खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। शिकायत में पुणे के कारोबारी ने आरोप लगाया कि उसने अशोक खरात की म्यांमा, ग्रीनलैंड और अमेरिका की यात्राओं का खर्च उठाया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष
आज मित्रों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। तकनीकी कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।


तुला
आज का दिन नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के लिए शुभ है। व्यापारिक साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।


वृष
आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। निवेश के लिए विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।


वृश्चिक
आज का दिन आपके पराक्रम में वृद्धि लाएगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। पुराने रोगों से राहत मिलेगी।


मिथुन
आज संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं, जो सुखद और लाभदायक रहेंगे।


धनु
आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता के योग हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। आपकी रचनात्मकता नए रास्ते खोलेगी।


कर्क
आज आप आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।


मकर
आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। स्वयं पर भरोसा रखें। घरेलू मोर्चे पर कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं।


सिंह
आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की कमान मिल सकती है। उधार के लेन-देन से दूरी बनाए रखें।


कुंभ
आज व्यावसायिक यात्राएं सफल होंगी। संचार के माध्यमों से कोई खुशखबरी मिल सकती है। साहस के साथ नए कदम बढ़ाएं।


कन्या
आज कोई भी निर्णय भावनाओं में बहकर न लें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। वाणी पर संयम रखें।


मीन
आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। व्यवहार में सौम्यता बनाए रखें। परिवार में मांगलिक आयोजन की चर्चा हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 3 मई 00 .49 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

### सुडोकू -137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

**डेटा चोरी**

**अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरे का दिया हवाला**

## चीन में निर्मित एआई मॉडलों की जांच कर रही अमेरिकी संसद

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर. गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां मॉडल डिस्टिलेशन नाम की तकनीक का प्रयोग कर रही हैं।

आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में एनीस्फीयर और एयरबीएनबी जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

### चीन ने अमेरिका-चीन संबंधों में ताइवान को बताया सबसे बड़ा खतरा

**ताइपे।** ताइवान ने चीन के उस बयान पर शुक्रवार को चिंता जताई, जिसमें उसने कहा है कि स्वशासित ताइवान, चीन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। ताइवान की सरकार ने यह चिंता चीन और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों के बीच हुई बातचीत के कुछ घंटे बाद बीजिंग के संबंधित बयान के बाद जताई। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान का विदेश मंत्रालय चीन के बयान को लेकर चिंतित है जिसमें एक बार फिर ताइवान मुद्दे पर धमकी भरी बातें की गई हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई बातचीत में कहा कि अमेरिका को ताइवान के मुद्दे पर सही विकल्प चुनना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच स्थिरता बनी रहे। यह जानकारी चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में दी गई। यह बातचीत उस बहुप्रतीक्षित शिखर सम्मेलन से लगभग दो हफ्ते पहले हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने की उम्मीद है। इस बैठक में ताइवान प्रमुख मुद्दों में से एक माना जा रहा है। चीन, ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग से उसे फिर से अपने नियंत्रण में लेने की बात करता है।

## दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में रखें भारतीय इतिहास

**जोहानिसबर्ग।** साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग की है। एक खुले पत्र में सभा के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में हिंदू धर्म सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी।



> मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं रन बनाने के मामले में माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी।
> – केएल राहुल


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 2 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026
### आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट



एथेंस के पास पिराएस में ओलंपियाकोस और एएस मोनाको के बीच यूरोलीग प्लेऑफ बास्केटबॉल प्रतियोगिता देखते टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच (बाएं) व मिल्वौकी बक्स के जियानिस एंटेटोकोउनम्पो। एजेंसी

### ब्लॉक्स ने चौंकाया किशोरी एंड्रीवा मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन के क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर एक बड़ा उलटफेर कर दिया। ब्लॉक्स करीब दो महीने पहले ही दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल हुए थे। 21 वर्षीय बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर किया है, जिसमें तीसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम भी शामिल हैं। जीत के बाद बात करते हुए, ब्लॉक्स ने माना कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि वे अपने पहले एटीपी 1000 सेमीफाइनल तक पहुंच पाएंगे। महिलाओं के सेमीफाइनल में, मिरा एंड्रीवा ने 30वीं वरीयता प्राप्त हेली बैपटिस्ट के दूसरे सेट में ज़ोरदार वापसी के बावजूद 6-4, 7-6(8) से जीत हासिल की; यह बुधवार को 19 साल की होने के बाद उनके लिए जन्मदिन का एक देर से मिला तोहफ़ा था।

### भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई।** सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में टॉप दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा। ऑस्ट्रेलिया नंबर 1 पर अपना दबदबा बनाए हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुँचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नंबर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फ़ायदा मिला है और वह 119 अंकों पर पहुँच गई है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुँच गया है, और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 23 अप्रैल, 2023 से पहले के नतीजों का वेटेज अब रैंकिंग में शामिल नहीं है। इन नतीजों में न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में मिली जीत, और पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल थी। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फ़ायदा मिला है। वेस्ट इंडीज़, बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे टॉप 10 में शामिल हैं, वहीं आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि में जरूरी मैच नहीं खेले हैं।

# पराग और फरेरा ने राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 225 रनों तक पहुंचाया

## आईपीएल-2026 : खराब शुरुआत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सामने रखा विशाल लक्ष्य

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

पराग ने आठ चौके और पांच छक्के जड़ित 50 गेंद की पारी से अपने आस पास की कई चिंताओं को दूर कर दिया क्योंकि वह इस सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी मैदान पर ही मुश्किल काफी नहीं थीं कि उन्हें डगआउट में 'वेपिंग' करते हुए कैमरे में कैद कर लिया गया जिससे बीसीसीआई ने उन पर 25 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा दिया। इसलिए उन्हें बहुत कुछ साबित करना था और इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में ऐसा करते हुए आईपीएल 2026 में अपना पहला पचासा बनाया।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के डोनोवन फरेरा। एजेंसी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के विकेट जल्दी गंवा दिए। इससे पराग पर काफी दबाव था, उन्होंने और ध्रुव जुरेल (42 रन) ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 59 गेंद में 102 रन की साझेदारी निभाकर इस बड़े स्कोर की नींव रखी। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे फरेरा ने 14 गेंद में दो चौके और छह छक्के जड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सत्र का पहला मैच खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 40 रन देकर तीन विकेट झटके। सूर्यवंशी को काइल जैमीसन ने यॉर्कर गेंद पर आउट किया जबकि जायसवाल भी स्टार्क को रिटर्न कैच दे बैठे। मेजबान टीम ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे।

खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज पराग की स्टार्क के खिलाफ घबराहट साफ झलक रही थी। लेकिन पराग ने छठे ओवर में जैमीसन की जमकर धुनाई की और लगातार छक्का, चौका और छक्का जड़कर आत्मविश्वास हासिल किया। इससे राजस्थान रॉयल्स ने पावर प्ले का अंत दो विकेट 56 रन पर किया। लय में आने के बाद पराग की बल्लेबाजी में भी आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन के खिलाफ कवर्स के ऊपर से 'टेनिस स्टाइल' के फोरहैंड छक्का जड़ दिया। इस तरह पराग ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और जुरेल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। पर जुरेल ने अक्षर पटेल की गेंद को पुल करते हुए सीधे डीप में खड़े ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों में थमा दिया था। उनके जाने के बावजूद पराग रुके नहीं, उन्होंने रविंद्र जडेजा (20) के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई। हालांकि तब कुछ देर के लिए खेल धीमा पड़ गया था, लेकिन पराग ने जैमीसन की गेंदों पर लगातार तीन बाउंड्री लगाकर रन गति को इजाफा दिया, इनमें एक शानदार अपरकट भी शामिल था।

जडेजा के स्टार्क की गेंद का शिकार होने से पहले उन्होंने और पराग ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क ने पराग की पारी का भी अंत कर दिया जो कवर्स के ऊपर से खेलने की कोशिश में सीधे गेंद अक्षर के हाथों में दे बैठे। फरेरा ने फिर उपयोगी योगदान दिया जिसमें उन्होंने स्टार्क की गेंदों पर लगातार एक चौका और एक छक्का भी जड़ा।

### राजस्थान रॉयल्स

**225/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का एवं बो स्टार्क | 06 |
| वैभव सूर्यवंशी बो जैमीसन | 04 |
| ध्रुव जुरेल का स्टब्स बो पटेल | 42 |
| रियान पराग का अक्षर बो स्टार्क | 90 |
| रविंद्र जडेजा का आशुतोष बो स्टार्क | 20 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 47 |
| शुभम दुबे का आशुतोष बो नटराजन | 06 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 09, **विकेट पतन :** 1-6, 2-12, 3-114, 4-167, 5-168, 6-208

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-1, अक्षर 4-0-39-1, कुलदीप 4-0-41-0, नटराजन 4-0-54-1

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### ऑरेंज कैप





- **अभिषेक शर्मा** हैदराबाद -425 रन
- **हेनरिक क्लासेन** हैदराबाद-414 रन
- **वैभव सूर्यवंशी** राजस्थान-404 रन

### पर्पल कैप





- **भुवनेश्वर कुमार** बेंगलुरु-17 विकेट
- **इशान मलिंगा** हैदराबाद-15 विकेट
- **जोफ्रा आर्चर** राजस्थान-14 विकेट

### मैदान से इतर के विवाद टीम के लिए सकारात्मक संकेत नहीं : संगकारा

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा कि मैदान से बाहर की दो घटनाओं के लिए कप्तान रियान पराग और सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य पर लगाए गए जुर्माने से टीम की छवि पर बुरा असर पड़ता है। पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान गुरुवार को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्हें खेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दोषी पाया गया। इससे पहले टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले संगकारा ने कहा मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से टीम पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, फिर चाहे वह किसी भी तरह का विवाद हो। उन्होंने कहा मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और फ्रेंचाइजी ने दोनों ही मामलों पर ध्यान दिया है। जहां तक संस्कृति की बात है, हम हमेशा सकारात्मक और स्वस्थ संस्कृति बनाए रखने की कोशिश करते हैं। हमारे अपने मूल्य हैं जिनका हम पालन करते हैं। खिलाड़ियों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे फ्रेंचाइजी और हमारी संस्कृति और मूल्यों के प्रति जिम्मेदार रहें। बीसीसीआई ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा था कि पराग को दंडित करने के बाद वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। पराग को इस सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है लेकिन वह अभी तक बल्लेबाजी में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन संगकारा ने उनका बचाव किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि उन्होंने कप्तान के तौर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

# फेड कप में हिस्सा नहीं लेने पर प्रतिबंधित हो सकते हैं एथलीट

- **एएफआई ने ठोस वजह बताने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने घोषणा की है कि कोई भी एथलीट जो 22-25 मई तक रांची में होने वाले राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप में प्रविष्टि मिलने के बाद बिना किसी ठोस वजह के शामिल नहीं होता है तो उसे बाद की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

पिछले कुछ साल से एएफआई को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि एथलीट अपनी स्पर्धा के लिए नाम तो दर्ज करवा लेते हैं, लेकिन मुकाबले के दौरान आते नहीं हैं। इसकी वजह शायद यह डर है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी उनका डोप परीक्षण कर सकती है, या फिर कोई और वजह हो सकती है जिसके चलते किसी खास स्पर्धा में बहुत कम एथलीट ही हिस्सा लेते हैं।एएफआई ने फेडरेशन कप के संबंध में हाल में जारी एक सर्कुलर में कहा अगर कोई एथलीट बिना किसी ठोस वजह के प्रविष्टि भेजने के बाद भी मुकाबले में हिस्सा नहीं लेता है तो उसे बाद की किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। महासंघ के पास यह अधिकार है कि वह बिना कोई वजह बताए किसी भी प्रविष्टि को खारिज कर सकता है। इसके अलावा फेडरेशन कप में सिर्फ वही एथलीट हिस्सा ले पाएंगे जिन्होंने इस साल के दौरान एएफआई द्वारा आयोजित कम से कम दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया हो। इस बीच एएफआई ने यह भी कहा कि जिन खिलाड़ियों ने अपनी निलंबन की अवधि पूरी कर ली है, वे अगर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं तो वे उस तारीख से ठीक एक साल पहले की अवधि में हासिल किए गए अपने प्रदर्शन का सबूत जमा कर सकते हैं, जिस तारीख को उन पर यह निलंबन लगाया गया था।

### शॉटगन विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा।

# चीनी ताइपे को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

देश के शीर्षस्थ एकल शटलर लक्ष्य सेन की शानदार वापसी के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की ख्यातिनाम जोड़ी और फिर युवा आयुष शेट्टी के दमदार प्रदर्शन से पूर्व चैम्पियन भारत ने शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे पर 3-0 की निर्णायक बढ़त हासिल की और थॉमस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश के साथ पुरुषों की टीम बैडमिंटन चैम्पयनशिप में पदक पक्का कर लिया।



थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

लक्ष्य की मैच अंक से असाधारण वापसी फोरम होर्सेंस के कोर्ट नंबर दो पर सेमीफाइनल का पहला रबर खेलने उतरे विश्व नंबर 11 लक्ष्य ने दो मैच प्वॉइंट बचाते हुए असाधारण वापसी की और विश्व के छठे नंबर के शटलर चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। 24 वर्षीय लक्ष्य अधिकतर समय तक पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटा 28 मिनट तक खिंची मैराथन कश्मकश में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग भी तीन गेमों के संघर्ष में जीते वहीं सात्विक व चिराग की विश्व नंबर चार जोड़ी ने चियू सियांग चिएह व वांग ची-लिन को एक घंटा 15 मिनट में 23-21, 19-21, 21-12 से हराकर भारत की बढ़त दुगुनी कर दी।

पहला गेम कड़े संघर्ष में जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा गेम गंवा बैठी। लेकिन निर्णायक गेम में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 14 जोड़ी ज्यादा संघर्ष नहीं कर सकी। आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर 8 लिन चुन-यी को स्तब्ध किया

- **थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य और आयुष ने एकल जीते**

> यह यादगार प्रदर्शन वर्ष 2022 में खिताब जीतने के अलावा 1952, 1955 और 1979 में भी कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय टीम के पूर्व कोच विमल कुमार ने इस जीत पर कहा, 'यह यादगार प्रदर्शन है। इससे भारतीय बैडमिंटन में बढ़ते आत्मविश्वास, तैयारी और ताकत का पता चलता है।

भारतीय टीम ने दूसरे एकल में विश्व नंबर 18 आयुष शेट्टी को उतारा और तेजी से उभर रहे इस युवा शटलर अपने शानदार प्रदर्शन से वाहवाही लूट ली।

पिछले ही माह बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे मेंगलुरु के 20 वर्षीय शेट्टी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर काबिज व मौजूदा ऑल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन लिन चुन-यी को सिर्फ 48 मिनट में 21-16, 21-17 से स्तब्ध कर 3-0 की निर्णायक बढ़त के साथ भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की फाइनल में प्रवेश के लिए अब जापान या फ्रांस से टक्कर होगी।

**नेक विचार**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार तेज गेंदबाज ने कहा- 'व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं देते'

# सिर्फ टीम के लक्ष्यों पर ध्यान करता हूं केंद्रित : भुवनेश्वर



**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।

भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई।

भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। भुवनेश्वर ने आगे कहा हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी। गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सके। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

### पुरस्कार जीतने की चाह नहीं

भुवनेश्वर कुमार ने कहा निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए टकराएंगे चेन्नई और मुंबई

**चेन्नई, एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या (बाएं) और चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।

मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।